e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 98
# प्रभात मंत्र
गुरुवार
10.04.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
सकारात्मक सोच के साथ आप हर कठिनाई से बाहर निकलने का रास्ता खोज सकते है!

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ की बैठक

# अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाए : हेमंत

**सीएम ने दिया निर्देश**
- समय सीमा के अंतर्गत छात्रवृत्ति राशि का करें भुगतान
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की परिसंपत्ति पर लोगो लगाया जाए
- गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो इस पर विशेष ध्यान रखी जाए
- सभी मेडिकल कॉलेज एवं देवघर स्थित एम्स अस्पताल में हेलीपैड बनाने की पहल करें
- ब्लड बैंकों की कमियों को दूर करें
- आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की बाधाओं का निराकरण करें
- कृषक पाठशाला में नर्सरी डेवलप करें
- अफीम की खेती हर हाल में रोकी जाए

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ अनुसूचित जनजाति,अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण, कृषि, ग्रामीण विकास एवं गृह विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभागों द्वारा संचालित की जा रही महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी विकास योजनाओं के संचालन में पूरी तत्परता, पारदर्शिता एवं प्रतिबद्धता के साथ तेजी लाने का निर्देश अधिकारियों को दिए।बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला स्तर पर योजनाओं के कार्यान्वयन में गति लाएं ताकि विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं को पहुंचाया जा सके। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों से कहा कि राज्य में विकास की गति को तेज करने में आपसभी की कार्यशैली अहम भूमिका रखती है, ऐसे में आप सभी इस बात का विशेष ख्याल रखें कि योजनाएं तय समय सीमा में पूरी हो, ताकि अधिक से अधिक जनमानस को योजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गर्मी के महीने में आम जनमानस को पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो इस पर विशेष ध्यान रखी जाए। जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो, इस निमित्त शीघ्र कार्य योजना तैयार करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि गर्मी के दिनों में अक्सर जंगलों में आगजनी की खबरें मिलती हैं। जंगलों को संरक्षित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है अतएव आगजनी की समस्या का तत्काल समाधान निकालें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय तथा थाना सरकार का चेहरा होता है। इन कार्यालय में पूरी पारदर्शिता के साथ जमीन की रसीद काटने से लेकर म्यूटेशन के कार्य हो तथा विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र निर्गत करने में शिथिलता नहीं बरती जाए। लोगों का राज्य सरकार के प्रति विश्वास बढ़े इस निमित्त छोटी-छोटी समस्याओं का भी त्वरित निदान सुनिश्चित करें ।

**समय सीमा के अंतर्गत छात्रवृत्ति राशि का करें भुगतानः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्री मैट्रिक की छात्रवृत्ति राशि का भुगतान अध्यनरत छात्र-छात्राओं को निर्धारित समय पर किया जाना सुनिश्चित करें। इस हेतु एक तय समय सीमा के अंतर्गत सत्यापन और भुगतान का कार्य पूरा करें। राज्य सरकार इस बात को लेकर प्रतिबद्ध है कि छात्रवृत्ति राशि हेतु प्राप्त आवेदनों की जांच सत्यापन कर छात्रवृत्ति राशि का भुगतान किसी भी हाल में लम्बित नही रहना चाहिए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने निर्देश दिया कि 8 मई 2025 तक सभी लम्बित छात्रवृत्ति का भुगतान पूर्ण किया जाए। जिला स्तर पर आवेदक छात्र-छात्राओं का सत्यापन एक निश्चित समय सीमा में किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि वन अधिकार अधिनियम 2006 के तथा एससी/एसटी एट्रोसिटी एक्ट के लिए जिला स्तरीय समिति की नियमित बैठक सभी जिलों के उपायुक्त प्राथमिकता के तौर पर करें।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की बाधाओं का निराकरण करें

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी बहुल 386 टोलों में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण के लिए जिलों में राशि उपलब्ध करा दी गई है। सभी जिलों के उपायुक्त निश्चित समय सीमा के अंतर्गत भूमि चिन्हित कर आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण का काम पूर्ण कर लें। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत बनने वाले 945 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भी शीघ्र भूमि उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा राज्य के भीतर 16775 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में अपग्रेड करने का लक्ष्य रखा गया है। इन सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में स्मार्ट टीवी, पेयजल हेतु आरओ की व्यवस्था, बिजली कनेक्शन, शौचालय आदि का उपलब्धता अनिवार्य रूप से करें।

**16775 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में अपग्रेड करने का लक्ष्य रखा गया है।**

**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरकारी कर्मी ब्लड डोनेशन कैंप में बढ़चढ़ कर अपनी भूमिका निभाएं तथा स्वेच्छा अनुरूप रक्तदान करें।**




### कृषक पाठशालाओं में नर्सरी डेवलप करें

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिलों में संचालित कृषक पाठशालाओं में नर्सरी डेवलप करें। कृषक पाठशाला के नर्सरी से किसान जरूरत के अनुरूप फलदार पौधा आदि प्राप्त कर सकें, इसकी व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान बीजों के वितरण की निगरानी के लिए विशेष नियंत्रण कक्ष बनाएं। जिलों में उर्वरक, कीटनाशकों और सीड्स की बिक्री पर भी नजर रखें, कोई इलीगल गतिविधि न हो ,इसका ध्यान रखा जाए।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव कृपानंद झा, सचिव के श्रीनिवासन, सचिव अरवा राजकमल, सचिव मनोज कुमार, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय बरनवाल, निदेशक कृषि कुमार ताराचंद, एम डी, एनआरएचएम अबू इमरान तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के डीसी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सभी जिलों के सिविल सर्जन हेल्थ प्रोफाइल बनाने का कार्य करें

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में 15वें वित्त आयोग के तहत 1117 नए स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण किया जाना है, जिसमें प्रथम चरण में 949 तथा द्वितीय चरण में 168 स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण किया जाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सी0ओ0/सी0आई0 के ब्लॉक स्तरीय समिति द्वारा संयुक्त रूप से स्वास्थ्य उपकेंद्रों के भवन निर्माण हेतु स्थल का चयन कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा हेल्थ सबसेंटरों पर प्राइवेट डॉक्टर्स हायर करने की योजना बनाई गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों का पैनल बनाकर जरूरत के अनुसार इन हेल्थ सेंटर में उनकी सेवा ली जाए ताकि आमजन मानस को इलाज संबंधित सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की यह प्राथमिकता है कि जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सक एवं अन्य चिकित्सा कर्मियों की कमी को दूर कर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज एवं देवघर स्थित एम्स अस्पताल में हेलीपैड बनाने की पहल की जाए। उन्होंने अस्पतालों में स्थापित सभी ब्लड बैंक का एक सर्किट बनाए जाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरकारी कर्मी ब्लड डोनेशन कैंप में बढ़चढ़ कर अपनी भूमिका निभाएं तथा स्वेच्छा अनुरूप रक्तदान करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले तीन माह के भीतर सभी ब्लड बैंकों में खून की पर्याप्त उपलब्धता रहे यह सुनिश्चित करें। खून के लिए मरीजों को जद्दोजहद न करना पड़े, इस निमित्त कार्ययोजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्लड बैंकों का एक पोर्टल बनाया जाए जहां डेटाबेस इनफॉरमेशन उपलब्ध रहे।

## क्विक न्यूज

### पैकेज्ड फूड पर चेतावनी लेबल को लेकर केंद्र तीन महीने में नियम बनाए : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली :** कुरकुरे और मैगी जैसे पैकेज्ड फूड पर जल्दी ही चेतावनी भरे संदेश लिखे हुए मिलेंगे। पैकेज्ड फूड के पैकेट पर चीनी, नमक और सैचुरेटेड फैट आदि की मात्रा या स्तर बताने के लिए एक चेतावनी लेबल होगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार को इस संबंध में तीन महीने में नियम बनाने को कहा है। दरअसल, श्री एस एंड आर हेल्थ सोसायटी नामक संस्था ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर डायबिटीज, हाई ब्लडप्रेशर और जीवनशैली से जुड़ी अन्य बीमारियों का हवाला देते हुए मांग की थी कि पैकेज्ड फूड के पैकेट पर ऐसे लेबल को अनिवार्य बनाना जरूरी है, ताकि उनका सेवन करने वाले उपभोक्ताओं को इसकी सही जानकारी रहे कि वो जो खा रहे हैं कितना नुकसानदेह है। याचिका में मांग की गई थी कि खाद्य पदार्थों के पैकेट के सामने वाले हिस्से में यह लिखा होना चाहिए कि इसमें चीनी, नमक और सैचुरेटेड फैट्स जैसी चीजों की कितनी मात्रा है। याचिका में कहा गया था कि भारत में हर चार में से एक व्यक्ति डायबिटीज का शिकार है। पैकेज्ड फूड में मौजूद तत्व शुगर, हार्ट से लेकर कैंसर जैसी बीमारियों की वजह बन रहे हैं। इस तरह गैर संक्रामक बीमारियों से हर साल देश में लगभग 60 लाख मौतें होती हैं। याचिका में कहा गया था कि इस तरह के खाद्य पदार्थों की जबरदस्त मार्केटिंग की जाती है। इससे प्रभावित लोग खासतौर पर बच्चे इन्हें खरीदते हैं।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अखिलेश यादव से मांगे माफी : सपा

**अमेठी** : दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बीते दिनों समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर अमर्यादित टिप्पणी की थी। इसके विरोध में बुधवार को समाजवादी पार्टी की महिला विंग ने एसडीएम आशीष कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 50 रुपये की वृद्धि पर भी केंद्र सरकार को घेरा है। महिला जिलाध्यक्ष गुंजन सिंह के नेतृत्व में सपा महिला कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने हाथों में चूल्हा और गैस सिलेंडर लेकर नारेबाजी कर केंद्र व दिल्ली सरकार के खिलाफ जमकर विरोध जताया। ज्ञापन में कहा कि घरेलू गैस की कीमतों में बढ़ोतरी से आमजन की रसोई पर असर पड़ा है। पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए यह फैसला बेहद तकलीफदेह है। सपा कार्यकर्ताओं ने मांग की कि गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमत को तत्काल वापस लिया जाए। साथ ही दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपनी टिप्पणी को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव माफी मांगें। अगर वे ऐसा नहीं करती हैं तो सपा कार्यकर्ता आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान प्रवक्ता राजेश मिश्र, महिला कार्यकर्ता राजकुमारी, प्रतिमा, सुदामा, दयावती सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

### बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों ने क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया

**काठमांडू :** बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक में कृषि क्षेत्रों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों का समाधान करते हुए कृषि, पशुधन और मत्स्य पालन में क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। बुधवार को काठमांडू में संपन्न हुई बैठक में शामिल होने के लिए भारत के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित सभी सदस्य देशों के कृषि मंत्री काठमांडू में हैं। नेपाल के कृषि मंत्रालय ने एक बयान में बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक के बारे में बताया कि कृषि सचिव डॉ. गोविंद प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में 8 अप्रैल को बिम्सटेक कृषि सहयोग कार्य योजना (2025-2027) के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करने के साथ ही सदस्य देशों में चल रहे कार्यक्रमों का आकलन किया गया। बैठक के दौरान किए गए प्रमुख समझौतों में एक क्षेत्रीय खाद्य रिजर्व और एक क्षेत्रीय बीज बैंक की स्थापना शामिल है। सदस्य देशों ने कृषि व्यापार और क्षमता निर्माण पहलों को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्धता व्यक्त की। भारत ने कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा स्थापित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। बैठक में पशुधन और मत्स्य पालन में सहयोग के लिए एक नई कार्य योजना को भी मंजूरी दी गई।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

## संविधान पर आक्रमण है वक्फ बिल : राहुल गांधी



एजेंसी

**अहमदाबाद :** गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां दो दिवसीय अधिवेशन चल रहा है। मंगलवार को पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक चार घंटे चली। बुधवार को आखिरी दिन कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में राहुल गांधी ने एक बार फिर से जाति जनगणना को लेकर आवाज उठाई है। राहुल ने कहा है कि वक्फ बिल संविधान पर आक्रमण है।

राहुल गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत में महात्मा गांधी और सरदार पटेल को याद करते हुए कहा, 100 साल पहले महात्मा गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे। 150 साल पहले सरदार पटेल का जन्म हुआ था। गांधीजी, सरदार पटेल ये कांग्रेस पार्टी की नींव हैं। अभी अजय लल्लू ने कहा कि मैं पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, गरीबों के लिए काम कर रहा हूं। राहुल गांधी ने अपने बचपन का किस्सा सुनाते हुए बताया कि मैंने एक बार अपनी दादी इंदिरा गांधी से एक बार एक सवाल पूछा कि दादी मरने के बाद आपके बारे में लोगों को क्या कहना चाहिए? इंदिरा गांधी ने जवाब दिया कि राहुल, मैं अपना काम करती हूं। मरने के बाद लोग मेरे बारे में क्या सोचें, क्या न सोचें मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं सिर्फ अपने काम में दिलचस्पी रखती हूं। अगर पूरी दुनिया मेरे मरने के बाद मुझे भूल भी जाए तो वो भी मुझे मंजूर है। यही मेरी भी सोच है।

राहुल गांधी ने कहा कि, तेलंगाना में हमने एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। हमने जाति जनगणना करायी है। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ महीने पहले, मैंने संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा था कि हमें देश में जाति जनगणना करवानी चाहिए... मैं जानना चाहता था कि इस देश में किसकी कितनी हिस्सेदारी है और क्या यह देश सही मायने में आदिवासी, दलित और पिछड़े समुदायों का सम्मान करता है?

## मुख्यमंत्री धामी ने खेलो मास्टर्स नेशनल चैंपियनशिप के प्रतिभागियों को किया रवाना




एजेंसी

**नई दिल्ली :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से उत्तराखण्ड की टीम को नई दिल्ली में 11 से 13 अप्रैल 2025 तक आयोजित होने वाली चौथे खेलो मास्टर्स नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग के लिए रवाना किया। इस आयोजन में एथलेटिक्स, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, शूटिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और वॉलीबॉल जैसे खेल शामिल होंगे।मुख्यमंत्री ने चौथे खेलो मास्टर्स नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अनेक कार्य हुए हैं। खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हुआ है। प्रधानमंत्री द्वारा खिलाड़ियों का हमेशा उत्साहवर्द्धन किया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य में खेल को बढ़ावा देने के लिए नई खेल नीति में खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा देने के प्रयास किए गए हैं। उत्तराखण्ड में आयोजित राष्ट्रीय खेल में राज्य ने सातवां स्थान प्राप्त किया। उत्तराखण्ड अब खेल भूमि के रूप में भी अपनी पहचान बना चुका है।खेलो मास्टर्स गेम्स फाउंडेशन ऑफ उत्तराखण्ड के उपाध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व में इस वर्ष उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों का दल चौथे मास्टर्स नेशनल गेम्स में प्रतिभाग करेगा। उत्तराखण्ड की फुटबाल टीम में 40, 50 और 60 से अधिक आयु वर्ग की तीन टीमों के खिलाड़ी और एथलेटिक्स में 40 से अधिक आयु और 70 से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ी खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स 2025 में प्रतिभाग करेंगे।इस अवसर पर खेलो मास्टर्स गेम्स फाउंडेशन ऑफ उत्तराखण्ड के संरक्षक प्रेम सिंह बिष्ट, पी सी खंतवाल, सुभाष अरोड़ा, विमल सिंह रावत, सुनील शर्मा अनीश शर्मा, विनेश राणा शरद अग्रवाल, सुरेन्द्र सिंह रावत, छत्रेश कुमार प्रेम प्रकाश पुरोहित और अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

## केंद्रीय कैबिनेट : तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन के दोहरीकरण को मिली मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को कई अहम फैसलों को मंजूरी दी गई। बैठक में रेल लाइन प्रोजेक्ट और बाईपास परियोजना पर कैबिनेट की मुहर लगी। केंद्रीय कैबिनेट ने जीरकपुर बाईपास के निर्माण, तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन के दोहरीकरण और कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) के आधुनिकीकरण को मंजूरी दी है।वहीं कैबिनेट ने हाइब्रिड एन्युटी मोड पर पंजाब और हरियाणा में 1878.31 करोड़ रुपये की लागत से 19.2 किलोमीटर लंबाई वाले 6 लेन वाले एक्सेस कंट्रोल्ड जीरकपुर बाईपास के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना क उद्देश्य पटियाला, दिल्ली, मोहाली एरोसिटी से यातायात को डायवर्ट करके और हिमाचल प्रदेश को सीधा संपर्क देकर जीरकपुर, पंचकूला और आसपास के क्षेत्रों में भीड़भाड़ को कम करना है। वर्तमान प्रस्ताव का उद्देश्य यात्रा के समय को कम करना और एनएच-7, एनएच-5 और एनएच-152 के भीड़भाड़ वाले शहरी खंड में परेशानी मुक्त यातायात सुनिश्चित करना है।



कैबिनेट ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन सेक्शन (104 किमी) के दोहरीकरण को मंजूरी दी, जिसकी कुल लागत 1332 करोड़ रुपये होगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 400 गांवों और लगभग 14 लाख आबादी तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर से कनेक्टिविटी के साथ-साथ, यह परियोजना खंड श्री कालहस्ती शिव मंदिर, कनिपकम विनायक मंदिर और चंद्रगिरी किला जैसे अन्य प्रमुख स्थलों को रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

## जैन धर्म के कार्यक्रम में पहुंचे पीएम मोदी, कहा

# नवकार महामंत्र आस्था का केंद्र

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए. पीएम इस कार्यक्रम में पहुंचे तो उस दौरान उनके पैरों में जूते नहीं थे, प्रधानमंत्री सिर्फ सफेद मोजे में नजर आ रहे थे. पीएम मोदी ने इस कार्यक्रम में शामिल लोगों के साथ नवकार महामंत्र का जाप भी किया.प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम में संबोधन के दौरान नवकार महामंत्र को आस्था का केंद्र बताते हुए कहा कि इसका महत्व सिर्फ आध्यात्मिक नहीं बल्कि यह हर व्यक्ति का आत्म-सुधार और समाज की ओर मार्गदर्शन भी करता है.



उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र सिर्फ मंत्र नहीं है ये हमारी आस्था का केंद्र है. हमारे जीवन का मूल स्वर और इसका महत्व सिर्फ आध्यात्मिक नहीं है. ये स्वयं से लेकर समाज तक सबको राह दिखाता है, जन से जग तक की यात्रा है. इस मंत्र का प्रत्येक पद ही नहीं बल्कि प्रत्येक अक्षर अपने आप में मंत्र है.प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नवकार मंत्र हमें अपने आप पर विश्वास करने की शिक्षा देता है. शत्रु बाहर नहीं है बल्कि हमारे भीतर ही होते हैं. नकारात्मक सोच, बेईमानी और स्वार्थ हमारे सबसे बड़े शत्रु हैं और इन पर विजय प्राप्त करना असली जीत है. जैन धर्म हमें खुद पर विजय प्राप्त करने की प्रेरणा देता है.पीएम ने कहा कि नवकार महामंत्र का ये दर्शन विकसित भारत के विजन से जुड़ता है. मैंने लालकिले से कहा है विकसित भारत यानी विकास भी और विरासत भी. एक ऐसा भारत जो रुकेगा नहीं ऐसा भारत जो थमेगा नहीं. जो ऊंचाई छुएगा लेकिन अपनी जड़ों से नहीं कटेगा.

## वक्फ संशोधन अधिनियम बंगाल में लागू नहीं होगा : ममता

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राज्य में वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू नहीं किया जाएगा. कोलकाता में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि, दीदी यहां हैं, वह अल्पसंख्यक लोगों और उनकी संपत्ति की रक्षा करेंगी.ममता ने कहा,अगर हम साथ हैं, तो हम सब कुछ जीत सकते हैं- हम दुनिया को जीत सकते हैं उन्होंने कहा,मैं जानती हूं कि वक्फ अधिनियम के लागू होने से आप दुखी हैं. भरोसा रखें, बंगाल में ऐसा कुछ नहीं होगा जिससे कोई बांटकर राज कर सके. तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो बनर्जी ने लोगों से अपील की कि वे उन लोगों की बातों पर ध्यान न दें जो उन्हें राजनीतिक आंदोलन शुरू करने के लिए उकसाते हैं.मंगलवार को मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर हुई हिंसा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, बांग्लादेश की स्थिति देखिए, वक्फ विधेयक को अभी पारित नहीं किया जाना चाहिए था.वक्फ संशोधन अधिनियम 8 अप्रैल 2025 से देशभर में लागू हो गया है.

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Rangunia Road, Bhuli, Dhanbad
PR NO. 349815 (IPRD) 25-26

# हैदरनगर में एकादशी को निकली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड सह बाजार मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक रुप में चैत्र मास शुक्ल पक्ष की एकादशी मंगलवार को दूसरे पहर लहराते भगवा ध्वज के बीच जयश्री राम, लाल लंगोटी - लाल निशान....., जय बजरंगी - जय हनुमान....., रामजी की निकली सवारी - रामजी की लीला है न्यारी....., आदि उदघोष के साथ राम मंदिर चौक बजार से रामनवमी की शोभायात्रा सह विसर्जन जुलूस निकाली गई। जिसमें शामिल रामभक्तों ने नाना प्रकार की झांकियों के साथ पूरे उल्लास के साथ नगर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण किया। इससे पूर्व महाबीर मंडल के संरक्षक संतोष कुमार सिंह, अध्यक्ष अभिराज गुप्ता के अलावे डॉ. अजय जयसवाल, उपमुखिया पवन कुमार, नंदलाल प्रसाद, राकेश कुमार, जयनारायण जयसवाल, मनीराज, आशीष मोदनवाल, रंजन मोदनवाल, मंटू मेहता, अर्जुन प्रजापति, सुनील सिंह, सोनू, विजय प्रसाद, रामकुमार, भारद्वाज दास, ओमप्रकाश बाला जी, रामप्रवेश मेहता, संतन चौधरी, दीपक कुमार, अरुण कुमार, आशीष कुमार सहित सैकड़ों युवा रामभक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महावीरी ध्वज का पूजन, हवन कराया। वाहनों की कतारें खेल - तमाशे में लीन सैकड़ों स्थानीय कलाकारों ने नाना प्रकार की झांकियों का प्रदर्शन जुलूस मार्ग में किया। जुलूस व शोभायात्रा में शहर के अलावे समीपवर्ती बुद्धु बिगहा, बगीचा, ब्रह्मस्थान, करीमनडीह, कोईरियाडीह, शिवस्थान आदि जगहों पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह व अजय गुप्ता ने अखाड़ा समिति के सदस्यों की अगुवाई की। उन्होंने सिर में केसरिया पट्टी बांधें महावीरी झंडें के साथ शामिल होकर भक्तिमय वातावरण को राममय किया। ढ़ोल, तासे, सिंघा, नगाड़ा, डमरु, झंझरी, बैंजू की धुन पर कई भक्ति गीतों से देर शाम तक नगर गूंजता रहा। जुलूस चौक बाजार राममंदिर से प्रारंभ होकर बैंक रोड, जवाहर पथ, बस स्टैंड से वापस मेन रोड होते दक्षिण सदाबह नदी स्थित बड़ा शिवालय में विसर्जित किया गया। वहीं सुरक्षा व शांति व्यवस्था में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, सीओ संतोष कुमार, प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ला, एसआई अफजल अंसारी, विवेक कुमार दलबल के साथ सक्रिय रहे।

# सनातनियों में एकता की जरूरत : प्रशांत किशोर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन में हिन्दू सनातनियों का त्यौहार रामनवमी पूजा में कांग्रेस के युवा नेता प्रशांत किशोर ने हिसरा बरवाडीह में रामनवमी पूजा के जुलूस मे शामिल हुए। पूजा कमेटी के सदस्यों ने फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया। जुलूस में हिसरा बरवाडीह ब्राह मोरिया भुड़वा, समेत अन्य गाँव के लोग भगवा झंडा लेकर जुलूस में शामिल हुए। श्री राम के जय घोषित क्षेत्र गंजे मान रहा युवा समाजसेवी आनंद सिंह में भगवा गमछा देकर सभी को सम्मानित किया। मौके पर प्रशांत किशोर ने कहा कि मृदा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्शो को आत्मसम्मान करें।

## दो ट्रकों के बीच में दबकर युवक की दर्दनाक मौत

**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर थाना अंतर्गत महेन्द्रा पेट्रोल पम्प कर्मकला के सामने मैदान में बुधवार की दोपहर ट्रक गाड़ी खड़ा कर लगाने के क्रम में ट्रक से दब कर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पेट्रोल पंप के सामने मैदान में ट्रक चालक अपना ट्रक साइड कर लग रहा था जबकि पहले से भी एक ट्रक उस मैदान पर खड़ी थी इसी दौरान साइड कर लगाने के क्रम में ही दोनों ट्रैकों के बीच में युवक आ गया जहां दब जाने से घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान बंधुडीह उदयगढ़ निवासी विपिन कुमार 25 वर्षीय बताया जा रहा है। वही साइड कर रहा ट्रक चलक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर छतरपुर अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार एवं छतरपुर थाना प्रभारी, छतरपुर पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच कर दबे हुए युवक को बाहर निकाल एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदनीनगर भेज दिया वहीं ट्रक को कब्जे में लेकर हर पहलू पर पुलिस जांच में जुट गई है।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गढ़वा-रंका मुख्य मार्ग पर पूर्णचंद्र चौक के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के साई मोहल्ला निवासी नागेंद्र प्रसाद सिन्हा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नागेंद्र प्रसाद अपने घर से टंडवा की ओर एक स्कूल में किताबें पहुंचाने मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान पूर्णचंद्र चौक के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें गंभीर हालत में सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर टीम दौलत के सदस्य सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। बताया गया कि नागेंद्र प्रसाद सिन्हा, टीम दौलत के अहम सदस्य विवेक सिन्हा के पिता थे। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक और चालक को कब्जे में लेकर थाना ले आई है। वहीं दूसरी ओर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे मोहल्ले में शोक का माहौल है।

# हुसैनाबाद में आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच हुआ स्मार्टफोन का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड के सभागार में झारखंड सरकार के महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से एक सराहनीय पहल के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री आलोक कुमार सिंह उर्फ़ टुटू सिंह, एस.डी.ओ. गौरांग महतो एवं प्रमुख राजकुमारी देवी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए टुटू सिंह ने कहा, आंगनबाड़ी केंद्र हमारे जीवन की प्रथम पाठशाला हैं, जहां बच्चों को न केवल पोषण युक्त भोजन मिलता है बल्कि शिक्षा की बुनियाद भी मजबूत होती है। उन्होंने सेविकाओं से आग्रह किया कि वे अपने कर्तव्यों का समर्पण भाव से निर्वहन करें ताकि क्षेत्र के गरीब बच्चों को प्ले स्कूल की कमी महसूस न हो। कार्यक्रम में हुसैनाबाद एवं हैदरनगर बाल विकास परियोजना की सैकड़ों सेविकाओं को स्मार्टफोन प्रदान किए गए, जिससे अब वे अपने कार्यों को और अधिक डिजिटल, प्रभावी एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कर सकेंगी। इस अवसर पर हुसैनाबाद के बी.डी.ओ. सुनील कुमार, सी.ओ. पंकज कुमार,महिला पर्यवेक्षिका कांति देवी,प्रेमलता कुजूर एवं शोभा कुमारी, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। यह कार्यक्रम न सिर्फ तकनीकी सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि महिला कार्यबल को डिजिटल इंडिया के तहत सशक्त बनाने की पहल भी है।

# सरकारी संस्थाओं में बढ़-चढ़कर युवक-युवतियां हिस्सा लें : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन प्रखंड सभागार में पिरामल फाऊंडेशन गांधी फेलशिप के तहत जागरूकता हेतू कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पाटन बीडीओ अमीत कुमार झा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर जनी चक्रवर्ती, गांधीफेलेशिप फाउंडेशन के अंजलि कुमारी के द्वारा सभागार में नवयुवक युवतियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में बीडीओ अमित कुमार झा के द्वारा पीरामल फाउंडेशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे कार्यक्रम में युवक युवक्तियों को बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के परिवेश को जागरूक करना, जिंदगी को जीने का तरीका बताना। सुदूरवर्ती क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं से वंचित है उन लोगों को मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराना।या लोगो के बीच जानकारियां देना, पिछड़े हुए इलाके के जनजातियों को जागरूक करना। यह गांधी फलेशिप 23 माह का योजना है। इस पीरामल फाउंडेशन के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, आचरण समेत अन्य चीजों के प्रति जागरूकता फैलता है। इसकी शुरुआत राजस्थान के झुंझुनू डिस्ट्रिक्ट से की गई है। बैठक में मौके पर केल्हार मुखिया जैनुल सिद्दीकी, रोहित कुमार रजक,हरेंद्र सिंह, इंदल महतो, पंचायत सचिव पूजा कुमारी अंकिता कुमारी, नंदलाल गुप्ता, समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एसवीएम में स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया.शिविर का शुभारंभ वंदना स्थल पर भारत माता, ओम और मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शैलेन्द्र कुमार, जेनरल फिजिशियन डॉ सरफराज खान और प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से किया. शिविर में कक्षा अरुण से दशम तक के भैया बहनों का स्वास्थ्य व नेत्र जांच किया गया तथा समस्याओं का निदान करने के उपाय बताये गये. डॉ सरफराज खान ने सभी बच्चों का सामान्य परीक्षण जैसे हाथ में पसीना आना, सर्दी-खांसी, बुखार, स्वाद का पता लगाना इत्यादि का निरीक्षण किया और भैया बहनों को कई सावधानियां बताएं जैसे गर्म पानी पीना, समय पर नाश्ता-भोजन करना, मोबाइल का इस्तेमाल कम करना, नेत्र चिकित्सक शैलेंद्र कुमार ने सभी बच्चो का नेत्र जांच किया. बच्चों के आंख से पानी आना, सर दर्द करना, दूर का कम दिखाई देना, नजदीक का समस्या आदि समस्याओं का निदान बताया. उन्होंने बच्चों को कई सावधानियां भी बताया.उन्होंने सभी को हरी सब्जी खाने, गर्म पानी पीने, धूप से बचने, कम रोशनी में पढ़ाई नहीं करने, मोबाइल मोबाइल व टीवी से दूरी बनाए रखने का सुझाव दिया. कार्यक्रम में सभी भैया बहनों ने बड़ी उत्साह पूर्वक भाग लिया. इस शिविर में आचार्य कृष्ण कुमार पांडेय, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नंदलाल पांडेय, अविनाश कुमार, प्रसून कुमार, सुजीत दुबे, कृष्ण मुरारी, दिनेश कुमार, रूपेश कुमार, उमेश कुमार, आरती श्रीवास्तव, नीति कुमारी, प्रियम्बदा, रेणु पाठक, तन्वी जोशी, सलोनी कुमारी, नेहा कुमारी सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## शादी का झांसा देकर आठ वर्षों से करता रहा शारीरिक शोषण, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सतबरवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सतबरवा थाना क्षेत्र के मानासोती निवासी सुजीत कुमार यादव पिता अमलेश यादव को गांव के ही लड़की से आठ वर्षों से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध रखकर विवाह से मुकरने पर थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मानासोती गांव की पीड़िता ने बुधवार को सतबरवा थाना में आवेदन देकर बताया कि मेरे ही गांव के सुजीत कुमार यादव पिता अमलेश यादव पिछले 8 वर्षों से मेरे साथ शादी का झांसा देकर संबंध बनाता रहा। मैं उसे बार-बार शादी के लिए बोल रही थी पर वो हमेशा टाल देता था। आज मुझे थक हार कर प्रशासन से गुहार लगाना पड़ा। वहीं सतबरवा थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने तत्वरित करवाई करते हुए अभियुक्त को कांड संख्या 41/25 दर्ज करते हुए धारा 69 बीएसएन के प्राथमिक अभियुक्त सुजीत कुमार यादव पिता अमलेश यादव मानसोती निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## समस्याओं का होगा त्वरित समाधान : कालीचरण सिंह

### कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चतरा सांसद ने सुनी जनसमस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा (पलामू) :** बुधवार को चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने रबदा पंचायत भवन में कार्यकताओं और आमजनों के साथ बैठक कर जनसमस्याओं को सुना और उनके जल्द समाधान का आश्वासन दिया।बैठक की अध्यक्षता भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो ने किया।बैठक में सांसद का ध्यान क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया गया।रबदा पंचायत समिति सदस्य अरविंद सिंह ने सतबरवा से पलामू किला जाने वाले रास्ते में गुजर रहे नेशनल हाइवे पर अंडरपास बनवाने की मांग रखी वहीं पूर्व पंसस धीरज कुमार ने सहिया और आंगनबाड़ी सेविकाओं की समस्या रखी। धावाडीह उपमुखिया मुधीर साहू ने लोहारा पोखरी में जर्जर पुल के स्थान पर नए पुल निर्माण की मांग रखी। रबदा आंगनबाड़ी केंद्र के जर्जर भवन की समस्या से भी सांसद को अवगत कराया गया। इसके साथ साथ अनेक समस्याओं को सांसद के समक्ष रखा गया। इसपर उन्होंने सभी समस्याओं को त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि खराब स्वास्थ्य के कारण जनता से थोड़ी दूरी हुई थी लेकिन अब आप सबों के बीच रहूंगा और आपके समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहूंगा। मई के पहले सप्ताह में एम्बुलेंस उपलब्ध करवा दिया जाएगा। इससे पहले उन्होंने देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। बैठक में मुख्यरूप से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, रबदा मुखिया शंभू उरांव,धीरज कुमार गुप्ता,सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि जुगल किशोर राम, विजय पाठक, भरदुल सिंह, मुकेश कुमार गुप्ता, गुड्डु सिंह, विकास तिवारी, सोनू सिकंदर, सुधीर कुमार साहू, अरविंद सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## बीमारी से जूझ रहे पुलिस जवान की मौत

# पलामू पुलिस की ओर से पीड़ित परिवार को दिया गया 25 हजार का नगद राशि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला बल के पुलिस जवान नंदकेश्वर राम उम्र 36 वर्ष जो की लगभग एक महीने से बीमार चल रहे थे उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुशार नंदकेश्वर राम का रांची मेदांता अस्पताल से इलाज चल रहा था।जिनको चिकित्सको के द्वारा घर ले जाने के लिए सलाह दिया गया था। इसी बीच बुधवार की सुबह 3:00 बजे उनके पैतृक गांव दरमि पोस्ट बेलचांपा थाना गढ़वा में देहांत हो गया।पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देशानुसार गढ़वा जिला में ही उनका सलामी का कार्यक्रम रखा गया। साथ ही साथ उनके दाह संस्कार के लिए पलामू पुलिस की ओर से तत्काल 25000 का आर्थिक सहयोग किया गया है।नंदकिशोर राम पलामू जिले के हुसैनाबाद में प्रतिनियुक्ति थे उनके एक पुत्र उम्र लगभग 14 वर्ष एवं एक पुत्री उम्र लगभग 11 वर्ष है। वही इस घटना के बाद से पुलिस जवान नंदकेश्वर राम के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उनके अंतिम क्रिया क्रम और सलामी कार्यक्रम में पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष बबलू कुमार, पलामू पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, केंद्रीय सदस्य मोहम्मद इसराइल, अंकेक्षक सुनील कुमार, प्रदेश सहायक महामंत्री लालेश्वर राम एवं गढ़वा जिला के पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित कुमार चौबे पुलिस मेंस, एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि कुशवाहा, सचिव धीरेंद्र कुमार पासवान, उपाध्यक्ष राजू कुमार चंद्रवंशी, द्वितीय उपाध्यक्ष रणजीत कुमार राय, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, केंद्रीय सदस्य प्रकाश कुमार, अंकेक्षक दिनेश राम, कार्यकारी सदस्य विभूति कुमार, विभु साथ-साथ गढ़वा जिला के सार्जेंट मेजर सार्जेंट, एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी गण एवं जवान शामिल थे।

# श्री रामनवमी पूजा महासमिति के तत्वाधान में हुआ पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** श्री रामनवमी पूजा महासमिति महावीर जी मंदिर के तत्वाधान में रामनवमी पूजा संपन्न होने के बाद रामनवमी पूजा महासमिति के संयोजक लोकनाथ केशरी के आवास के पास पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता रामनवमी पूजा महासमिति के संरक्षक आरएसएस जिला संघचालक दिनेश कश्यप ने किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संपर्क प्रमुख आरएसएस उत्तर पूर्व क्षेत्र अनिल ठाकुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएसएस शारीरिक प्रशिक्षण प्रमुख झारखंड प्रांत कुणाल जी, दिनेश कश्यप, लोक नाथ केशरी मौजूद थे। रामनवमी पूजा महासमिति द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर मुख्य अतिथि अनिल ठाकुर ने कहा लोगों को नव वर्ष की बधाई देते हुए मर्यादा पुरूषोतम श्री राम और नव वर्ष पर कई जानकारी दी।उन्होंने कहा की हम सभी को उनके आदर्शों पर चलकर ही अपने देश, समाज, और हिंदुत्व को बचा सकते है, उन्होंने कहा की श्री राम का दिव्य आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे। लोक नाथ केशरी ने कहा की इस शोभा यात्रा में हुसैनाबाद शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के 37अखाड़ा मंडल समिति जुलूस में शामिल हुए थे, इस शोभा यात्रा में कई अखाड़ा मंडलों द्वारा एक से बढ़कर एक झांकी निकाली गई जो जुलूस में काफी शोभा बढ़ाने का काम किया, सम्मान समारोह में शामिल सभी अखाड़ा समिति के लोगो को अंग वस्त्र व तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ. सत्येंद्र कुमार चंदेल, श्रवण अग्रवाल, संतोष कश्यप, राजकुमार कश्यप, सचिन आनंद, विक्कू कश्यप, राहुल केशरी, गौतम पटेल, मुन्ना देव, गौतम कांस्यकार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# अवधेश कुमार सिंह कॉलेज जपला में सेमिनार का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** अवधेश कुमार सिंह कॉलेज, जपला में आज महाविद्रोही राहुल सांकृत्यायन की 132 वीं जयंती के अवसर पर छात्र सेमिनार हुआ, जिसमें लगभग 500 छात्रों ने भाग लिया। इसकी अध्यक्षता परीक्षा नियंत्रक प्रो0 अशोक कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन जंतु विभागाध्यक्ष प्रो0 राहुल कुमार सिंह ने किया। विद्यार्थियों में रिंकी कुमारी, प्राजक्ता कुमारी, और रौशन सिंह ने राहुल जी के व्यक्तित्व एवं विचार पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष - सह - एकेडमिक इंचार्ज डॉ0 राम सुभग सिंह ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन लगभग 30 भाषाओं के जानकार थे और उन्होंने दर्शनशास्त्र, इतिहास, पुरातत्व, जीवनी, उपन्यास, विज्ञान आदि ज्ञान की हर शाखा में अपनी लेखनी के माध्यम से योगदान किया है। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेकर ये अनेक बार जेल भी गये। जेल में ही इन्होंने वोल्गा से गंगा, वैज्ञानिक भौतिकवाद, तुम्हारी क्षय, दिमागी गुलामी जैसी क्रांतिकारी रचनायें की। केदारनाथ पांडे सनातनी धर्म में जन्म लेकर बाद में आर्य समाजी बने, फिर बौद्ध धर्म में दीक्षित होकर राहुल सांकृत्यायन बने और अंततः मार्क्सवाद को मानव - मुक्ति का दर्शन मानकर कम्युनिस्ट हो गये। राहुल सांकृत्यायन नास्तिक एवं भौतिकवादी थे और इन्होंने ईश्वर, आत्मा, कर्मवाद, पुनर्जन्म, भूत-प्रेत, ज्योतिष और चमत्कार का खंडन किया। राहुल जी ने जीवन भर किसानों, मजदूरों एवं आम आदमी के पक्ष में संघर्ष किया। यह भारतीय नवजागरण के अग्रदूत हैं। इस मौके पर प्रो0 रेखा कुमारी सिंह, प्रो0 राजेश कुमार सिंह, डॉ0 शिव कुमार विश्वकर्मा, लेखापाल ओम प्रकाश सिंह, विवेक कुमार, प्रिंस कुमार सिंह, प्रधान लिपिक अखिलेश कुमार सिंह भी मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन आइ0 क्यू0 ए0 सी0 समन्वयक प्रो0 अरुण कुमार सिंह द्वारा किया गया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

## भगवान महावीर जयंती आज, मांस, मछली और वधशाला रहेगा बंद

**रांची।** भगवान महावीर जयंती के अवसर पर 10 अप्रैल 2025 रांची नगर निगम क्षेत्र में मांस, मछली, मुर्गा इत्यादि की सभी दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहेंगी। इस संबंध में रांची नगर निगम द्वारा सख्त आदेश जारी किया गया है। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। रांची नगर निगम द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि, 10.04.2025 को भगवान महावीर जयंती के शुभ अवसर पर रांची नगर निगम क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मांस, मछली, मुर्गा इत्यादि की दुकानें वधशाला पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। साथ ही क्रय-विक्रय भी बंद रहेगा। 10 अप्रैल को जो भी मांस, मछली, मुर्गा इत्यादि की बिक्री करते हुए पाएं जायेंगे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।जबकि निगम क्षेत्र में मांस, मछली खुले में बेचा जाता है, और वधशाला है नहीं, फिर भी रांची नगर निगम विज्ञापन के माध्यम से वधशाला की जानकारी देती है, जबकि 2005 से वधशाला पूर्णरूप से प्रतिबंधित है।

## राज्यपाल से केनरा बैंक ऑफिसर्स ऑर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को केनरा बैंक ऑफिसर्स ऑर्गेनाइजेशन का एक प्रतिनिधिमंडल ने संगठन महामंत्री नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधियों ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े अधिकारी न केवल अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं, बल्कि समाज सेवा में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# मंत्री ने स्कूल का किया औचक निरीक्षण, छात्राओं से किया संवाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने बुधवार को राजधानी रांची के जेल मोड़ स्थित राजकीय पिछड़ी जाति प्लस टू आवासीय बालिका उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों, छात्राओं की उपस्थिति, भोजन, आवासीय सुविधा, पुस्तकालय और सुरक्षा व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। इस दौरान मंत्री ने विद्यालय प्रबंधन समिति एवं छात्राओं से सीधा संवाद किया और उन्हें झारखंड सरकार की विभिन्न शैक्षणिक एवं कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आप सभी को अच्छे से पढ़ना है, डॉक्टर, इंजीनियर बनना है। अब वह सोच नहीं रहेगी कि लड़कियां बस शादी



करके किसी और के घर चली जाएंगी। हर क्षेत्र में आज महिलाएं पुरुषों के बराबर खड़ी हैं। इस मौके पर मंत्री ने विद्यालय परिसर में ही नवनिर्माणाधीन बालिका छात्रावास भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्राओं के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और आधुनिक आवासीय व्यवस्था शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार छात्राओं की हर शैक्षणिक जरूरत‌जैसे कि किताबें, ड्रेस, हॉस्टल, स्कॉलरशिप और करियर गाइडेंस की पूर्ति के लिए कटिबद्ध है, लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं का उद्देश्य है कि छात्राएं बेहतर प्रदर्शन करें और अपने घर-समाज और राज्य का नाम रौशन करें। राज्य सरकार शिक्षा के माध्यम से समाज के पिछड़े वर्गों, विशेषकर बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। यह औचक निरीक्षण उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे सरकार की योजनाओं के जमीनी प्रभाव का आकलन हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे सामाजिक समानता और समावेशी विकास संभव है। भविष्य में ऐसे विद्यालयों और छात्रावासों की संख्या एवं गुणवत्ता में और सुधार लाया जाएगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना का चाहिए लाभ तो नगर निगम में जमा करें आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन मांगे गए हैं समय पर जमा कर दें। निगम ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार द्वारा देशभर में शहरी गरीबों को आवासीय सुविधा प्रदान करने हेतु शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 को 1 सितम्बर 2024 से लागू कर दिया गया है। योजना की अवधि वर्ष 2024 से 2029 तक निर्धारित की गई है। इस योजना के अंतर्गत राँची नगर निगम क्षेत्र में पात्र लाभार्थियों से लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। राँची नगर निगम कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, वे सभी आवासहीन परिवार जो नगर निगम क्षेत्र में निवास करते हैं और जिनके पास देश में कहीं भी पक्का मकान नहीं है, इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

**पात्रता की प्रमुख शर्तें :** आवेदक के परिवार में केवल पति, पत्नी एवं



अविवाहित बच्चे ही शामिल माने जाएंगे।परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर देश में कहीं भी पक्का मकान नहीं होना चाहिए।आवेदक की वार्षिक पारिवारिक आय 3 लाख से कम होनी चाहिए।आवेदक 1 सितम्बर 2024 से पूर्व नगर निगम क्षेत्र का निवासी हो। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज़: आधार कार्ड (मोबाइल नंबर से लिंक होना आवश्यक) पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, जमीन से संबंधित दस्तावेज (खतियान, डीड, वंशावली, अद्यतन लगान रसीद),आय प्रमाण पत्र (अंचल कार्यालय से निर्गत), बैंक पासबुक की छायाप्रति, पासपोर्ट आकार का फोटो और निर्माण स्थल पर लिया गया पारिवारिक फोटो, शपथ पत्र (यह प्रमाणित करते हुए कि पूरे भारत में पक्का मकान नहीं है), जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)

**आवेदन जमा करने का समय, माध्यम:** इच्छुक आवेदक अपने आवेदन निम्न समय में राँची नगर निगम के प्रधानमंत्री आवास योजना कोषांग में जमा कर सकते हैं:प्रातःकालः 08:00 बजे से 11:00 बजे तक, संध्याकालः 04:00 बजे से 07:00 बजे तक, साथ ही, इच्छुक लाभार्थी ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद आवेदन का प्रिंटआउट लेकर सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ निगम कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत लाभार्थी केवल एक ही घटक का लाभ ले सकते हैं। अतः पूर्व में योजना का लाभ ले चुके लाभार्थी पुनः आवेदन के पात्र नहीं होंगे।

# आरपीएफ की नन्हे फरिश्ते टीम ने चार बच्चों को बचाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची मंडल में आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार द्वारा निर्देशित नन्हें फरिश्ते टीम बच्चों को बचाने हेतु कार्यरत है‌ 08.04.25 को नन्हे फरिश्ते टीम और आरपीएफ पोस्ट रांची द्वारा रांची रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर 2 पर 04 नाबालिग लड़के खड़े हुए पाए गए। इन लड़कों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम 1. नितेश सिंह (आयु-14 वर्ष), पिता- रामदेव सिंह और सरिता देवी, 2. धीरमदेव सिंह (आयु-15 वर्ष), पिता- रविंद्र सिंह और बसमती देवी, 3. सनोज सिंह (आयु-15 वर्ष), पिता- कामेश्वर सिंह और जगमणिया देवी, 4. बृजलाल सिंह (आयु-16 वर्ष), पिता- राजेन्द्र सिंह और प्रमिला देवी और चारो ने अपना पता निवासी- गांव बिछलझाप, पोस्ट- मटलोंग, थाना- मणिका, जिला- लातेहार (झारखंड) बताया इन लड़कों से आगे पूछताछ करने पर बताया कि वे कर्नाटक जा रहे थे, जहां उन्हें अनानस के खेतों में मजदूरी करने के लिए काम पर लगाया जाना था। चूंकि वे सभी नाबालिग थे, इस तरह के काम के लिए सक्षम नहीं थे, अतः उन्हें बचा लिया गया। सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद इन लड़कों को चाइल्डलाइन रांची के हवाले कर दिया गया, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नामः-महिला निरीक्षक एस. पन्ना, उपनिरीक्षक सुनीता तिर्की , स्टाफ सरोज तिर्की तथा रीना यादव।

# झारखंड में टेंडर प्रक्रिया अब केवल एक औपचारिकता बनकर रह गया है : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में टेंडर प्रक्रिया अब केवल औपचारिकता मात्र रह गई है। कहा कि भवन निर्माण विभाग ने सिमडेगा में लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से कोल्ड स्टोरेज निर्माण के लिए 5 अप्रैल को टेंडर जारी किया, और महज दो दिन बाद, 7 अप्रैल को निविदा खोलने की तिथि तय कर दी। गौर करने वाली बात यह है कि 6 अप्रैल को रामनवमी का पर्व था और रविवार की छुट्टी भी... ऐसे में किसी भी इच्छुक संवेदक के लिए केवल एक दिन में आवश्यक दस्तावेज तैयार करना और निविदा प्रक्रिया में शामिल होना



लगभग असंभव है। कहा कि यह पूरी प्रक्रिया संदेह के घेरे में है और ऐसा प्रतीत होता है कि टेंडर पहले से ही किसी खास वर्ग या चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से तय किया गया था। मैं पहले भी कई बार यह मुद्दा उठा चुका हूं कि अधिकांश टेंडर पहले से फिक्स होते हैं, जिससे घटिया निर्माण कार्य और भ्रष्टाचार को खुला बढ़ावा मिल रहा है। कहा कि उपायुक्त सिमडेगा इस टेंडर को तत्काल निरस्त कर निष्पक्ष, पारदर्शी और सभी इच्छुक प्रतिभागियों को समान अवसर देने वाली प्रक्रिया के तहत पुनः जारी किया जाए, ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके और गुणवत्ता से समझौता न हो।

# सफाई कर्मचारियों साथ एनएसयूआई ने मनाया 55 वां स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस पार्टी का छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ़ इंडिया (एनएसयूआई) का स्थापना दिवस बुधवार रांची में सफाई कर्मचारियों साथ मनाया गया। राष्ट्रीय संयोजक आरुषी वंदना ने सफाई कर्मचारियों को भोजन, पानी एव मिठाई का वितरण किया एव एनएसयूआई को नए आयाम तक पहुंचाने का संकल्प लिया। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 9 अप्रैल 1971 को केरल छात्र संघ और पश्चिम बंगाल छात्र संघ परिषद को मिलाकर एनएसयूआई छात्र संगठन की स्थापना की थी. तब से हर वर्ष 9 अप्रैल को एनएसयूआई का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस दौरान



उन्होंने इंदिरा गांधी को याद करते हुए कहा कि 1971 में देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा स्थापित यह संगठन पांच दशकों से छात्र राजनीति में है और देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। यह संगठन एक प्रेरणादायी स्तम्भ के रूप में कार्यरत है. एनएसयूआई ने छात्र अधिकारों के लिए, अपनी उत्कृष्ट लड़ाइयों के जरिए शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सुधार किए हैं और छात्रों की आवाज को मजबूती प्रदान की है।

# वेंकटेश्वर मंदिर के वार्षिकोत्सव की तैयारियां शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के रातू रोड वेंकटेश्वर मंदिर संचालन समिति की बैठक बुधवार को कार्यकारी अध्यक्ष राम अवतार नारसरिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कहा गया कि भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर को रांची में स्थापित हुए 18 वर्ष पूरे हो रहे हैं। बैठक में समिति ने मंदिर का 18वां वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। समिति ने कहा कि वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव 18 से 20 जुलाई तक मनाई जाएगी। इस अवसर पर



महालक्ष्मी और माता भूदेवी के साथ भगवान का कल्याणोत्सव दाक्षिणात्य पद्धति से होगा। इसके पहले भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश संग माता श्रीदेवी और श्रीभूदेवी पालकी पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिये निकलेंगे और भक्तों को उनके दरवाजे तक जाकर दर्शन देंगे। समिति की ओर से मंदिर में हनुमानजी और गरुड़जी को प्रतिष्ठापित करने का निर्णय लिया गया। भक्त हनुमानजी गर्भगृह के दाहिने तरफ और पक्षीराज श्रीगरुड़ गर्भगृह के बाएं तरफ विराजमान होंगे।मूर्ति निर्माण के लिए कारीगर को आंध्र प्रदेश के तिरुपति ये बुलाया गया है और जल्दी ही मूर्ति निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। हनुमानजी और गरुड़जी की प्रतिष्ठा मंदिर के वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव के समय होगी। बैठक में अनूप अग्रवाल, नारायण प्रसाद जालान, रमेश धरनीधरका, ओमप्रकाश केजरीवाल, रामवृक्ष साहू, मुरारी लाल मंगल, संतोष कुमार मोदी और विनय धरनीधरका उपस्थित थे।

# ठेकेदारों को भुगतान नहीं कर रहा पेयजल विभाग, चेंबर से मांगी मदद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पेयजल और स्वच्छ,ता विभाग ठेकेदारों को भुगतान नहीं कर रहा है। इससे ठेकेदारों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट पैदा हो गई और वे बैंक डिफॉल्टर हो गए हैं। इसे लेकर ठेकेदारों ने बुधवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स से हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है। राज्य के विभिन्न जिलों में कार्यरत कलस्टर सिंगल विलेज योजनाओं के कार्य में लगे ठेकेदारों चेंबर के पदाधिकारियों से मुलाकात की और बताया कि उन्हें पिछले 14 माह से भुगतान नहीं




किया गया है। ठेकेदारों ने कहा कि आर्थिक समस्या के चलते गर्मी में सरकार की हर घर नल जल योजना भी प्रभावित हो सकती है। अधिकांश ठेकेदार 10 करोड़ रुपए से अधिक के कर्ज में हैं। मामले में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने जल्द ही इस मुद्दे पर विभाग से बात करने को लेकर आश्वासन दिया। साथ ही इस मामले में मुख्य सचिव से भी ठेकेदारों के बकाये की भुगतान के लिए जल्द पहल करने का आग्रह किया। मौके पर चेंबर अध्यक्ष ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि ठेकेदारों के प्रयास के बावजूद इस मामले में बातचीत के विभाग के अधिकारी केवल असमर्थतता जताते हैं।साथ ही अधिकारी ठेकेदारों को पुलिस बुलाकर कार्यालय से बाहर कर देने तक की बात करते हैं। चैंबर अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों के इस व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए जल्द ही इस मामले में विभागीय मंत्री से मिलकर बातचीत करने का आश्वासन दिया। मौके पर चैंबर के सह सचिव विकास विजयवर्गीय, ठेकेदार प्रभात कुमार, अनिल कुमार, शिवम कुमार, बिजय कुमार, बसंत कुमार, हरिष शर्मा, नीलांब कुमार, अनंत सिन्हा सहित अन्नु मौजूद थे।

# अस्तित्व फाउंडेशन के सौजन्य से ब्लड डोनेशन कैंप का सफल आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सदर अस्पताल के प्रांगण में अस्तित्व फाउंडेशन के सौजन्य से एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में कुल 30 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा। शिविर के दौरान अस्तित्व फाउंडेशन की डायरेक्टर डॉ. कृति श्रीवास्तव माजी स्वयं मौके पर मौजूद रहीं और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ‘‘रक्तदान एक महान कार्य है और इससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है। फाउंडेशन हमेशा समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। इस अवसर पर मुख्यरूप से सोशल एक्टिविस्ट अतुल गेरा, सोमवित माजी नंदकिशोर सिंह चंदेल, नदीम खान, इफ्तखार खान, राहुल कुमार, गौरव सिंह, इरशाद खान, दानिश मालिक, वसीम रजा, लखन सौम्य, प्रेम



प्रतीक, अमित माजी, विवेक सिंह एवं अस्पताल प्रशासन फाउंडेशन की टीम ने मिलकर शिविर को सफल बनाने में योगदान दिया। अस्तित्व फाउंडेशन समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्यों को जारी रखेगा।

## ग्रामीणों ने चोरों की बाइक और पिकअप वैन को किया आग के हवाले

**रांची :** रांची के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के पतरातू गांव में बैटरी चोर गिरोह के पिकअप वैन और दो बाइक को आग के हवाले करने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात चार से पांच की संख्या में चोर पतरातू गांव में स्थित एक मोबाइल टावर का बैटरी चुराने के लिए पहुंचे थे। बैटरी टावर से खोलने के दौरान ही कुछ ग्रामीण नींद से जाग गए, जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया तो चोर अपने वाहन वहीं छोड़कर फरार हो गए।

# विधायक सीपी सिंह ने की डीजीपी से किया मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** कांके में अनिल महतो टाईगर हत्याकांड के मुख्य आरोपी के उद्भेदन एवं अलग-अलग स्थानों में बढ़ी आपराधिक घटनाओं को लेकर प्रदेश विधायक सीपी सिंह के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल पुलिस मुख्यालय में जाकर डीजीपी अनुराग गुप्ता से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने विधि व्यवस्था पर सवाल उठाया है. प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि झारखंड में अपराधी बेलगाम हो गये हैं. संगठित अपराधियों में पुलिस का भय खत्म हो चुका है. इसकी वजह से लोगों का विश्वास पुलिस पर से उठता जा रहा है.विधायक सीपी सिंह ने कहा कि रांच जिले में दिनदहाड़े



हत्या, चोरी डकैती,दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं. हाल में ही कांके में भाजपा नेता अनिल महतो टाईगर की दिन दहाड़े नृशंस हत्या कर दी गई.एक अपराधी के पकड़े जाने के बाद भी मुख्य आरोपी का उद्भेदन नहीं हुआ है उसके दूसरे दिन ही रवि स्टील में भूपल साहू की गला रेत कर हत्या कर दी गई. उनके मुताबिक डीजीपी ने बताया है कि अनिल महतो टाईगर के हत्याकांड का अनुसंधान चल रहा है जल्द ही अपराधी का खुलासा कर दिया जाएगा।राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने इस बात पर चिंता जताई कि राजनीतिक कार्यकर्ताओं खासकर भाजपा के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है. इन सारी बातों से डीजीपी को अवगत कराया गया है. उन्होंने उम्मीद जताई है कि पुलिस उनकी मांगों को गंभीरता से लेगी और आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाएगी. प्रतिनिधिमंडल में विधायक सीपी सिंह, सांसद आदित्य साहू,हटिया विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व मंत्री भानुप्रताप शाही, जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज,पूर्व विधायक समरी लाल, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन,भाजपा नेता शशिभूषण भगत, प्रीतम साहू,अनिल महतो टाईगर के भाई अनुज कुमार महतो आदि मौजूद थे।

# झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मंत्री सुदिव्य से मिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मिले। प्रतिनिधि मंडल ने झारखंड आंदोलनकारियों के राजकीय मान सम्मान, अलग पहचान ,रोजी रोजगार एवं नियोजन की गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी को सम्मान पेंशन राशि देने, झारखंड आंदोलनकारी कॉरिडोर ,झारखंड आंदोलनकारी कल्याण बोर्ड ,झारखंड आंदोलनकारी कल्याण कोष का गठन करने व आंदोलनकारियों को मेडिकल की सुविधाएं देने वगैरह की मांग की। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने के मामले में कैबिनेट में सर्व समिति निर्णय लेगी। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए, कहा कि फर्जी आंदोलनकारियों के चिह्नितीकरण कार्य रोका जाना चाहिए। गलत लोगों का झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित होने से दिल में बड़ा दुख होता है। यह राज्य झारखंड



आंदोलनकारियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान के बाद बना है ऐसे में फर्जी लोगों के झारखंड आंदोलनकारी बन जाने से अच्छा संदेश राज्यहित में नहीं जाता है। उन्होंने कहा कि मैं अपने 35 साल के राजनीतिक वह आंदोलन के क्रम में जिसे कभी आंदोलन करते देखा नहीं वैसे लोगों का नाम चर्चा में आना दुर्भाग्य पूर्ण लगता है। इसलिए सही आंदोलनकारी छूटे नहीं और गलत आंदोलनकारी जुटे नहीं इस बात की गारंटी आंदोलनकारी संगठन स्वयं तय करें। प्रतिनिधि मंडल में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, केंद्रीय कोषाध्यक्ष सरोजिनी कच्छप, जिला संयोजक सुजीत कुमार राम एवं महानगर संयोजक पुष्पा बरदेवा प्रमुख थे।

# झामुमो के संविधान संशोधन समिति की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में बुधवार को पार्टी के संविधान संशोधन समिति की बैठक हुई। बैठक में पार्टी के 13वें केंद्रीय महाधिवेशन में पेश होने वाले पार्टी के संविधान संशोधन के बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। उल्लेखनीय है कि झामुमो का महाधिवेशन 14 और 15 अप्रैल को होगा। महाधिवेशन में पार्टी के संशोधन किया जाएगा। इसे लेकर




संविधान संशोधन समिति की बैठक में चर्चा की गई। साथ ही समिति ने पार्टी के कई प्रावधानों पर चर्चा की। साथ ही पार्टी के संगठन को और धारदार बनाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में संविधान संशोधन समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय, फागु बेसरा, सुदिव्य कुमार, योगेंद्र प्रसाद, अभिषेक प्रसाद और विजय कुमार हांसदा शामिल हुए।

## त्यौहारों को बेहतर ढंग से कराने के लिए जेएलकेएम नेता समुन्दर पाहन ने सभी का आभार जताया

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इस बार सभी त्यौहार आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाया गया। इसके लिए झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़ाह समाज ओरमांझी के अध्यक्ष एवं जेएलकेएम नेता सह खिजरी विधायक प्रत्याशी समुन्दर पाहन ने सभी का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि इस वर्ष 2025 में रांची जिला में होली,ईद,सरहुल चैती दुर्गा पूजा और रामनवमी जैसे त्योहारों को सभी धर्मों के लोगों ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर सामाजिक सौहार्द के साथ मनाया। इन पर्वों के दौरान,रांची प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक तैयारियां की, जिसमें दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती,शांति समिति की बैठकें,और सोशल मीडिया पर निगरानी शामिल रही। साफ सफाई और प्रकाश व्यवस्था का विशेष इंतजाम भी किए गए। होली के रंगों ने जहां सभी समुदायों को एक साथ जोड़ा,वहीं ईद में विभिन्न धर्मों के लोग आपसी भाईचारे के साथ शामिल हुए। सरहुल,जो आदिवासी समुदाय का प्रमुख प्रकृति पर्व है,में भी शोभायात्राओं और उत्सवों में अन्य समुदायों की भागीदारी देखी गई। चैती दुर्गा पूजा एवं रामनवमी के अवसर पर भी प्रशासन की सतर्कता और लोगों के सहयोग से शांति और उल्लास के साथ जुलूस और पूजा संपन्न हुई। वरीय पुलिस अधीक्षक रांची ने त्योहारों को सौहार्द तथा आपसी भाईचारे से मनाने की अपील की थी, जिसे लोगों ने स्वीकार किया। इस तरह सभी धर्मों के लोगों ने एक-दूसरे के पर्वों का सम्मान करते हुए, प्रशासन के सहयोग से इन त्योहारों को प्रेम और एकता के साथ मनाया।जो सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बना। इन सभी पर्वों के सफल,शांतिपूर्ण एवं भव्य आयोजन में प्रिंट मीडिया,इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया तथा पोर्टल मीडिया की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। इन माध्यमों ने सामाजिक समरसता, सौहार्द,जनभावना एवं सांस्कृतिक एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निष्ठा, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ किया। सभी पत्रकार बंधुओं का मेरी पार्टी हृदय से आभार एवं सम्मानपूर्वक धन्यवाद करती हैं।इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासन के सभी पदाधिकारियों,कर्मियों व चिकित्सा व्यवस्था में लगे सभी डाक्टरों एवं पारा कर्मियों,विद्युत विभाग के सभी कर्मचारियों को भी धन्यवाद और बधाई जिन्होंने पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य का निर्वाहन करते हुए इन सभी पर्व के बेहतरीन संपादन कराने में अपना अद्वितीय सहयोग दिया।



## विहिप-बजरंगदल एवं दुर्गावाहिनी के तत्वाधान में मना श्रीराम जन्मोत्सव



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विहिप सह बजरंगदल व दुर्गावाहिनी के द्वारा बुधवार को खलारी प्रखंड के बुकबुका पंचायत मे श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। मौके पर उपस्थित खलारी प्रखंड दुर्गावाहिनी संयोजिका सुनीता महतो एवं चुरी पश्चिमी संयोजिका नीरा देवी ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवनी को बताया। साथ ही उनका आचरण सभी सनातन धर्म प्रेमियों को अपने जीवन मे लाने की बात कही। वहीं रांची जिला संयोजक बिनोद विश्वकर्मा ने अपना संबोधन मे कहा की समाज मे बदलाव लाने के लिए छोटी छोटी बैठक के माध्यम से सम्भव होगा क्योंकि श्री राम जी के जीवन काल को समझने से ही बदलाव का रास्ता खुलेगा। उन्होने बताया कि संगठन के द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम करना तय हुआ है। इस अवसर पर मेहक कुमारी, रितिका, पीहू, अंजली, चांदनी, ब्यूटी, सिमरन, रेणु, अंकिता, प्रेरणा, अनिता सिंह, नीरा देवी, किशन राम, अमित कुमार, अजय राम, दीपक सहित अन्य उपस्थित थे।

## अंबेडकर जयंती को लेकर बैठक आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब मे गुरूवार 10 अप्रैल को शाम 6ः00 बजे कोल इंडिया एससी एसटी इम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा की बैठक आयोजित की गई है।इसकी जानकारी देते हुए सिस्टा के पिपरवार क्षेत्रिय सचिव कामेश्वर राम ने बताया कि बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पिपरवार में 14 अप्रैल को भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।बैठक में क्षेत्र के सभी लोगों से उपस्थित होने की अपील की गई है।

### हरिहरपुर जमटोली पंचायत भवन में हुई साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक

# हर पंचायत भवन में संचालित हों प्रज्ञा केंद्र, लापरवाही पर होगी कार्रवाई : बीडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जमटोली पंचायत भवन में बुधवार को साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे बीडीओ राहुल उरांव ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में नियमित रूप से प्रज्ञा केंद्र का संचालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि प्रज्ञा केंद्र संचालन में लापरवाही बरतने वालों पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने कहा कि ग्रामीणों को बैंकिंग, आधार अपडेट समेत कई जरूरी सेवाओं के लिए प्रज्ञा केंद्र पर निर्भर रहना पड़ता है। यदि पंचायत भवनों में ये सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी, तो ग्रामीणों को भारी असुविधा होगी और विकास कार्यों में भी बाधा उत्पन्न होगी। बैठक में मनरेगा योजनाओं की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने मानव दिवस सृजन, योजनाओं की पूर्णता और एमआईएस में समय पर अपडेट करने पर जोर दिया।



रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन सहित सभी प्रमुख बिंदुओं में सुधार लाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना पर बात करते हुए बीडीओ ने कहा कि इसके तहत शत-प्रतिशत सर्वेक्षण कार्य जल्द पूरा किया जाए और लाभुकों को समय पर आवास प्रदान कर जानकारी साझा की जाए। साथ ही मनरेगा से जुड़े सभी आवासों के लिए डिमांड बनाना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम में मनरेगा के तहत कम से कम पाँच योजनाएं चलाई जाएं तथा प्रत्येक पंचायत से 100 मजदूरों की डिमांड के साथ कार्य संचालित किए जाएं, ताकि मानव दिवस सृजन का लक्ष्य पूरा हो सके। पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया ने बैठक में बीडीओ समेत अन्य अधिकारियों का स्वागत किया और पंचायत क्षेत्र में चल रही योजनाओं की जानकारी दी। बीडीओ ने मौके पर सेवन रजिस्टर सहित सभी योजनाओं से संबंधित अभिलेखों की जांच की और जिन पंचायतों में कमियां पाई गई, उन्हें एक सप्ताह के भीतर सुधारने का निर्देश दिया। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनिष्ठ अभियंता, दुर्गा टाना भगत, सुरेश लिंडा, अभय आशीष कोया, महादेव लकड़ा, भारत स्वांसी सहित सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, लाभुक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बारीडीह मे वीर बजरंग मेला का भव्य आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** ओरमांझी रामनवमी पुजा समिति सह वीरबजरंग मेला समिति बारीडीह के द्वारा सरना मैदान में मंगलवार को अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का शुभारंभ अखाड़ा पुजा के बाद किया गया। अखाड़ा पुजा पुरोहित रामाकांत मिश्र और पुजारी लोटन महतो के द्वारा श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना कर किया। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद आदित्य साहु, उद्घाटन कर्ता पुर्व सांसद रामटहल चौधरी, जिप सदस्य सरिता देवी, पुर्व प्रभारी प्रमुख जयगोविंद साहु, उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता के द्वारा महावीर मंडल के खिलाड़ियों के बीच पुरुस्कार का वितरण किया। मेला आयोजन समिति के द्वारा प्रथम पुरस्कार 3 हजार 5 सौ और टॉफी, द्वितीय पुरस्कार 2 हजार 5 सौ और टॉफी एवं तृतीय पुरस्कार 15 सौ रुपए और टॉफी जबकि संतवना पुरस्कार के रूप में तलवार देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को खेल मे बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को भी व्यक्तिगत पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## पंडरी पंचायत भवन में राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत दो दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु दो दिवसीय शिविर का आयोजन 9और 10 अप्रैल तक पंडरी पंचायत भवन में किया गया है ,इस में शिविर में राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु 86 वरिष्ट नागरिकों का जांच एवं पंजीकरण किया गया है। इस शिविर में



व्हील चेयर, वॉकिंग स्टीक, कान की मशीन, वॉकर, कमर बेल्ट, घुटना बेल्ट, इत्यादि सहायक उपकरण जांच एवं पंजीकरण के बाद निशुल्क वितरण किया जाएगा, शिविर आयोजनकर्ता जयनाथ भगत ( मुखिया पंडरी पंचायत),रफत परवीन (पंचायत समिति सदस्य पंडरी), अफरोज अंसारी (दिव्यांग समाजसेवी) के द्वारा शिविर आयोजन किया गया है,इस शिविर में दीप्ति आसरा रांची के चंद्रमौली पाण्डेय, इस शिविर को सफल बनाने में अफसर आलम (समाजसेवी), मोजम्मिल अंसारी,तबरेज अंसारी,का महत्वपूर्ण सहयोग रहा साथ ही बहुत सारे समाज सेवी उपस्थित थे।

## करॉंजी डैम से प्रभावित भुदाताओं को मिलेगा मुआवजा, वंशावली को मिली स्वीकृति

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करॉंजी डैम परियोजना से प्रभावित भुदाताओं को अब मुआवजा मिलने का रास्ता साफ हो गया है। बुधवार को करॉंजी पंचायत भवन में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देश पर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी दिलीप कुमार, उपप्रमुख मुदस्सिर हक समेत अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। इस बैठक में ग्राम सभा के माध्यम से भुदाताओं की वंशावली और कुर्सीनामा दस्तावेज विशेष भू-अर्जन विभाग को सौंपे गए। साथ ही भुदाताओं को सलाह दी गई कि वे अपनी जमीन का नया रसीद कटवा कर विभाग में जमा करें। अधिकारियों ने जानकारी दी कि सभी पात्र भुदाताओं को निर्धारित मुआवजा राशि का भुगतान आगामी 60 दिनों के भीतर करॉंजी पंचायत भवन में ही किया जाएगा। उपप्रमुख मुदस्सिर हक ने बैठक में ग्रामीणों से कहा कि जिन लोगों का नाम सूची में नहीं आया है, वे एक आवेदन विशेष भू-अर्जन कार्यालय में जमा कर अपना नाम सूचीबद्ध करा सकते हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के प्रयासों की सराहना करते हुए भू-अर्जन प्रक्रिया में आई गति को सकारात्मक कदम बताया।




## बीडीओ ने योजनाओं का किया निरीक्षण, समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश

**पाकुड़िया(प्रभात मंत्र संवाददाता):**प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी ने बुधवार को ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर संचालित विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ सोमनाथ बनर्जी, बीपीओ जगदीश पंडित ने प्रखंड के राजपोखर पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवों का दौरा कर बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, बिरसा सिंचाई कूप, मुख्यमंत्री पशुधन योजना सहित अन्य योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। बीडीओ ने राजपोखर पंचायत अंतर्गत श्याम सुंदरपुर गांव के लाभुक स्टेडियम मुर्मू का सिंचाई कूप, बजल हेंब्रम का बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत बागवानी सहित अन्य योजनाओं का निरीक्षण कर प्राक्कलन के अनुरूप और समय सीमा के अंदर अविलंब पूरा करवाने का निर्देश बीपीओ जगदीश पंडित को दिया। मौके पर कनीय अभियंता लालू रविदास, पंचायत के मुखिया ललीता टुडू, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं लाभुक मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व के तहत स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

**महेशपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर,उपस्वास्थ केन्द्र शहरग्राम तथा कैराछत्तर उप स्वास्थ्य केन्द्र में बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जांच शिविर आयोजित किया गया।इसके तहत गर्भवती महिलाओं को व्यापक और गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व देखभाल प्रदान करने के बारे में जांच और सलाह दी गई।इस कार्यक्रम के तहत गर्भावस्था के दूसरे और तीसरे तिमाही की सभी गर्भवती महिलाओं को कम से कम एक प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करना बताया गया। प्रसव पूर्व जांच के दौरान देखभाल कैसे की जानी है तथा जो समस्याएं जैसे कि खून की कमी, गर्भावस्था प्रेरित, उच्च रक्तचाप व गर्भावधि,मधुमेह एवं एचआईबी आदि की जांच की गई। वहीं डॉक्टर सुनील कुमार किस्कू ने जानकारी देते हुए बताया कि तीनों केंद्रों में कुल 356 गर्भवती महिलाओं का जांच किया गया।इस अवसर पर सभी डॉक्टर सुनील कुमार किस्कू के अलावे, एएनएम,जीएनएम,लैब टेक्नीशियन, बीटीएम तथा सहिया मौजूद थीं।

## फिजिक्सवाला ने खड़गपुर में अपना पहला तकनीक-सक्षम ऑफ़लाइन केंद्र शुरू किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** फिजिक्सवाला, एक अग्रणी शिक्षा कंपनी, ने खड़गपुर में अपना पहला तकनीक-सक्षम फिजिक्सवाला विद्यापीठ केंद्र शुरू करके पश्चिम बंगाल में विस्तार किया है। ओटी रोड पर खड़गपुर कॉलेज के सामने अटवाल बिल्डिंग की 5वीं और 6वीं मंज़िल पर स्थित, नया केंद्र फिजिक्सवाला के रणनीतिक ऑफ़लाइन विस्तार का हिस्सा है जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। फिजिक्सवाला विद्यापीठ केंद्र JEE, NEET, फाउंडेशन कोर्स और ओलंपियाड की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। केंद्र तकनीक-सक्षम कक्षाएँ, रिकॉर्ड किए गए व्याख्यान, NCERT सहायता, ऑफ़लाइन संदेह-समाधान, दैनिक अभ्यास समस्याएँ, PYQs, PW-AITS, गतिविधि-आधारित शिक्षण और एक समर्पित छात्र सफलता टीम प्रदान करते हैं। एक अभिभावक-शिक्षक डैशबोर्ड पारदर्शी प्रगति ट्रैकिंग सुनिश्चित करता है।

## 28 अप्रैल को होगा सीएमएफ फोन 2 प्रो लॉन्च

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लंदन स्थित टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग ने आज सीएमएफ बाय नथिंग लाइनअप में अगले उत्पादों के अनावरण की आधिकारिक तिथि की घोषणा की है। सोमवार, 28 अप्रैल को शाम 6ः30 बजे, सीएमएफ सितंबर 2023 में लॉन्च होने वाले सब-ब्रांड के तहत जारी किए गए दूसरे स्मार्टफ़ोन सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो का अनावरण करेगा। फ़ोन 2 प्रो के अलावा, सीएमएफ बाय नथिंग तीन नए ऑडियो उत्पाद भी पेश करेगा ् सीएमएफ बड्स 2, बड्स 2ड्ड, और बड्स 2 प्लस । उत्पादों का यह नया सेट, किफ़ायती कीमत पर बेहतरीन स्पेसिफ़िकेशन की तलाश करने वाले लोगों के लिए नथिंग उत्पादों की व्यापक लाइनअप में शामिल है। सीएमएफ बाय नथिंग ने नए उत्पादों की रेंज के लॉन्च से पहले हाल ही में अपने ङ्ग हैंडल पर सीएमएफ फोन 2 प्रो के कैमरा डिज़ाइन का टीज़र जारी किया था।

## एसडीओ ने धारा 144 का अवधि विस्तार किया

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल दण्डाधिकारी,पाकुड़ ने जिला में लगाये गये भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-144 का अवधि विस्तार किया है. माह मार्च-2025 से माह-अप्रैल-2025 के मध्य विभिन्न समुदाय के द्वारा पर्व त्यौहार मनाये जाने के क्रम में असामाजिक तत्वों एवं अन्य द्वारा व्यवधान उत्पन्न करने तथा विधि व्यवस्था की प्रबल संभावना के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 13 मैच 2025 से लेकर 07 अप्रैल 2025 तक के लिए पाकुड़ अनुमंडल अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र में विभिन्न शर्तो के साथ न्यायालय कि0मि0 सं0-92/25 आदेश ज्ञापांक-26/डी0बी0,12 मार्च 2025 के माध्यम से निषेधाज्ञा लागू किया गया था।उक्त जारी किये गये निषेधज्ञा के आलोक में विगत सभी पर्व-त्यौहार यथा सरहुल,ईद,रामनवमी को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सका।पुनः आगामी पर्व महावीर जयंती,अम्बेदकर जयंती, गुड फाइडे,इस्टर भी पाकुड़ जिला में मनाया जाएगा।जिसके मद्देनजर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पूर्व में न्यायालय कि0मि0 सं0-92/25 आदेश ज्ञापांक-26/डी0बी0,12 मार्च 2025 के माध्यम से जारी निषेधज्ञा 13 मार्च 2025 से 07 अप्रैल 2025 तक का अवधि विस्तार 21अप्रैल 2025 तक के लिए अनुमंडल दण्डाधिकारी के द्वारा किया गया है।

## संथाली नृत्य में इटापोखर टीम को प्रथम पुरस्कार

**हिरणपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के निकट रामनवमी मेला कमिटी मवेशी हाट हिरणपुर के द्वारा मंगलवार को संथाली नागड़े एने का आयोजन किया गया। जिसमें तीन अलग-अलग टीमों ने भाग लिया। वहीं तीनों टीमों ने अपने अपने स्तर से नागड़े एने के कार्यक्रम में संस्कृतीक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं अच्छी कलाकारी व नृत्य प्रस्तुत करने पर साहिबगंज जिला के अंतर्गत इटापोखर की टीम को प्रथम पुरस्कार पर दस हजार राशि देकर कमिटी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। वहीं द्वितीय पुरस्कार के रूप में रक्सी को सात हजार पांच सौ देकर पुरस्कृत किया गया।तथा और तुड़काई टीम को संतावना पुरस्कार से नवाजा गया। बता दें कि रामनवमी मेला में दूर दराज से लोग आते है और लुत्फ उठाते है। जिसमें तारामाछी, झूलन, मौत का कुआं, नौका झूलन, ब्रेक डिस, रेल आदि की मनोरंजन इस मेले में लोग किया करते हैं। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में कामेश्वर दास, विकास रविदास, विनय भगत, उज्जवल साहा, चंदन, आशीष, विशाल, तपन ठाकुर, कुंदन दास, जितेन दास, बिक्की दास की अहम भूमिका रही।

## पिपरवार में हुई झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का सम्मेलन

# मजदूरों को हाई वेजेज के अनुसार वेतन दे कंपनियां : फागु बेसरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा ऑफिसर्स क्लब मे बुधवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का पिपरवार क्षेत्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य के दर्जा प्राप्त मंत्री सह यूनियन के महामंत्री और रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा मौजुद थे।पिपरवार पहुंचने पर पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने बुके,अंगवस्त्र और श्रीफल देकर उनका स्वागत किया।कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीम राव अंबेडकर,बिरसा मुंडा,शहीद शेख भिखारी और नीलाम्बर-पीताम्बर के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलन से की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ विस्थापित नेता रामचंद्र उरांव और संचालन मुख्य संयोजक इकबाल हुसैन ने किया।कार्यक्रम मे सभी



अतिथियों को आयोजकों द्वारा बुके,शाल एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।सम्मेलन में संगठित और असंगठित मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा हुई।

वक्ताओं ने प्रबंधन से समस्याओ के समाधान के लिए आगे आने की मांग की। दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा ने कहा कि कंपनियों को मजदूरों को हाई वेजेज कमेटी की सिफारिशों



के अनुसार वेतन देना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो यूनियन हर स्तर पर लड़ाई लड़ेगा।मजदूरों का हक कोई नहीं छीन सकता।मजदूर विस्थापितों के हक अधिकार से वंचित पर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

इस अवसर पर पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी का गठन किया गया।जिसमे अध्यक्ष प्रमेश्वर गंझू,सचिव इकबाल हुसैन,उपाध्यक्ष अनिल राम,बीरू मुंडा, बाबुलाल भगत,दीपक उराँव,सह सचिव मोहम्मद असलम,मुकेश साव,अर्जुन गंझू,मथुरा मंडल,संगठन सचिव सुरेश गंझू,प्रमेश्वर साव,प्रवक्ता सत्या महतो व कामेश्वर गंझू,कोषाध्यक्ष मोहम्मद जमशेद को बनाया गया।वही राजु मुर्मु,मन्टु मुंडा,इलियास टाना भगत, रघुनाथ प्रजापति,जुगल सिंह,फैज असलम,अशोक पांसी,दिनेश महतो,रवि गंझू, प्रदीप महतो,बसन्त उरांव, दिलिप कुमार,विजय महतो, मुनेश्वर महतो,सुनील उराँव, दिलनवाज,कुलु राम,अनिल साव सहित कई लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।नवगठित पिपरवार क्षेत्रीय समिति को मुख्य अतिथि द्वारा माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया।सम्मेलन में जोनल सचिव जयनारायण महतो,झामुमो के हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया,झामुमो के सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा,सैनाथ गंझू,बीके झा, रंथु तिग्गा,मोहम्मद अफजल,मोहम्मद असलम, गुरूदयाल साव,परमेश्वर गंझू,विनोद भोक्ता,अर्जुन गंझू,अनिल राम,मुकेश साव, सुनील उरांव सहित सैकड़ों की संख्या में सीसीएल कर्मचारी और असंगठित मजदूर शामिल हुए।

## बैंका में विधायक दशरथ गागराई ने किया 580 फीट पीसीसी सड़क का शिलान्यास



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खूंटपानी प्रखंड अंतर्गत लोहरदा पंचायत के बैंका में बुधवार को स्थानीय विधायक दशरथ गागराई ने 580 फीट लंबी पीसीसी सड़क का शिलान्यास नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया. उक्त सड़क का निर्माण जिला डीएमएफटी मद से किया जाएगा. इस दौरान विधायक दशरथ गागराई ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांव के अन्य समस्याओं से भी अवगत हुए. साथ ही आवश्यकता अनुसार समस्याओं को समाधान करने का आश्वासन दिया. मौके पर सांसद प्रतिनिधि सकारी दोगों,रेंगो पुरती, विधायक प्रतिनिधि दुर्गा चरण पाड़ेया, बबलू गोडसोरा, डिम्बु तियू, रायमुनी कांडेयांग, अजीत कांडेयांग, प्राण सिंह लेंयांगी, मनोज महतो, लक्ष्मी जामुदा, मोनिका जामुदा, सोना पुरती, सुनिल तियू, बाबुराम तियू, मिसाईल सामड, खेत्रो मोहन जामुदा, जयसिंह बोदरा समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

## खासमहल ब्लॉक में महिलाओं का हंगामा, मईया योजना को लेकर कार्यालय का मुख्य द्वार किया बंद



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के लाभ में हो रही देरी और अनियमितताओं को लेकर जमशेदपुर के खासमहल ब्लॉक में आज सैकड़ों महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। योजना के लाभ से वंचित करीब 150 से अधिक महिलाओं ने प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार को बंद कर दिया और करीब तीन घंटे तक हंगामा किया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना था कि उन्हें महीनों से योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, जबकि कई बार आवेदन देने और कार्यालय के चक्कर काटने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही। नाराज महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। घटना की जानकारी मिलते ही ब्लॉक प्रशासन मौके पर पहुँचा और महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। काफी समझाने-बुझाने और आगे कार्रवाई के आश्वासन के बाद महिलाओं ने गेट खोला और प्रदर्शन समाप्त किया।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिली डिजिटल ताकत, 41 को मिला स्मार्टफोन



**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुड़ाबांदा प्रखंड सभागार कक्ष में मंगलवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं को रिपोर्ट ऑनलाइन करने के लिए स्मार्टफोन दिया गया। पोषण ट्रेकर और समर अभियान एप पर कार्य करने के लिए प्रखंड के 41 आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगुर कोड़ाह के द्वारा स्मार्टफोन दिया गया। बीडीओ ने सेविकाओं से टीएचआर एप के माध्यम से सभी प्रतिवेदन ऑनलाइन प्रविष्टि करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन के उपयोग से आंगनबाड़ी सेविकाओं को कार्य करने में सहुलियत मिलेगी। वितरण के दौरान सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं व पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## चांडिल एमबीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में धूमधाम से मना सरहुल उत्सव



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चांडिल प्रखंड स्थित एमबीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन (बीएड कॉलेज) परिसर में बुधवार को प्रकृति पर्व सरहुल उत्सव धूमधाम से मनाया गया. प्रशिक्षुओं ने पारंपरिक परिधानों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उत्सव का शुभारंभ कर मादर की थाप पर खूब थिरके. संथान के निदेशक अनुपमा सिंह ने कहा कि सरहुल प्रकृति की प्रमुख पर्व है. और प्रकृति की पूजा होती है. कार्यक्रम में एमबीएनएस संस्थान ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, निदेशक अनुपा सिंह, एंव सहायक शिक्षक दिपिका भारती,भवातरन भकत, मधु सुधन महतो,मिली कुमारी, पिंकी सिंह एंव छात्र छात्राएं ने उपस्थित थे।

## बिरसानगर में माँ पीताम्बरा मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुभारंभ



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** बिरसानगर जोन नंबर 2 बी, मोहरदा में नवनिर्मित माँ पीताम्बरा मंदिर में श्री गणेश मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, वास्तु पूजन और माँ पीताम्बरा प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान बुधवार की सुबह कलश यात्रा से शुभारंभ हुआ। मोहरदा के स्वर्णरेखा नदी में स्वामी विजयानंद ने पूजन किया। कलश यात्रा में 101 महिलाएं शामिल हुई। सभी माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। नवनिर्मित माँ पीताम्बरा मंदिर पहुँचकर कलश यात्रा संपन्न हुई। स्वामी विजयानंद ने सुबह 11 बजे मंदिर में मूर्ति का जलाभिषेक और दूध अभिषेक किया। आज शाम 6 बजे श्री गणेश पूजन और देवी आवाहन पूजन हुआ। यह तीन दिवसीय प्राण धार्मिक अनुष्ठान कामाख्या से आये गुरूदेव स्वामी हृदयानंद जी महाराज की देखरेख में राजीव शर्मा और अमल शर्मा मंडली द्धारा किया जा रहा हैं। इसका आयोजन माँ पीताम्बरा शक्ति पीठ (तोयात्मा सेवा सदन के अंतर्गत) द्धारा हो रहा हैं  दूसरे दिन 10 अप्रैल गुरूवार को श्री गणेश मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, वास्तु पूजन और माँ पीताम्बरा प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान होगा।

## सिंहभूम चैम्बर की पहल से झारखंड सरकार का बड़ा फैसला, डीजल पर वैट घटाकर दी उद्योगों को राहत

**जमशेदपुर :** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की पहल पर झारखंड सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए इंडस्ट्री और माइनिंग सेक्टर के लिए हाई स्पीड डीजल की बल्क खरीद पर वैट दर घटाकर 15 प्रतिशत कर दी है। पहले यह दर 22 प्रतिशत या 12.50 रूपये प्रति लीटर (जो अधिक हो) थी। इस निर्णय को राज्य में औद्योगिक और व्यावसायिक विकास को गति देने वाला कदम माना जा रहा है। चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका और मानद महासचिव मानव केडिया ने सरकार के फैसले का स्वागत किया और बताया कि यह मांग चैम्बर ने सरकार के समक्ष पत्र के माध्यम से रखी थी। हालांकि वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट पर अब तक कोई राहत नहीं दी गई है। उपाध्यक्ष अधिवक्ता राजीव अग्रवाल ने इसे अधूरा कदम बताते हुए कहा कि चैम्बर अब वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट पर भी वैट कटौती के लिए सरकार से लगातार मांग करता रहेगा।

# 224 युवाओं को मंत्री ने सौंपे नियुक्ति पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड सरकार द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिले में चौकीदार के 224 रिक्त पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मंगलवार को सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल में आयोजित समारोह में स्कूली शिक्षा, साक्षरता एवं निबंधन मंत्री रामदास सोरेन ने चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।

मंत्री सोरेन ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए लगातार प्रयासरत है और यह नियुक्ति प्रक्रिया उसकी प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

उन्होंने चौकीदार को स्थानीय प्रशासन की नींव बताते हुए कहा कि इससे गांवों में सुशासन और सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय, बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती, पोटका विधायक संजीव सरदार, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी और जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू भी उपस्थित रहे। सभी ने नियुक्त अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं और ईमानदारी से कार्य करने का संदेश दिया।

समारोह में एसएसपी किशोर कौशल, एसडीओ शताब्दी मजूमदार और एडीसी भगीरथ प्रसाद सहित कई अधिकारी भी मौजूद थे। चयनित अभ्यर्थियों ने सरकार का आभार जताया और इसे सपनों के पूरे होने जैसा बताया।

## मानगो में फ्लाईओवर का काम तेज, पायल टॉकीज रोड पर पहले पिलर का निर्माण शुरू



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मानगो में बन रहे फ्लाईओवर का कार्य अब तेजी पकड़ चुका है। बुधवार को पायल टॉकीज रोड पर फ्लाईओवर के पहले पिलर का निर्माण शुरू कर दिया गया।

**सड़क आंशिक रूप से बंद, ट्रैफिक प्रभावित :** पिलर निर्माण के कारण मानगो पायल टॉकीज से चौक की ओर आने वाली सड़क को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। मौके पर ट्रैफिक पुलिस तैनात है, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में जाम की स्थिति बन रही है। करीब 3.4 किलोमीटर लंबे इस फ्लाईओवर के लिए कुल 57 फाउंडेशन बनाए जाएंगे। डिमना रोड की दिशा में अधिकांश फाउंडेशन पहले ही तैयार किए जा चुके हैं। पायल टॉकीज रोड अपेक्षाकृत संकरी होने के कारण यहां पहले पिलर निर्माण रोका गया था। अब यहां भी कार्य शुरू हो गया है। पिलर बनने के बाद फ्लाईओवर के सेगमेंट लगाने का कार्य शुरू होगा।

**जाम से मिलेगी राहत :** फ्लाईओवर के बन जाने से मानगो से साकची की ओर आवागमन आसान होगा। वर्तमान में बड़े और छोटे पुलों पर भारी जाम लगता है, जिससे लोगों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ती है।

## ट्रैफिक चेकिंग के दौरान महिला से बदसलूकी पर हंगामा, विधायक संजीव ने की कड़ी कार्रवाई की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** टाटानगर स्टेशन रोड स्थित संकटा सिंह पेट्रोल पंप के पास ट्रैफिक चेकिंग के दौरान एक गर्भवती महिला से बदसलूकी का मामला सामने आने के बाद इलाके में हंगामा मच गया। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने इस घटना के विरोध में सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। नाराज लोगों ने ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए स्टेशन रोड को जाम कर दिया, जिससे पूरे इलाके में भारी जाम लग गया और यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया और मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। इस घटना की जानकारी मिलते ही पोटका विधायक संजीव सरदार ने तुरंत डीएसपी ट्रैफिक को दूरभाष पर निर्देश दिया कि दोषी पुलिसकर्मियों पर जल्द से जल्द अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान किसी भी आम नागरिक, विशेष रूप से महिलाओं, छात्रों, बीमार और बुजुर्गों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। विधायक ने सवाल उठाया कि जब पहले ही आदेश दिया गया था कि ट्रैफिक चेकिंग सीसीटीवी कैमरे के सामने की जाए, तो जिला ट्रैफिक पुलिस इसका पालन क्यों नहीं कर रही है? उन्होंने इस मामले को एसएसपी और डीजीपी के समक्ष भी उठाने की बात कही ।

**जनता के लिए हमेशा तत्पर विधायक** विधायक संजीव सरदार ने साफ किया कि जनता की सुरक्षा और सम्मान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि ट्रैफिक चेकिंग के नाम पर अनावश्यक परेशान करने की प्रथा को तुरंत रोका जाए।

## जेएलकेएम प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात कर अवैध खनन रोकने की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) का एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को रांची स्थित राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में पार्टी के जिला प्रवक्ता सुब्रतो महतो ने बताया कि पटमदा प्रखंड की चार पंचायतों (ओड़िया, बनकुंचिया, कुमीर एवं काश्मार) में अवैध पत्थर खदान, क्रशर एवं भारी वाहनों का अवैध संचालन से उत्पन्न हो रही विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की गई। साथ ही सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री सचिवालय, राज्य सरकार के मुख्य सचिव, पथ निर्माण मंत्रालय, खनन मंत्रालय, परिवहन मंत्रालय, झारखंड राज्य मानवाधिकार आयोग, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद आदि सभी विभागों के सचिवों को ज्ञापन सौंपते हुए सारी समस्याओं से अवगत कराया गया। इसमें जिला प्रवक्ता सुब्रतो महतो, पटमदा प्रखंड अध्यक्ष अनिल बास्के, प्रखंड महासचिव श्याम सुंदर महतो, कैलाश महतो, विकास महतो, योगेश्वर महतो, भैरव महतो, संजय महतो, छुट्टन महतो, सोमेन महतो व गौतम महतो शामिल थे।

## बेटे के ससुराल वालों ने बुजुर्ग पिता को पीट-पीटकर मार डाला, 5 परिजन घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ ।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के कुंदरीलोंग गांव में बेटा के ससुराल वालों ने ही पिता रूप चांद प्रामाणिक (50) को लाठी डंडे से पीट पीट कर अधमरा कर छोड़ दिया। परिजनों ने तत्काल रांची के रिम्स में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान बुधवार को उनकी मौत हो गई। मृतक का पोस्टमार्टम रिम्स किया गया एवं थाना में अभी तक मामला दर्ज नहीं कराई गई है। थाना को इसकी सूचना दिया गया है। घटना मंगलवार की रात की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार रांची जिला के सोनाहातु थाना क्षेत्र के कुदाडीह गांव में रूप चांद प्रामाणिक का बेटा कार्तिक प्रामाणिक का ससुराल है। दोनों पक्षों में कुछ दिन से अनबन चल रहा था। परिजनों के अनुसार मंगलवार कि रात को कार्तिक का ससुर,दो साले और 4 अज्ञात व्यक्ति कुंदरीलोंग में रूपचांद के घर आए और रूप चांद प्रामाणिक एवं परिजनों पर लाठी डंडे से पीटाई कर दिया, जिससे रूप चांद प्रामाणिक, पत्नी सुमित्रा देवी,बेटा कार्तिक प्रामाणिक,हेमंत ,चैतन प्रामाणिक एवं भतीजा संतोष प्रामाणिक बुरी तरह से जख्मी हो गया। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि पोस्टमार्टम कर आने के बाद ही मामला दर्ज किया जाएगा।

*अब जिले के बच्चों को मिलेगा अपने ही एकलव्य विद्यालयों में दाखिला*

## शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक, विधायक संजीव सरदार ने जताई नाराजगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** पूर्वी सिंहभूम जिले के आदिवासी बच्चों को अब अपने ही जिले में स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में दाखिला मिलेगा। सोमवार को शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने अधिकारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के बच्चों को चतरा या अन्य जिलों में नहीं भेजा जाएगा। बैठक में घाटशिला विधायक संजीव सरदार और समीर मोहंती भी मौजूद थे। बैठक में जानकारी दी गई कि अब तक जिले के कई बच्चों को चतरा के विद्यालयों में भेजा गया था, जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मंत्री ने कहा कि अब जिले के बच्चों को यहीं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में यह भी बताया गया कि केंद्र सरकार से विद्यालय संचालन के लिए आवश्यक फंड अब तक जारी नहीं हुआ है, जिसके कारण छात्रावास और अन्य सुविधाएं सुचारू रूप से शुरू नहीं हो सकीं। इससे कई बच्चों का दाखिला भी रुका हुआ है। विधायक संजीव सरदार ने बैठक में निजी स्कूलों की मनमानी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किताबों और कॉपियों की अनिवार्यता समेत कई शिकायतें मिल रही हैं। शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी निजी स्कूल सरकार के नियमों का पालन करें और जिला प्रशासन नियमित निरीक्षण करे।

## डिमना बांध विस्थापितों की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के पुनसा गांव में डिमना बांध विस्थापितों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न गांवों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में टाटा स्टील द्वारा अतिक्रमित 102 एकड़ जमीन की क्षतिपूर्ति, 5.83 एकड़ डूब क्षेत्र का स्थायी समाधान, मत्स्य पालन व नौका संचालन में विस्थापितों को रोजगार, शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधा और जमशेदपुर में भवन निर्माण की मांगों को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव को जिला प्रशासन व टाटा स्टील को सौंपने का निर्णय लिया गया। भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन ने कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो टाटा स्टील के लीज नवीनीकरण का विरोध किया जाएगा। बैठक में देवेन सिंह, हाकिम महतो, दीपक रंजीत, लवकिशोर हांसदा, सोहन सिंह, प्रदीप सोरेन, मोहन सोरेन, हरि सिंह, भानु सिंह, विश्वनाथ सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, यादव सिंह, सुधीर टुडू, विश्वनाथ हांसदा, रंगु बेसरा और विद्याधर सिंह मौजूद थे।

## पटमदा में राज्यकर्मियों ने निकाली ध्यानाकर्षण रैली, सीएस के नाम बीडीओ को ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्प्लाइज फेडरेशन (झारोटेफ) के प्रांतीय कार्यकारणी के निर्देश पर बुधवार को पटमदा प्रखंड कार्यकारिणी द्वारा अपनी मांगों को लेकर बिरसा चौक से प्रखंड कार्यालय तक ध्यान आकर्षण रैली निकाली गई। रैली के उपरांत झारोटेफ के प्रखंड अध्यक्ष प्रबोध कुमार महतो व सचिव शक्ति शेखर के नेतृत्व में बीडीओ के हाथों मुख्य सचिव तथा मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव के नाम 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। ज्ञापन में शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ देने, राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा 62 करने व शिशु शिक्षण भत्ता देने समेत 11 सूत्री मांगे शामिल हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पंचानन महतो, प्रखंड अध्यक्ष प्रबोध कुमार महतो, सचिव शक्ति शेखर, राजेश मिश्रा, अमरेश कुमार, परेश महतो , डॉ. अदिति विश्वास, शिउली माझी, सुष्मिता खां, प्रतिमा कुंभकार, सबिता महतो, पूनम कुमारी, अंजू दत्ता, श्वेता कुमारी, अजित कुमार, नरेंद्र नाथ दत्त, राज नारायण दत्त, सुधांशु महतो, इंद्रनारायण गोप, रामपद महतो, बासुदेव महतो, हरेकृष्ण पाल, मुकुल पंजा, मिहिर कुमार प्रामाणिक, कृष्ण प्रसाद महतो, सरोज मंडल, देवाशीष महतो, लालटू मंडल, अर्कदेव पाल, विभू दे, विद्युत महतो, फिरोज हुसैन, अजित सिंह व संजीव दास सहित सैकड़ों कर्मी उपस्थित थे।

## सरायकेला में रोजगार शिविर, 32 उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट



**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** सरायकेला के जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर परिसर में बुधवार को रोजगार शिविर का आयोजन हुआ। इसमें सुपेरेक्स इंडस्ट्रीज, टैलेंटनेक्सा प्रा. लि. और युवा शक्ति फाउंडेशन ने विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार लिए। सर्विस इंजीनियर, वेल्डर, प्रोग्रामर, ऑपरेटर व सुपरवाइजर जैसे पदों पर कुल 32 अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट किए गए। जिला नियोजन पदाधिकारी आलोक कुमार टोपनो ने बताया कि शिविर की प्रक्रिया निःशुल्क है और नियमित रूप से ऐसे आयोजन किए जाते हैं। उन्होंने युवाओं से इसमें भाग लेने की अपील की। शिविर में अन्य अधिकारियों और कंपनियों के एचआर मैनेजर भी मौजूद रहे।

## छऊ नृत्य प्रतियोगिता में खरसावां कलाकेंद्र अव्वल, अतिथियों ने बढ़ाया उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला में राजकीय चैत्र पर्व सह छऊ महोत्सव 2025 के अंतर्गत राजकीय छऊ नृत्य कलाकेंद्र प्रेक्षागृह में खरसावां शैली की छऊ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में चार दलों–खरसावां छऊ नृत्य कलाकेंद्र, भवेश छऊ नृत्य कलाकेंद्र देहरीडीह, भैरव छऊ नृत्य दल रामपुर एवं मार्शल छऊ कलाकेंद्र जोजोडीह ने भाग लिया। निर्णायकों द्वारा खरसावां छऊ नृत्य कलाकेंद्र को प्रथम स्थान, भवेश कलाकेंद्र को द्वितीय और भैरव दल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ जिला खेल पदाधिकारी अमित कुमार, गुरु विजय कुमार साहू, गुरु दिलदार अंसारी, गुरु गणेश चंद्र महतो एवं विजय महांती ने किया। निर्णायक मंडली में गुरु तपन कुमार पटनायक, बृजेंद्र पटनायक, सुधांशु शेखर पानी, तरुण भोल एवं मनोरंजन साहू शामिल थे। मुख्य अतिथि जिला परिवहन पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो, एसडीपीओ समीर कुमार सवैया, सरायकेला इंस्पेक्टर एस.पी. गुप्ता ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। अतिथियों ने कहा कि सभी दलों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर पारंपरिक कला को जीवंत किया।

## कुचाई में झारखंड ऑफिसर टीचर एंड एंप्लॉय ने किया ध्यानाआकर्षण रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसांवा ।** कुचाई प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को झारखंड ऑफिसर टीचर एंड एंप्लॉई जिला इकाई सरायकेला खरसावां के द्वारा प्रखंड अध्यक्ष यदुनाथ सिंह मुंडा के नेतृत्व में ध्यानाआकर्षण रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे जिला संयुक्त सचिव- मनमोहन कुमार एवं नवीन चंद्र महतो शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने हमारा आंदोलन चार चरणों में समापन होगी । यह दूसरा चरण है। पहले चरण में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था। तीसरा चरण में जिला स्तर पर कार्यक्रम होगी एवं चौथा चरण में राज्य स्तर पर कार्यक्रम होगी। फेडरेशन का 11 सूत्री मांगे हैं। जिसमें प्रमुख मांगे शिक्षक संवर्ग को द्भड्डष्श्च का लाभ,श्चराज्य कर्मियों को सेवानिवृत्ति की उम्र 62 साल एवं श्च केंद्र कर्मचारियों की भांति राज्य कर्मियों को भी शिशु शिक्षण भत्ता की जैसे मांगें है। इससे रैली में विभिन्न विभागों के कर्मचारी सम्मिलित हुए। करीब 50 की संख्या में कर्मचारियों ने रैली के माध्यम से अपनी मांगों को रखा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपना ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में सभी विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## विचार प्रवाह

संपादकीय

# बेहतर सेहत की ओर

**स्वास्थ्य** के प्रति औसत आदमी ज्यादा सचेत हुआ है, लगातार शोध एवं विकास से दवाएं बेहतर हुई हैं और अस्पताल तथा डॉक्टर तक पहुंच अपेक्षाकृत आसान हुई है। नतीजतन 2019 तक मौजूदा सदी में इनसान की उम्र औसतन 6 साल बढ़ी है। वैश्विक स्तर पर 73 साल की औसत उम्र तक आम आदमी जिंदा रह सकता है, जबकि भारत में यह सरकारी आंकड़ा औसतन 67 साल है। अलबत्ता चिकित्सकों के आकलन हैं कि यदि समयबद्ध तरीके से दवाइयां ली जाएं, परहेज किए जाएं, निरंतर टहलना-योग आदि किए जाएं और पोषण-व्यवस्था बेहतर हो, तो आम आदमी 80-85 साल की जिंदगी आसानी से जी सकता है। चलता-फिरता रह सकता है। यकीनन स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए गए हैं, क्रांतिकारी प्रयोग किए गए हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी को 'अपवाद' के तौर पर छोड़ा जा सकता है। वैज्ञानिकों ने कोरोना के इंजेक्शन भी बना लिए हैं, बेशक उन पर कुछ विवाद भी हैं, लेकिन उन्होंने आम आदमी को नए प्राण दिए हैं। 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कई निर्देश जारी किए हैं और स्वास्थ्य संबंधी अंतरराष्ट्रीय सुधार-स्थितियों के भी खुलासे किए हैं। बेशक भारत में मातृ और शिशु मृत्यु दर लगातार घटती जा रही है। वर्ष 2000 से हमारे देश में 5 साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु-दर में करीब 70 फीसदी कमी आई है। नवजात शिशु की मृत्यु-दर में भी करीब 61 फीसदी की कमी आई है। बेशक ये शानदार आंकड़े हैं, जो हमारी स्वास्थ्य-सफलताओं की कहानी कह रहे हैं। वर्ष 2000 में मातृ मृत्यु की संख्या 384 थी, जबकि 2020 में यह घट कर 103 रह गई। उसके बाद मातृ मृत्यु दर और भी कमी आई होगी। बेशक भारत में मातृ मृत्यु-दर और नवजात बच्चों की मौत का औसत भी कम हुआ है, लेकिन आज भी करीब 25,000 मांओं की मौत हर साल हो रही है। हर साल प्रसव संबंधी जटिलताओं के कारण भी करीब 3 लाख महिलाओं की मौत हो रही है, जबकि 20 लाख से अधिक बच्चे जीवन के प्रथम माह में ही दम तोड़ देते हैं। ये भयानक आंकड़े हैं। मौत के कारण कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि यदि उन्हें बेहतर इलाज मिले और समय पर महिला या शिशु डॉक्टर तक पहुंचाया जा सके, तो ये मौतें भी काफी कम हो सकती हैं। 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' का थीम रखा गया है- 'स्वस्थ शुरुआत, आशावादी भविष्य।' साफ मकसद है कि मां और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और उनकी जिंदगी को बेहतर बनाना। 2030 तक मातृ मृत्यु-दर में सुधार के लक्ष्य से फिलहाल हर 5 में से 4 देश बहुत दूर हैं, जबकि 3 में से 1 देश नवजातों की मौतों को कम करने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएगा। 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान' का एक अनुमान सामने आया है कि बीते दो दशकों के दौरान प्रजनन संबंधी पेचीदगियों के कारण करीब 13 लाख महिलाओं की मौत हुई। वाकई ऐसे आंकड़े चिंतित करने वाले हैं। बहरहाल विश्व स्वास्थ्य दिवस ने जो थीम तय किया है, उसके मद्देनजर एक साल तक अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान सरकारों और चिकित्सा-समाज से उम्मीद करेगा कि वे मातृ और नवजात को बचाने के लिए अपने प्रयासों में तेजी लाएं। महिलाओं के दीर्घकालिक स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता दें। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि मांओं की सेहत को दुरुस्त कर लिया गया, तो दुनिया भर में स्वास्थ्य को लेकर कायाकल्प किया जा सकता है। भारत में स्वास्थ्य को लेकर कई सवाल हैं। पहला सवाल तो बजट को लेकर है। अमरीका जैसे देश स्वास्थ्य पर जितना बजट खर्च करते हैं, उनकी तुलना में भारत नगण्य है। स्वास्थ्य-बीमा पूरी तरह गोरखधंधा और जालसाजी है। कंपनियां बीमार होने पर पैसा जारी करने को आसानी से तैयार नहीं होतीं। सरकार की 'आयुष्मान योजना' का भी अपना चक्रव्यूह है। उसका कार्ड प्राप्त करना भी आसान नहीं है और उसका लाभ भी ऑपरेशन होने पर ही मिलता है, आम बीमारी में नहीं।

वैश्विक स्तर पर 73 साल की औसत उम्र तक आम आदमी जिंदा रह सकता है, जबकि भारत में यह सरकारी आंकड़ा औसतन 67 साल है। अलबत्ता चिकित्सकों के आकलन हैं कि यदि समयबद्ध तरीके से दवाइयां ली जाएं, परहेज किए जाएं, निरंतर टहलना-योग आदि किए जाएं और पोषण-व्यवस्था बेहतर हो, तो आम आदमी 80-85 साल की जिंदगी आसानी से जी सकता है। चलता-फिरता रह सकता है। यकीनन स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए गए हैं, क्रांतिकारी प्रयोग किए गए हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी को 'अपवाद' के तौर पर छोड़ा जा सकता है। वैज्ञानिकों ने कोरोना के इंजेक्शन भी बना लिए हैं, बेशक उन पर कुछ विवाद भी हैं, लेकिन उन्होंने आम आदमी को नए प्राण दिए हैं।' विश्व स्वास्थ्य दिवस' पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कई निर्देश जारी किए हैं और स्वास्थ्य संबंधी अंतरराष्ट्रीय सुधार-स्थितियों के भी खुलासे किए हैं। बेशक भारत में मातृ और शिशु मृत्यु दर लगातार घटती जा रही है।

### चाणक्य व विधुर सा नीतिज्ञ समझ मेड इन पत्रकारों के लेबल उछालते हुये मस्त है

# गूगल गुरु के कचरा ज्ञान से पैदा होते सम्पूर्णानन्द पत्रकार?

आत्माराम यादव

आजकल यू-ट्यूबर- व्हाट्सअप, इस्ट्राग्राम कुटुंबएप, फेसबुक आदि पर विशेष प्रकार की वाहियात अक्लमंद ज्ञानी बेशर्मियों की कब्जेवाली मीडिया खरपतवार गाजरघाँस की तरह फ़ेल चुकी है, इससे बचने के सारे उपाय असफल है। जिसने कभी कागज कलम छुआ नहीं वही गूगल गुरु की प्रेरणा से गीतकार, साहित्यकार ओर पत्रकार बन गया है ओर खुद को किसी बड़े उस्ताद से कम नहीं आँककर बिंदास खबरें लिखते समय सामने वाले को गधा समझता है, इन नामुराद लंगड़ी-लूली, अंधी-बहरी कार्टूननुमा अवसरवादी मीडिया ने पूरे भारत को अपनी चपेट में ले लिया है, अगर आपका शहर, गाँव उसकी चपेट में नहीं आया है तो आप किस्मतवाले है? पर आपकी बात पर कोई विश्वास नहीं करेगा की आप किस्मतवाले है

**जहां** सबेरा है, वही बसेरा है ओर बसनेवाले कई किस्म के है। आजकल यू-ट्यूबर-व्हाट्सअप, इस्ट्राग्राम कुटुंबएप, फेसबुक आदि पर विशेष प्रकार की वाहियात अक्लमंद ज्ञानी बेशर्मियों की कब्जेवाली मीडिया खरपतवार गाजरघाँस की तरह फ़ेल चुकी है, इससे बचने के सारे उपाय असफल है। जिसने कभी कागज कलम छुआ नहीं वही गूगल गुरु की प्रेरणा से गीतकार, साहित्यकार ओर पत्रकार बन गया है ओर खुद को किसी बड़े उस्ताद से कम नहीं आँककर बिंदास खबरें लिखते समय सामने वाले को गधा समझता है, इन नामुराद लंगड़ी-लूली, अंधी-बहरी कार्टूननुमा अवसरवादी मीडिया ने पूरे भारत को अपनी चपेट में ले लिया है, अगर आपका शहर, गाँव उसकी चपेट में नहीं आया है तो आप किस्मतवाले है? पर आपकी बात पर कोई विश्वास नहीं करेगा की आप किस्मतवाले है, क्योंकि यह बीमारी कोरोना से ज्यादा घातक है, अगर आपने सोसल डिस्टेन्स कायम रखने के लिए, मोबाइल ओर एलेक्ट्रानिक उपकरणों से दूरी बनायी है तो बात अटपटी होने से किसी के गले नहीं उतरेगी क्योंकि हर गरीब भिखारी से लेकर अमीर आदमी मोबाइल का दीवाना है ओर आज हर घर में 2 साल की उम्र के बच्चे से लेकर मृत्युशैया पर लेटा 100 साल का बूढ़ा व्यक्ति भी मोबाइल की स्क्रीन में चौबीसों घंटे मुंह गढ़ाए बैठा है। इसी से यह बात प्रमाणित हो चुकी है की करोड़ों मोबाइल में दस प्रतिशत लोग अक्लमंदी के शिकार है ओर उनके दिमाग में भरा कचरा किसी सनसनीखेज समाचार, रपट या ज्ञानवर्धक लेख से कम नहीं इसलिए यह मीडिया बेशर्मी से समाज के सामने अपना कचराज्ञान बाँटकर अपनेआप को बुद्धिमान साबित करने की होड में लगा है। वे सभी जानते है की न तो उनके माता के कुलवंश मे ओर न ही उनके पिता के कुलवंश में किसी ने कभी कोई नाम किया है फिर भी वे अपने को चाणक्य व विधुर सा नीतिज्ञ समझ मेड इन पत्रकारों के लेबल उछालते हुये मस्त है। एक समय फाउंटेन पेन पत्रकारों की शान था आज सारे पेन गुमनामी के अंधेरे में खो गए है। मीडिया में बहती गंगा में हाथ धोने की प्रतिस्पर्धा लगी है तभी इस दौड़ में हरेक अवसर पाना चाहता है। अधिकांश वे लोग जो शार्ट कट से धन कमाने के लिए कुछ भी करने को तैयार हो जाते है वे अपनी सारी कड़वाहट पचाकर मीडिया ज्वाइन आर रहा है




, इसलिए यह स्वार्थपरक युग उनका युग हो गया है जो हर अवसर को भुनाना चाहता है। विशेषकर मेरा शहर व तथाकथित पत्रकारों की एक बड़ी जमात तैयार हो चुकी है ओर इस जमात में इनकी संख्या में दिनोंदिन इजाफा हो रहा है, जो जनता का शोषण ओर प्रशासनिक अधिकारियों पर निगरानी रख सफेदपोशों के साथ गड़बंधन कर बड़ी परेशानी का कारण बनते जा रहे है। एक ओर मुख्यधारा के प्रेस में माने जाने वाले ईलेक्ट्रानिक चैनल है तो दूसरी ओर प्रिंट मिडिया संस्थानों में कार्य करने वाले कठपुतली कामगार पत्रकारों की सिंगल बेनरों को कंधे पर उठाए आसानी से मैनेज हो जाने वाले पत्रकार जो एकला चलो की नीति पर अकेले सुनी सड़कों पर चलते ओर भीड़ के सामने बिजली सा कड़कते ,बिस्फोट सा फूटते ओर भैंसा सा गर्राते दिखेंगे ओर सांड को देखकर मिमियाते मिलेंगे। कट केमरा एक्शन का उपयोग करने वाले टीवी चैनलों के नए एंकर दिखने में शर्माने-लजाने वाले होंगे ओर सबको निहाने वाले होते है जबकि थोड़ा सा पुराने हुये एंकर जानीवाकर के साथ भयंकर दिखाई देते है जो विलायती नस्ल की झबरीली कुतिया को पाकर प्रसन्न उसी में रमे रहते है ओर जब वह टाँगे पसारती है तो उस समय वे फिल्मी पंचम गीतों को बेसुरा गाते-सहलाते अपनी अंगुलिया फेरते खुश होते है ओर कुतिया भी अपने को धन्य समझती निहाल हो उठती है, कुतिया पपी को मिलने वाले इस आदर सत्कार से भले एंकर की घरवाली नाराज हो पर सुबह शाम झबरीली पपी को घुमाते समय के चर्चे आफ़िसों में होते है ओर पपी की तारीफ़ों के पुल बांधते एंकर साहब घर बैठे लिफाफा ओर गिफ्ट पाते है ओर अन्य एंकर-संवाददाताओं के गिफ़्टों का ठेका लेकर उनके लिफाफे ओर गिफ्ट भी हजम कर जाते है। आप सोच रहे होंगे की अब जीवनरस में क्या शेष या विशेष रह गया है जिसे व्यक्त किया जाये। अभी तक की बाते सही मायने में पत्रकार या मीडियाकर्मियों की थी जो आपको दिल को तर-तर करती सुपथ मार्ग की प्रतीत होती होंगी ओर उसमें बेशर्म जैसी कोई बात नही होगी, यदि हुई है तो उस बेशरम मीडिया की बात आनी चाहिए बात उनकी है जो अपने पैरों पर कभी भी खड़े नही हो सकते, ओर न ही चल सकते है तो फिर बिना चले तरक्की कैसे करेंगे, ऊपर उठना-बढ़ने के लिए नसेनी या सीढ़िया तो चढ़नी ही होगी? कितनी भी तिकड़म लगाओ? कितनी भी कोशिश करो? कितनी भी चतुराई दिखाओ? बिना टांग उठाए ये सारी चतुराई व्यर्थ ही है? टांग नहीं उठा सकते हो तो हाथ ही उठा ले, हाथ में मुसलचंद मोबाइल को पकड़ ले, मोबाइल उठाते ही मूर्ख से भी मूर्ख मतिमंद भी चार्ज हो उठता है ओर वे ज्ञानचंद बुद्धिप्रकाश बन जाते है। इस प्रकार तमाम मूर्खचंद मीडियाकर्मी विध्यासागर हो जाते है ओर ये सभी गूगलगुरु की कृपा का प्रसाद पाकर खुदको पत्रकार सम्पूर्णानन्द मान व्हाट्सअप, फ़ेसबुक,यू-ट्यूबर पर अपनी खबरों-सूचनाओं का महाजाल बुनकर एक बात के छह छह अर्थ बताकर उलझी बातों को सुलझाने ओर सुलझी बातों को उलझाकर अपनी मूर्खता के पट खोलते है ओर समझते है की पाठकों के दिमाग उनकी कलम के इस मूर्खज्ञान से गिरवी रख लिए है। इन तथाकथित पत्रकारों के इस गूगलगुरु स्वरूप भानुमती के पिटारा ज्ञान के खोफ से घबराय लोग तत्काल उनके खिलाफ आई सूचनाओं- खबरों के प्रकाशन ओर प्रसारण न किए जाने हेतु संधि कर सुख पाते है। ये सारे लोग अपने को हद दर्जे का ईमानदार बतलाकार संस्पेंश पैदा करते है इनमें सबसे बड़ा भ्रष्ट खाऊ होता है वह कमीशन तय कर मैनेज करने का काम करता है। वह इनके कम बोलने पर इन्हे बेईमानी के तराजू में तोलते समय बोली ज्यादा लगाकर इन्हे कृतकृत कर देता है ओर अपना नंबर आने पर ये ही दो कोडी के लंगू भंगू अपने को कम तोलते है, कम नापते है,कुल मिलाकर ये अपने को ईमानदार बिकाऊ न होना बताकर बाजार में खुलेआम नीलाम कर एक इंसान होने का दर्जा छोड़ मात्र एक बिकाऊ सामग्री में शामिल हो जाते है।

दृष्टि कोण

# सरकारी स्कूलों में आधारभूत सुधारों की दिशा

**हिमाचल** प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों को आधुनिक बनाने और शिक्षा के स्तर को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। इन सुधारों का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि सभी विद्यार्थियों को समुचित सुविधाएं मिलें और वे शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर सकें। आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है, जिसमें स्कूल भवनों का नवीनीकरण, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय, खेल के मैदान, स्मार्ट क्लासरूम और प्रयोगशालाओं का विस्तार शामिल है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रत्येक विद्यार्थी को उचित बैठने की व्यवस्था मिले और वे एक स्वच्छ तथा सुरक्षित वातावरण में पढ़ाई कर सकें। शिक्षा प्रणाली को डिजिटल रूप में बदलने के लिए आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना की जा रही है, जिससे छात्र डिजिटल माध्यमों से शिक्षा ग्रहण कर सकें। डिजिटल शिक्षा के माध्यम से छात्रों को विषयों को गहराई से समझने में मदद मिल रही है, साथ ही ऑनलाइन संसाधनों तक उनकी पहुंच को भी सुनिश्चित किया जा रहा है। सरकार योग्य और प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित कर रही है, शिक्षकों के स्थानांतरण को सुव्यवस्थित किया जा रहा है और एक केंद्रीकृत शिक्षा मॉनिटरिंग प्रणाली विकसित की गई है। इस नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक विद्यालय की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, जिससे शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सके। प्रदेश सरकार स्कूलों में प्रशासनिक सुधार भी कर रही है, जिससे छुट्टियों की सुनियोजित व्यवस्था, एकीकृत निदेशालय की स्थापना और शिक्षकों के प्रशिक्षण में व्यापक बदलाव हो रहे हैं। प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और त्वरित बनाया जा रहा है ताकि शिक्षक और विद्यार्थी शिक्षा पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकें। अंग्रेजी माध्यम को बढ़ावा देने के लिए कई सरकारी स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में बदला गया है, जिससे छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सहायता मिले। वर्तमान समय में अंग्रेजी भाषा की महत्ता को ध्यान में रखते हुए, सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि विद्यार्थी शुरू से ही अंग्रेजी में दक्षता प्राप्त करें, जिससे उन्हें उच्च शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। इसके अतिरिक्त सरकार यह भी सुनिश्चित कर रही है कि छात्रों को उनकी मातृभाषा में भी पर्याप्त ज्ञान मिले ताकि वे अपनी सांस्कृतिक पहचान से जुड़े रहें। सरकारी स्कूलों में निशुल्क परिवहन, मध्यान्ह भोजन योजना, यूनिफॉर्म और किताबें प्रदान की जा रही हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को लाभ मिल रहा है। इन योजनाओं से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी छात्र आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। हाल ही में सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित करियर काउंसिलिंग की भी शुरुआत की है, जिससे छात्रों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर विकल्पों की जानकारी मिल रही है। इस नई पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य की संभावनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है और उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक वर्ष राज्य के अध्यापकों और विद्यार्थियों को विदेश भ्रमण पर भेज रही है, ताकि वे अन्य देशों की उन्नत शिक्षा पद्धतियों, तकनीकी प्रयोगों और नवाचारों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार करना, वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करना, तकनीकी समावेशन को बढ़ावा देना, अनुसंधान व नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सुदृढ़ करना है। विदेशों की आधुनिक शिक्षण विधियों से परिचय होने से शिक्षक अधिक प्रभावशाली ढंग से पढ़ा सकते हैं, वहीं छात्र वैश्विक स्तर पर सोचने और सीखने की क्षमता विकसित करते हैं। यह प्रयास हिमाचल प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने और शिक्षकों व छात्रों को आत्मविश्वासी, सृजनशील तथा वैश्विक नागरिक के रूप में तैयार करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। सरकार के इन प्रयासों के कारण अब सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और अभिभावकों का ध्यान कॉन्वेंट स्कूलों की बजाय सरकारी स्कूलों की ओर बढ़ा है। सरकारी स्कूलों में आधुनिक सुविधाएं, योग्य शिक्षक, डिजिटल शिक्षा और निशुल्क सेवाओं के चलते शिक्षा का स्तर ऊंचाइयों को छू रहा है।

कुछ अलग

# आओ कब्र खोदें

**कई** दिनों से झुन्नू लाल जी के घर से रात को निरंतर गैंती चलने की आवाज़ें आ रही थीं। ऐसा लगता था मानो वहां कोई बड़ी खुदाई का काम चल रहा हो। हर रात मेरी नींद टूट जाती और काफी देर तक करवटें बदलते हुए मैं सोचता रहता कि वहां चल क्या रहा है। मुझे झुन्नू लाल जी के घर से न तो किसी तरह की मरम्मत का काम चलने की ख़बर थी और न ही किसी नई निर्माण योजना का समाचार। महंगाई, बेरोजग़ारी और पिछले दस सालों से कम कमाई की मार झेलता हुआ मध्यम वर्ग राष्ट्रवाद और अपने स्वर्णिम इतिहास की अफीम चाट कर अभी भी गाढ़ी नींद में सो रहा था। पर निरंतर आने वाली आवाज़ों से उनींदे होने पर अक्सर मेरे लबों पर किशोर दा और लता मंगेशकर के हिंदी फिल्म आपकी क़सम में गाए गीत 'करवटें बदलते रहें सारी रात हम, आपकी क़सम' के बोल अनायास चलने लगते। मैं न जाने कितनी देर तक सोचता रहता कि उम्र के चौथे पड़ाव में रात को नींद टूट जाने के बाद मैं अपने महबूब की क़सम भी नहीं खा सकता। इस उम्र में बीवी से सिर्फ निबाह ही हो सकता है। मोहब्बत की गुंजाइश किसी राजनेता की ईमानदारी की तरह सात तालों में बंद हो जाती है। एक रात जब मुझसे नहीं रहा गया तो मैं यह सोचता हुआ झुन्नू जी के घर जा पहुंचा कि शायद अपने देश तथा ख़ानदान के गौरवमयी स्वर्णिम इतिहास की खोज और अनुसंधान के दौरान उनको किसी गुप्त खज़ाने का नक्शा मिल गया होगा या देश में हर साल दो करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा होने के कारण अपने घर में कोई नया निर्माण कार्य या मरम्मत करवाने के लिए दिन में मज़दूर नहीं मिल रहे होंगे तो रात में काम करवा रहे होंगे। यूं भी जिस देश का प्रधानमंत्री हर रोज़ अठारह या बीस घंटे काम करता हो वहां लोगों को ओवरटाईम काम करने की लत पड़ ही जाती है। ओवरटाईमिंग की इसी लत के कारण देश का मज़दूर वर्ग ग़रीबी से ऊपर उठ कर मध्यम वर्ग में घुसपैठ कर चुका है और मध्यम वर्ग कुछ ही सालों में अडानी और अम्बानी को टक्कर देने लगेगा। हालांकि पिछले कुछ सालों से काम और बेहतर ज़िंदगी की तलाश में डंकी रूट के ज़रिए अमेरिका और यूरोप के देशों में अवैध घुसपैठ करने वाले भारतीय युवाओं की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री के लंगोटिये यार और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में अवैध भारतीय घुसपैठियों को हथकड़ी पहना कर सेना के विमान में भारत वापस भेजा था। जब मैंने दरवाज़ा खटखटाया तो पीप होल से झांकते हुए झुन्नू जी ने किवाड़ खोले। हर बार मेरे आगमन पर चहकने वाले झुन्नू जी इस बार थोड़ा परेशान दिखे। पूछने पर बोले, 'यार! मुझे इसी बात का डर था कि रात को घर से आ रही आवाज़ों के चलते कहीं पड़ोसी न आ धमकें। लेकिन तुम्हारे आने का अंदेशा सबसे ज़्यादा था। ख़ैर! आ ही गए हो तो बैठ कर बात करते हैं।' इतना कहते हुए उन्होंने प्लास्टिक की एक कुर्सी उस कमरे के पास खींच ली जहां खुदाई का काम चल रहा था। मैंने उनसे पूछा कि आपने काम के लिए जो मज़दूर रखे हैं, वे मेरे आते ही कहां ग़ायब हो गए। वह अपने होठों पर रहस्यमयी मुस्कान लाते हुए बोले, 'कुछ काम खुद ही करने होते हैं। मैंने कोई मज़दूर हायर नहीं किया। दरअसल मैं नहीं चाहता था कि किसी को इस खुदाई के बारे में पता चले। यह तुम थे तो मैंने दरवाज़ा खोल दिया। अगर कोई और होता तो दरवाज़ा नहीं खुलता।' उनके इस अपनत्व से भाव-विभोर होते हुए उनका धन्यवाद करते हुए मैंने पूछा कि क्या खुदाई की कोई ख़ास परियोजना है, हड़प्पा या मोहनजोदड़ो की तरह।' वह उसी तरह अपने होठों पर रहस्यमयी मुस्कान बिखेरते हुए बोले, 'यह उससे भी बड़ा काम है।

देश दुनीया से

# वैश्विक उथल-पुथल में भारत के लिए संभावनाएं

**भारत** श्रीलंका के बीच अच्छे, और बुरे दोनों तरह के सम्बन्ध रहे हैं। राजीव गांधी के कालखंड में उभयपक्षीय संबंधों का भूस्खलन लोग भूल नहीं पाते। नई दिल्ली ने पिछले साल के राष्ट्रपति और संसदीय चुनावों से काफी पहले सही तरीके से अंदाजा लगा लिया था, कि राजनीतिक हवाएं किस दिशा में बह रही हैं। पीएम मोदी ने जल्द ही राष्ट्रपति बनने वाले अनुरा कुमार दिसानायके को भारत आने का निमंत्रण दिया, जहां उनका शानदार स्वागत हुआ। राष्ट्रपति चुने जाने के कुछ सप्ताह बाद दिसानायके ने भारत की राजकीय यात्रा की, बाद में वो चीन भी गए। श्रीलंका, निस्संदेह हिंद महासागर में भारत और चीन के बीच शक्ति प्रतिद्वंद्विता से लाभान्वित हो रहा है, जहां भारत अपनी पड़ोसी प्रथम नीति के माध्यम से लाभ चाहता है, जबकि चीन अपनी 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' के माध्यम से लाभ उठाना चाहता है। नए श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा करने के बाद, चीन की यात्रा करने का विकल्प चुनकर शक्ति संतुलन का प्रयास किया था। जनवरी, 2025 में दिसानायके ने चीन की राजकीय यात्रा की, जिस दौरान दोनों पक्षों ने चीन-श्रीलंका रणनीतिक सहकारी साझेदारी को गहरा करने और साझा करने का संकल्प किया था। श्रीलंका का अख़बार 'द आइलैंड' ने अपने सम्पादकीय में लिखा- 'उपहार के घोड़ों के मुंह पर हाथ धरे बैठे बिना, हमें हमेशा सचेत रहना चाहिए, कि मुफ़्त भोजन जैसी कोई चीज़ नहीं होती है। हमें अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए।' एक बात है, श्रीलंका की घरेलू राजनीति से भारत का तमिलनाडु सीधा प्रभावित नहीं होता, तो सहयोग का स्वरूप कुछ और होता। श्रीलंका की यात्रा के तुरंत बाद, रविवार को पीएम मोदी का रामेश्वरम पहुंचना, पंबन वर्टिकल रेल पुल का उद्घाटन, आखिर क्या सन्देश देता है? श्रीलंका के बरास्ते पीएम मोदी तमिलनाडु में व्यूह रच रहे हैं, इतनी बात तो किसी राजनीतिक विश्लेषक की समझ में आ जानी चाहिए। श्रीलंका में महो-अनुराधापुरा रेलवे सिग्नलिंग सिस्टम और नव उन्नत महो-ओमानथाई रेलवे लाइन का उद्घाटन, ऊर्जा, डिजिटलीकरण, सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ भारत की ऋण पुनर्गठन सहायता से संबंधित समझौते, सामपुर सौर ऊर्जा संयंत्र, दांबुला में 5,000 मीट्रिक टन तापमान और आर्द्रता नियंत्रित कोल्ड स्टोरेज सुविधा, और 5,000 धार्मिक स्थलों पर सौर पैनलों की स्थापना, त्रिंकोमाली को ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने, श्रीलंका में बिजली, पेट्रोलियम में कनेक्टिविटी स्थापित करने, चिकित्सा आदि के क्षेत्र में सहयोग, ये सब उस व्यूह रचना का हिस्सा है, जो श्रीलंका से तमिलनाडु तक डैमेज कंट्रोल की तरह है। प्रधानमंत्री मोदी अपने साथ कई उपहार भी लेते गए, जिनमें युद्धग्रस्त उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए लगभग 2.4 बिलियन श्रीलंकाई रुपये के पैकेज के रूप में है। शायद, यही सहयोग भाव तमिलनाडु की राजनीतिक तपोभूमि में बीजेपी का मार्ग प्रशस्त करेगा। श्रीलंका 2022 में भारत द्वारा प्रदान की गई भारी सहायता को नहीं भूल सकता, जब इस देश ने अपने समकालीन इतिहास में सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना किया था। उस समय भारत ने बहु-आयामी सहायता प्रदान की, जिसमें कई क्रेडिट लाइनों और मुद्रा समर्थन के माध्यम से 4 बिलियन डॉलर का वित्तपोषण पैकेज शामिल था, ताकि इस देश को आवश्यक आयातों को बनाए रखने और अपने ऋणों पर चूक से बचने में मदद मिल सके। लेकिन, जो बात चीन-पाकिस्तान-अमेरिका और एशिया-प्रशांत के देश जानना चाहते हैं, वो है रक्षा सहयोग। दोनों शासन प्रमुखों ने अपनी मुट्ठी नहीं खोली। प्रधानमंत्री मोदी ने 16 दिसंबर, 2024 को राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ साझा प्रेस सम्मलेन को संबोधित एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के निर्णय का खुलासा किया था, किन्तु उसका ब्योरा नहीं दिया था। हालांकि, सेवानिवृत्त एयर वाइस मार्शल संपत थुयाकोंथा, जिन्होंने रक्षा सचिव के रूप में रक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, ने कहा कि वे 2023 में रक्षा वार्ता के दौरान एक समझौता ज्ञापन के हवाले से रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर सहमत हुए हैं। फिर भी, 2023 में रक्षा वार्ता में क्या कुछ था? उसे डिकोड करना चुनौती जैसा है। इस बार, पीएम मोदी ने जो कुछ भी रक्षा समझौते में किया, उसे लेकर चीन की भृकुटियां नहीं तनी हैं। हो सकता है, ट्रंप से तनाव की वजह से राष्ट्रपति शी भारत से नरम रुख़ बनाये रखना, वक्त का तकाज़ा समझते हों। चीन इस बार निर्विकार भाव से श्रीलंका-भारत संबंधों को देख रहा है। फुतान विश्वविद्यालय में दक्षिण एशियाई अध्ययन केंद्र के उप निदेशक लिन मिनवांग ने रविवार को ग्लोबल टाइम्स से कहा, 'मोदी की श्रीलंका यात्रा का मुख्य उद्देश्य चीन से संबंधित मुद्दे नहीं थे, क्योंकि भारत-श्रीलंका द्विपक्षीय संबंध भी विभिन्न जटिल मुद्दों का सामना कर रहे हैं।' इस बार दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर सहमति-पत्र (एमओयू), 29 जुलाई, 1987 को विवादास्पद भारत-श्रीलंका शांति समझौते के लगभग 38 साल बाद आया है, जिस पर श्रीलंका के तत्कालीन राष्ट्रपति जयवर्धने और भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने हस्ताक्षर किए थे। उस समय भी समझौते की शर्तों को मंत्रिमंडल से छिपाया गया था। तब श्रीलंका की मार्क्सवाद-लेनिनवाद विचारधारा वाली वामपंथी पार्टी, जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) ने भारतीय विस्तारवाद का मुद्दा बनाया था। मगर आज, सबकुछ मीठा-मीठा है। हालांकि, फ्रंटलाइन सोशलिस्ट पार्टी और कुछ समूहों ने कोलंबो में विरोध प्रदर्शन करने की धमकी दी है। श्रीलंका, नए नेतृत्व के तहत एक नई राजनीतिक दिशा में आगे बढ़ रहा है, फिर भी, भारतीय मछुआरों द्वारा श्रीलंका के जलक्षेत्र में अवैध शिकार, और समुद्री पर्यावरण को नष्ट करना हर बार मुद्दा बनता है। इस साल अवैध शिकार के आरोप में श्रीलंका ने 140, और 2024 में 550 से ज़्यादा भारतीय मछुआरों को गिरफ़्तार किया है। क्या इसका कोई निर्णायक समाधान हो पाएगा।



आप का नजरीया

# गली में आवारा गाय

**एक** ही बैल ने कई कहानियां कह दीं, लेकिन तुम हो कि खबर नहीं। गोवंश के नाम पर जिनका खून खौलता, वे हकीकत में देखें कि रात के सन्नाटों में आवारा पशुओं के कारण किसान का दिल कितना डूबता है। हमारा खेत अगर सभी पशुओं को चारा नहीं दे सकता, तो कृषि नीति को कोसें या सस्ते राशन पे उजड़ते खेत को देखें। कभी पशुधन होता था, आज सडक़ पर खड़ा वह अपराधी है। होंगे अपराधी जो पांवटा साहिब की शांति में गोवंश के अवशेष यमुना किनारे छोडक़र माहौल खराब कर गए, लेकिन किसान के खेत को आवारा पशु चट करते हैं, तो उसका पेट कटता है। विडंबना यह कि हिमाचल में नलवाड़ मेले पालतू पशुओं या गोवंश की याद में चल रहे हैं, लेकिन शुभारंभ के खूंटों पर माहौल उदास है। अब नहीं आती बैलों की जोड़ी वहां, लेकिन सुंदरनगर, बिलासपुर या किसी अन्य शहर के हर चौक पर आवारा पशु अब एक खौफनाक समुदाय है। गोवंश का आवारा होना हमारी योजनाओं का अंधापन है या वाकई इसका अब ग्रामीण समाज से कोई रिश्ता नहीं। वहां खेत में सबसिडी में टिल्लर आता है और किराए की मजदूरी में पूरी तरह जोत जाता है। ढूंढना अब हल कल के मुजारे के पास, क्योंकि लैंड सीलिंग एक्ट ने समाज से खेती और खेती की जरूरत छीन ली। आखिर राशन डिपो का सामान हिमाचल में तो नहीं उगता। यह दीगर है कि हिमाचल में दूध की मांग और दूध के उपभोक्ता बढ़ गए, लेकिन यह अब आयातित सामान है, रोज सुबह बाहर से आता है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री रहे शांता कुमार गोवंश के संरक्षण की आवाज उठाते हैं। बेशक गऊ को माता का दर्जा देने वाले हम हिंदू और हमारी भावनाएं इन्हें लेकर किसी विवाद से आहत होती हैं। हम धार्मिक वैमनस्य की गलियों में तो गोवंश के समर्थन और सुरक्षा में एकजुट हो जाते हैं, लेकिन इनके आवारा झुंडों के करीब जाने से भी कतराते रहते हैं। जब पांवटा साहिब की भावनाएं उबाल बिंदु पर थीं, तब भी शहर के किसी कोने में कोई गाय आवारा थी। जब हिंदू संवेदना इस भूखंड पर प्रचंड थी, तब भी गोवंश का कोई सदस्य कूड़े में मुंह मार रहा था या प्लास्टिक चबा रहा था। हमारा आक्रोश अगर सही है, तो हम बता दें पूरे विश्व को कि गऊ माता को हम अपनी छत या सामुदायिक जिम्मेदारी से कितना प्रश्रय देते हैं। क्या गोवंश चौराहों पर आवारा परिक्रमा का दस्तूर बनकर जीए या आवारा होते ही इसके हिस्से का नवाला छीन लिया जाए। जब तक हमारी खेती और हमारी आर्थिकी गोवंश को पूरी तरह नहीं अपनाएगी, ये असहाय प्राणी अपनी खुराक की तलाश में किसान को रुलाएगा। काश वन संरक्षण अधिनियम की परिपालना से पहले हिमाचल ने पशुओं के चारे के लिए निर्धारित जमीनों पर चीड़ न उगाए होते। हमने वे सारी धारें बर्बाद कर दीं जहां हर मौसम, परिस्थिति और हर हालत में पशुओं को चारा मिला करता था। आज परिस्थितियां शांता कुमार की गली तक बिगड़ी हैं, तो वहां घूमते आवारा पशुओं के पीछे हम सभी मूकदर्शक हैं। गोवंश की प्रासंगिकता अगर जीवन में घट गई, तो हमारे सांस्कृतिक सरोकार कहीं न कहीं खोखले व दोगले हैं। इसी बीच कांगड़ा के कच्छियारी के हर्मिंद्र सिंह के बछड़े का मूल्य अगर पशुपालन विभाग तय कर रहा है, तो इस पशुपालक की प्रयोगशाला से तमाम गोवंश समर्थकों को सेवा भाव भी सीख लेना चाहिए।

# शाम को टहलने गए दो बच्चे हुए लापता, परिजनों को सता रही अनहोनी की चिंता

## परिजनों ने पुलिस प्रशासन से लगाया खोजबीन का गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज थाना क्षेत्र के तिलहेत गांव के चतरीमौव टोला से बुधवार शाम लगभग 7 बजे घूमने के लिए निकले दो बच्चों के लापता होने की घटना सामने आई है। इस घटना से परिजन और ग्रामीण हतप्रभ हैं। दोनों बच्चे पिछले सात दिनों से घर से लापता हैं। इस संबंध में दोनों के परिजन हंटरगंज थाना पहुंचे, उनलोगो ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि दोनों बच्चे घूमने के लिए 02 अप्रैल की शाम तिलहेत (चत्रिमौव) अपने - अपने घर से निकले । उसी दिन शाम से ही गांव से दोनो बच्चे अचानक से लापता हो गए।

**लापता बच्चों की पहचान**

लापता हुए बच्चों में तिलहेत चत्रिमौव निवासी बाबूलाल भुईयां का 16 वर्षीय पुत्र रामबिरबल भुईयां, जो नौवीं कक्षा का छात्र है। वही इसी गांव का राजेश भुईयां का 14 वर्षीय पुत्र सुभाष कुमार, जो सातवीं कक्षा में पढ़ता है, दोनों उत्क्रमित मध्य विद्यालय धरधारा का छात्र हैं। इधर परिजनों ने बताया कि 02 अप्रैल की शाम को मजदूरी कर वापस लौटे तो बच्चों के गायब होने की खबर से परेशान हो गए। एक सप्ताह काफी खोजबीन के बाद भी जब दोनों का कोई सुराग नहीं मिला तो इस संबंध में सुभाष के पिता राजेश भुईयां और रामबिरबल के पिता बाबूलाल भुईयां ने हंटरगंज थाने में लिखित आवेदन देकर खोजबीन का गुहार लगाया है।। दोनों का घर एक दूसरे से सटा हुआ है।

**परिजनों की बढ़ी चिंता**

सात दिनों से बच्चों के लापता रहने के कारण परिवार वालों की चिंता बढ़ती जा रही है। किसी अनहोनी की आशंका से परिजन बेहद चिंतित हैं और प्रशासन से बच्चों को जल्द से जल्द खोजने की अपील कर रहे हैं। इधर इस हंटरगंज थानाप्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गए गई है और लापता बच्चों की तलाश के लिए प्रयास कर रही है।

# रफ्तार का कहर, दो बाइक के टक्कर में तीन युवक घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला मुख्यालय से महज चंद किलोमीटर की दूरी पर दो बाइक की सीधी टक्कर हुई जिसमें तीन युवक गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। घायलों को ईलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिसमें दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया है। सदर थाना क्षेत्र के तपेज इलाके की घटना है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस, दोनों मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना ले आई है।स्थानीय लोगों के मदद से घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया है।

## कोल वाहनों का आतंक, थम नहीं रहा है दुर्घटना



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लकडाही मोड़ के समीप बुधवार को जेईआरएल कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के हाइवा वाहन द्वारा रौनियार समाज के जिलाध्यक्ष संजीत गुप्ता, व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष विकास गुप्ता एवं भाजपा नेता रंजीत गुप्ता की कार को जोरदार टक्कर मारी। इस घटना में गाड़ी पर सवार सभी लोग बाल बाल बच गए। उधर इस घटना को लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक किशुन कुमार दास ने गहरी चिंता व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि, भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए जिला प्रशासन ठोस कदम उठाएं अन्यथा जनता के हित में हम कानूनी कार्यवाही से लेकर जनआंदोलन करने तक, हर विकल्प पर विचार करने के लिए बाध्य होंगे।

## हाथीयों ने घर का दरवाजा तोड खाया अनाज, जान बचाकर भागे लोग

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जरही ग्राम में मंगलवार की रात रास्ता भटके हुए दो हाथियों ने घर का दरवाजा तोड़कर घर के अंदर रखे चावल एवं आलू को खो गए। मुक्त भोगी देवराज भगत ने बताया कि रात को वह अपने बच्चों के साथ घर के कमरे में सोया हुआ था। अचानक से हाथियों ने दरवाजा तोड़कर अंदर रखे चावल एवं आलू को खाना शुरू कर दिये। हाथियों को देखकर उसके प्राण सूख गए किसी प्रकार बिना शोर किये वह अपने सो रहे बच्चों को चुपके से उठाकर कमरे के दुसरे दरवाजे से बाहर निकला एवं पडोसी के घर में जाकर शरण लिया। उसने बताया की घर में जो भी अनाज था सब हाथी खा गए। जिस कारण अब उसके पास सालभर के लिए अनाज की दिक्कत हो गई है। ग्रामिणों ने बताया की पिछले पांच दिनों से दो हाथी गांव के समीप वाले जंगल में डेरा डाल रखे है। जिस कारण सभी ग्रामीण काफी भयभीत हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को उनके रास्ते पर भेजने का मांग किया है।

# संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत परिसदन भवन में कांग्रेस कमेटी के बैठक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कमेटी की बैठक बुधवार को परिसदन भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे ने की।बैठक में बतौर अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी भीम कुमार उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने जिले में नियुक्त प्रखंड पर्यवेक्षकों को संगठन सुदृढ़ और मजबूत बनाने की बात कही। मौके पर संगठन सृजन कार्यक्रम पर चर्चा हुई। साथ ही सभी प्रखंड अध्यक्षों, प्रखंड प्रभारियों और मोर्चा संगठनों को पार्टी द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। आगामी दिनों में संगठन की मजबूती के लिए विशेष कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बनाई गई। बैठक में निर्देश दिया गया कि प्रत्येक सप्ताह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यक्रमों को प्रखंड, मंडल, पंचायत और बूथ स्तर तक पहुंचाया जाए। बूथ कमेटी और बीएलओ की नियुक्ति सहित सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। मौके पर बद्री राम, कामाख्या सिंह, पर्यवेक्षक संजय जयसवाल, ओमप्रकाश पाठक, सुधीर कुमार दुबे, अनिल सिंह, के कौसर, आभा ओझा, मोतीलाल पासवान, अरुण यादव, पप्पू राजा, प्रेम रंजन पासवान, रवि सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# शांतिपूर्ण रामनवमी महापर्व हुआ समापन, भास्कर स्वालंबन क्लब ने प्रखंड प्रशाशन को दिया बधाई जताया आभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखणड मुख्यालय सहित आस पास के गांवों में रामनवमी महापर्व शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। रामनवमी के इस मौके पर प्रखंड के सभी क्षेत्रों में रामनवमी का जुलूस व झांकी निकाली गई। जबकि दशमी को प्रखंड मुख्यालय गिद्धौर रामनवमी मेला स्थल में भव्य झांकी व जुलूस निकाली गई। जिसे देखने को लेकर प्रखंड क्षेत्र के साथ साथ आसपास प्रखंड के लोग भी पहुंचे।मेला स्थल में आकर्षक झांकी व विधि व्यवस्था का जायजा लेने सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज तथा सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम खंडेलवाल भी पहुंचे। प्रखंड में रामनवमी पर्व के मौके पर विधि व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहने तथा शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई। प्रखंड में जहां एक ओर प्रखंड व अंचल कर्मी को दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया।वहीं थाना प्रभारी ने जगह जगह पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से पुलिस कर्मी तैनात की थी।प्रखंड में विधिव्यवस्था दुरुस्त होने तथा शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी महा पर्व संपन्न होने पर प्रखंड मुख्यालय के उपरटोला स्थित भास्कर स्वलंबन क्लब की ओर से बीडीओ राहुल देव, सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को बधाई दिया है। बधाई देने वालों ने भास्कलर स्वलंबन क्लब अध्यक्ष सह एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र संचालक मुकेश कुमार, झांकी समिति अध्यक्ष मुकेश कुमार पोकलेन ऑनर, निर्देशक शिक्षक अनिल कुमार, राजेश कुशवाहा, मंटू कुमार, विकास कुमार, प्रभात कुमार, सचिन कुमार समेत क्लब के सदस्य शामिल है।

## बालू घाटों से प्राप्त संधारण राशि का लेखा-जोखा ठंडे बस्ते में



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत बालू घाटों के अलावा विभिन्न नदियों व अन्य स्थलों से बेरोकटोक बालू खनिज का उठाव व परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बालू घाटों से प्रतिदिन सैंकड़ों सीएफटी बालू खनिज का उठाव व परिवहन हो रहा है जिसके एवज अनुमानित प्रतिदिन हजारों रुपए संधारण राशि प्राप्त हो रहे हैं लेकिन संबंधित विभाग के उदासीनता के कारण वित्तीय वर्षों से अबतक प्राप्त संधारण राशि का लेखा-जोखा प्रस्तुत नहीं किया गया है जिससे राजस्व का नूकसान व जलवायु वातावरण बिगड़ रहा है। सुत्र बताते हैं कि बालू घाटों से बालू खनिज उठाव व परिवहन के लिए समिति द्वारा अवैध वसूली अब भी जारी है जिसकी वजह से अन्य स्थलों से भी बगैर चालान के बालू खनिज का उठाव व परिवहन किया जा रहा है। बताते चलें कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्षों में बालू घाटों से प्राप्त संधारण राशि का लेखा-जोखा अबतक प्रस्तुत नहीं किया गया है। या फिर संबंधित अधिकारी की मामले पर चुप्पी भ्रष्टाचार की तरफ इशारा कर रही है। वहीं इस मामले पर अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्षो के अलावा वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्राप्त संधारण राशि के आय व्यय का ब्यौरा मांगा गया लेकिन उपलब्ध नहीं कराया गया है जबकि प्रत्येक दिन के आय व्यय का ब्यौरा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि हमने खनन विभाग व पंचायत राज विभाग को अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए पत्र भेज दिया है।

# प्रचंड गर्मी से मिली राहत, मूसलधार बारिश ने बदला मौसम का मिजाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी ने आम जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया था। तीखी धूप और लू के चलते लोग दोपहर के समय घरों से बाहर निकलने से बच रहे थे। आवश्यक कार्यों के लिए भी लोग सुबह और शाम के समय ही निकलते थे। इस गर्मी का असर न केवल इंसानों पर पड़ा, बल्कि पशु-पक्षी भी बेहाल हो गए थे। ग्रामीण क्षेत्रों में कई कुएं और तालाब सूख गए थे, जिससे पशुओं के लिए पानी की भारी किल्लत हो गई थी। खेतों की मिट्टी भी सूखने लगी थी, जिससे किसान चिंतित नजर आ रहे थे कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आगामी खेती पर बुरा असर पड़ेगा। हालांकि, बुधवार दोपहर के बाद मौसम ने अचानक करवट ली और जिले के कई हिस्सों में मूसलधार बारिश हुई। इस बारिश ने जहां तापमान में उल्लेखनीय गिरावट लाई, वहीं तपिश से झुलसे लोगों को बड़ी राहत दी। सूखी धरती को भी जीवनदान मिला और वातावरण सुहाना हो गया।बारिश के बाद लोग खुशी से झूम उठे। बच्चे ठंडे मौसम में खेलते नजर आए, वहीं कुछ युवा मोटरसाइकिलों पर घूमते दिखाई दिए। चौक-चौराहों और बाजारों में फिर से रौनक लौट आई।

# झारोटेफ आंदोलन का दूसरा चरण शुरू, 23 अप्रैल तक चलेगा ज्ञापन कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एंप्लॉई फेडरेशन (झारोटेफ) जिला इकाई लातेहार के बैनर तले बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व एवं जिला प्रवक्ता उमेश सिंह उजाला के मौजूदगी मे सरकारी कर्मियों की मांगों के समर्थन में ध्यानाकर्षण रैली-सह-ज्ञापन कार्यक्रम के तहत 09 अप्रैल 2025को बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें झारखंड राज्य के सरकारी कर्मचारियों की प्रमुख तीन मांग शिक्षकों के लिए एमएसपी सरकारी कर्मी का सेवानिवृत्ति उम्र 62 वर्ष करना एवं केंद्रीय कर्मचारियों की भांति राज्य सरकार के कर्मचारियों को शिशु शिक्षण भत्ता का मांग किया गया। इस कार्यक्रम मे विभिन्न विभागों से सैकड़ों कर्मचारी मौजूद थे। जिसमें अशोक कुमार सिंह, उमेश सिंह, मुनेश्वर सिंह, मदन प्रसाद, पुरुषोत्तम सिंह,अरुण महतो, रजनीकांत, उमेश राम, राजीव नयन, अशोक कुमार उपस्थित थे।

# महुआ चुनने गये युवक पर लकड़बग्घे का हमला, गंभीर रूप से घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पलामू टाइगर रिजर्व के करमडीह गांव में महुआ चुनने गए दीपक सिंह खरवार पर लकड़बग्घे ने हमला कर दिया। घटना सुबह करीब चार बजे की है, जब दीपक अन्य ग्रामीणों के साथ जंगल गया था। अचानक हुए हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर मचाने और डंडे से बचाव के प्रयास के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिससे लकड़बग्घा भाग गया। घायल दीपक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। उसके चेहरे और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं, लेकिन वह अब खतरे से बाहर है।घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम रेंजर अजय टोप्पो के नेतृत्व में अस्पताल पहुंची। घायल से मुलाकात कर मामले की जानकारी ली गई और विभाग द्वारा आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। प्रारंभिक सूचना तेंदुए के हमले की थी, लेकिन जांच में लकड़बग्घा का हमला साबित हुआ।

## नेतरहाट आवासीय विद्यालय में तीन शिक्षक निलंबित, छात्रों में भय का माहौल



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के प्रतिष्ठित नेतरहाट आवासीय विद्यालय में एक बार फिर से बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया गया है। विद्यालय में लंबे समय से चल रही शिक्षकों की आपसी रंजिश अब गंभीर रूप ले चुकी थी, जिससे विद्यालय के अनुशासन और शैक्षणिक माहौल पर प्रतिकूल असर पड़ रहा था। इसी पृष्ठभूमि में विद्यालय प्रबंधन ने अनुशासनहीनता और प्रबंधन विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने के आरोप में तीन शिक्षकों - राकेश कुमार, अतुल रंजन एक्का और रवि प्रकाश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस घटनाक्रम के बाद विद्यालय में छात्रों के बीच भय और असमंजस का माहौल बन गया है, जिसका असर उनकी पढ़ाई पर साफ़ देखा जा रहा है। विद्यालय प्रशासन ने कहा है कि छात्रों की सुरक्षा और शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।सूत्रों के मुताबिक, मामले की विस्तृत जांच जारी है और भविष्य में और भी कड़े कदम उठाए जा सकते हैं।

# बालूमाथ के ट्रक मालिक ने सातवें दिन कोलियरी में दिया धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** विस्थापित प्रभावित ट्रक ऑनर एसोसिएशन के बैनर तले बालूमाथ ट्रक ऑनर एसोसिएशन के सदस्यों ने सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में 24 सूत्री मांग को लेकर सातवें दिन धरना दिया । धरना में शामिल लोगों ने बताया कि हम लोगों की मुख्य मांगे हैं कि नियमित अच्छी क्वालिटी का कोयला रेजिंग दिया जाए। ट्रक से ही कोयला का ढुलाई कार्य हो, कोयले स्टॉक में लगी आग को बुझाया जाए, अच्छा ग्रेड के कोयला जी12 का सेल में ऑप्शन निकाला जाए, विस्थापित प्रभावित गांवों को मुफ्त बिजली, पानी मिले, विस्थापित-प्रभावित गांवों में अस्पताल और उच्च शिक्षा की व्यवस्था हो, एसओपी नियम के तहत कोलियरी में ट्रकों का प्रवेश एवं लोडिंग कराया जाए, कोलियरी के आसपास गांव में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाए, पिंडारकोम एवं नगडा गांव में पानी का छिड़काव किया जाए, पेलोडर की जगह मैन्युअल लोडिंग किया जाए सहित कई मांगे शामिल है । आगे कहा कि इन सभी मांगों पर जल्द ही कोई निर्णय नहीं लिया गया तो बड़ा आंदोलन का रूपरेखा तैयार किया जाएगा। मौके पर कमलेश सिंह, दीपू गुप्ता, मो जुनैद, नामेश्वर गुप्ता, प्रदीप सिंह,रवींद्र सिंह,अर्जुन साव समेत बालूमाथ के कई ट्रक मालिक शामिल थे।

# सत् प्रतिशत नामांकन को लेकर विद्यार्थियों ने निकाला जागरूकता रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सालवे पंचायत के राजकिय मध्य विद्यालय सालवे के छात्र छात्राओं ने सत प्रतिशत नामांकन को लेकर प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में विद्यालय परिसर से अलखडिहा मोड़ तक जागरूकता रैली निकाला गया. इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य शुक्ला ने बताया कि लातेहार उपायुक्त के निर्देशानुसार विद्यालय मे सत प्रतिशत नामांकन व विद्यार्थियों के उपस्थिति को लेकर यह जन जागरूकता रैली निकाला गया है .इस दौरान प्रधानाचार्य ने सभी ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि जिनके बच्चे छह साल के हो गये है.वे अपने बच्चों का नामांकन जरुर करवाए. मौके पर शिक्षक रामजी प्रसाद, इमरेशिया कुजूर, बिन्देश्वर राम व विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## रांची से नाबालिग बच्ची का रेस्क्यू, समाजसेवी की सजगता से बची मासूम



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ की 10 वर्षीय गजन्ती नागेशिया को उसके पिता और जीजा कथित रूप से घर के काम के लिए रांची ले जा रहे थे। बस यात्रा के दौरान एक यात्री को संदेह हुआ, जिसने समाजसेवी जेरोम जेराल्ड को सूचना दी। जेरोम की तत्परता और झारखंडीज आदिवासी विमेन एसोसिएशन (जावा) की सक्रियता से बच्ची को रेस्क्यू कर वापस गांव भेजा गया। संस्था ने इसे बालश्रम का मामला बताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह घटना दर्शाती है कि सजग नागरिक और जिम्मेदार संस्थाएं मिलकर मासूमों को e&ploitation से बचा सकती हैं।

# हजारीबाग में रामनवमी की भव्य शोभायात्रा संपन्न

## अस्त्र-शस्त्र परिचालन में लगभग 1300 श्रद्धालु घायल








प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** रामनवमी के शुभ अवसर पर हजारीबाग में इस वर्ष की शोभायात्रा ऐतिहासिक रूप से सबसे अधिक भव्य और लंबी रही। यह शोभायात्रा दशमी तिथि 8 अप्रैल की देर रात्रि प्रारंभ हुई जो 9 अप्रैल की सुबह करीब 3 बजे जाकर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस अवसर पर लाखों की संख्या मे लोग उमड़े, जिन्होंने भगवान श्रीराम की भक्ति में लीन होकर श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया।

शहर की मुख्य सड़कों से होकर निकली इस शोभायात्रा में अनेक धार्मिक झांकियाँ प्रस्तुत की गई, जिनमें राम-सीता, लक्ष्मण, हनुमान, शिव-पार्वती, रावण व अन्य पौराणिक पात्रों का जीवंत चित्रण लोगों को आकर्षित करता रहा। विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक संगठनों ने इन झांकियों को सजाने में विशेष योगदान दिया। इसके साथ-साथ पारंपरिक अखाड़ों द्वारा किया गया अस्त्र-शस्त्र संचालन भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बना रहा।

अखाड़ों के सदस्यों ने तलवारबाजी, लाठी-डंडा, त्रिशूल संचालन सहित विभिन्न पारंपरिक युद्धक कलाओं का प्रदर्शन किया। इस दौरान उत्साह की अधिकता और भीड़ की अधिक संख्या के कारण कुछ जगहों पर अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसके चलते लगभग 1300 श्रद्धालु घायल हो गए। अधिकांश घायलों को हल्की चोटें आई, लेकिन कुछ लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए।

प्रशासन और जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से सुरक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के व्यापक इंतजाम किए गए थे। घायलों का इलाज शहर के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं विभिन्न स्थलों पर लगाए गए अस्थाई मेडिकल कैम्पों में किया गया। मेडिकल टीमों ने तत्परता दिखाते हुए प्राथमिक चिकित्सा पहुंचाई, जिससे स्थिति को जल्द नियंत्रण में लाया जा सका।

पूरे आयोजन के दौरान जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, रामनवमी महासमिति और स्वयंसेवी संस्थाओं ने बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया । हर चौक-चौराहे पर सुरक्षाबल तैनात रहे और ड्रोन कैमरों से भीड़ पर नजर रखी गई। नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था भी मजबूत रखी गई थी।

रामनवमी की इस शोभायात्रा ने इस वर्ष कई कीर्तिमान स्थापित किए। यह पहली बार था जब रामनवमी का जुलूस द्वादशी की सुबह तक चली और लोगों का उत्साह अंतिम क्षणों तक बना रहा। श्रद्धालुओं ने न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रदर्शन किया, बल्कि अनुशासन और भाईचारे की भी मिसाल पेश की।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने शोभायात्रा के सफल और शांतिपूर्ण समापन पर सभी आयोजकों, श्रद्धालुओं, चिकित्सकों, सुरक्षाकर्मियों और स्वयंसेवकों का आभार प्रकट किया है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले वर्षों में इस आयोजन को और बेहतर और सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## रामभक्तों के उत्साह, उमंग व मर्यादा ने रामनवमी उत्सव को किया सफल : बसंत यादव



**हजारीबाग :** हजारीबाग की रामनवमी जो अपनी भव्यता के लिए विश्व विख्यात है शांतिपूर्वक, सौहार्दपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो गया। इस संबंध में रामनवमी महासमिति अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि प्रशासन, पुलिस प्रशासन और महासमिति के आपसी समन्वय और तालमेल का नतीजा रहा कि इस वर्ष की रामनवमी अन्य वर्षों की अपेक्षा काफी उत्साहपूर्ण और शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। अखाड़े के भक्तों और आम दर्शकों ने इस विश्वविख्यात जुलूस का आनंद उठाया, सुरक्षा बलों ने धैर्य दिखाया, महासमिति के सदस्यगण जुलूस बढ़ाने और सदर अस्पताल में चोटिल के इलाज कराने समेत हर जगह सक्रिय रही। अध्यक्ष बसंत यादव ने रामनवमी को सफलतापूर्वक संपन्न होने पर जिला प्रशासन, सांसद, विधायकगण, महासमिति के पूर्व अध्यक्षगण, महासमिति को सहयोग करने वाली अन्य सभी समितियां, सभी अखाड़ों/समिति के अध्यक्ष, सचिव व सदस्यगण, मीडियाकर्मी, समाजसेवीगण, नगर निगम प्रशासन और सभी वार्ड पार्षद, सभी जिला परिषद सदस्यों, पंचायत के मुखिया व पंचायत समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## शांतिपूर्वक रामनवमी संपन्न कराने पर संजय सिंह ने प्रशासन को दिया बधाई



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह ने बड़कागांव प्रखंड में शांतिपूर्वक रामनवमी संपन्न होने पर जिला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों को बधाई दिया। उन्होंने कहा बड़कागांव प्रखंड में ऐतिहासिक रूप में महा रामनवमी को त्यौहार मनाया गया। इस त्यौहार में नवमी एवं दशमी को जुलुस झांकी राम भक्तों के द्वारा एवं अस्त्र शास्त्र का कला प्रदर्शन दिखाया गया। एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार,वीडियो जितेंद्र मंडल, सीओ मनोज कुमार ,थाना प्रभारी नेमधारी रजक, पुलिस बल के जवान, रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक सोनी सहित 13 अखाड़े के राम भक्त धन्यवाद के पात्र हैं।

## एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया के छात्र सिनू ने नेवी एसएसआर के पद पर लहराया परचम



**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** प्रखंड के एडिशन पब्लिक टाटीझरिया छात्र और झरपो पंचायत के बेटा सिनू कुमार पिता दशरथ प्रसाद माता सरिता देवी के पुत्र इंडियन नेवी (स्स्क्र) पद पर चयनित किया गया। विद्यालय के विद्यार्थी नेवी स्स्क्रपद पर चयनित खबर की जानकारी पाते ही शिक्षक शिक्षिकाओं में काफी खुशियां व्याप्त है । स्कूल की प्रधानाचार्य सुधा कुमारी ने कहा कि हमारे विद्यालय में विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है अब तक कई विद्यार्थियों ने इस विद्यालय से कई विभाग के पद पर अपना परचम लहरा कर स्कूल , गांव प्रखंड ,जिला क्षेत्र का नाम रौशन किया है। वही विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओं संग क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों में झरपो पंचायत मुखिया सह 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी,टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल ,उपप्रमुख रवि वर्णवाल,जिप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी,सुरेश मिश्र समेत अन्य कई लोगों ने इस नेक कार्य को लेकर विद्यालय परिवार पर गौरवान्वित कर क्षेत्र का नाम रौशन करने वाले बेटे को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं किया।

## अज्ञात चार पहिया वाहन की चपेट में आने से दो युवक हुए घायल



**टाटीझरिया प्रभात मंत्र संवाददाता ।** प्रखंड के भराजो पंचायत के आमनारी गांव निवासी शिक्षक राजकुमार रविदास के पुत्र मंटू कुमार रवि उम्र लगभग 20 वर्ष और नरेश रविदास के पुत्र उदय रविदास उम्र लगभग 18 वर्ष हजारीबाग से अपने घर आमनारी वापस लौटने के क्रम हजारीबाग विष्णुगढ़ एनएच 522 मुख्य मार्ग स्थित सदर प्रखंड के मेरु में पीछे से आ रही अज्ञात चार पहिया वाहन ने मोटर साइकिल में सवार दो युवकों को अपने चपेट में ले लिया। मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर घटना स्थल पर ही गिर गया जिससे दोनों युवक गंभीर अवस्था में घायल हो गए। खबर लिखे जाने तक घायल युवकों को स्थानीय लोग एवं राहगीरों के अथक प्रयास से दोनों घायल युवकों के परिजनों को दूरभाष नंबर एवं वाट्सएप समूह के माध्यम से सूचना देकर प्राथमिक चिकित्सा क्षेत्रीय चिकित्सक से करवा कर बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल ( सदर अस्पताल ) भेज दिया गया।

## बरही पुलिस रेस्क्यू कर लाया अज्ञात बालक, चाइल्ड लाइन केयर को सौंपा



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** बरही पुलिस को मंगलवार रात्रि करीब10:30 गुप्त सूचना मिली कि पंचमाधव में सड़क किनारे एक अज्ञात बालक घायल अवस्था में है,जो कुछ बोल पा नहीं रहा है। इस बाबत बरही थाना पुलिस ने पंचमाधव जीटी रोड के किनारे जीवलाल राणा के घर के पास से रेस्क्यू कर उक्त बालक को बरही थाना लाया गया। रेस्क्यू टीम में गए बरही थाना के एसआई सुशील कुमार ने बताया कि अज्ञात बालक का उम्र करीब 14 वर्ष की है, वह कुछ बोल नहीं पा रहा है। सिर पर हल्की चोट भी लगी है। वह विक्षिप्त जैसा प्रतीत हो रहा है। उसे ससुरक्षित बाल गृह हजारीबाग ले जाया गया। वहीं (सी डब्लू) बाल कल्याण समिति ले जा रहा था, इस बीच उनकी तबियत खराब हो गई, जिसे जिला के अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद चाइल्ड लाइन केयर में देख रेख के लिए छोड़ दिया गया। उन्होंने आग्रह किया कि किन्ही को इस बालक के विषय पता चले तो फौरन बरही थाना को सूचना दें ताकि उस बालक को परिजन को सौंपा जा सके।

## करमा शिव मंदिर में जल यात्रा के साथ प्रथम वर्ष गांठ के अवसर पर तीन दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के खैरा पंचायत के करमा गांव में बीते पिछले वर्ष 2024 में श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ क्षेत्रीय पुरोहित भुनेश्वर पांडेय,विजय पाण्डेय आचार्य अभिषेक शास्त्री के सानिध्य में ग्रामीण श्रद्धालुओ के मौजूदगी में अनुष्ठान करवाया गया था। जो कि इस वर्ष 2025 में एक वर्ष बीत जाने के बाद के अवसर पर तीन दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन जल यात्रा, प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चारण पूजन, रुद्राभिषेक, हवन, आरती, महाप्रसाद वितरण के साथ शुभारंभ कर वर्ष गांठ मनाया जाएगा। जल यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने डीजे साउंड के भक्ति गीत पर खूब झूमते थिरकते एवं जय श्री राम,जय जय श्री राम की जय घोष लगाते देखे गए। क्षेत्र के चारों ओर भक्तिमय गीत जयकारे से गुंजायमान हो गई। वही जल यात्रा में शामिल खैरा पंचायत की स्थानीय मुखिया कुमारी माधुरी ने कहा कि क्षेत्र में यज्ञ हवन अनुष्ठान पूजा पाठ आदि होने से संपूर्ण क्षेत्र वा विश्व का कल्याण होता है और क्षेत्र में लोगों का ईश्वर की आसिम कृपा प्राप्त होती है तथा अनन्य इच्छित मनोकामनाओं की प्राप्ति होती हैं । यज्ञ,अनुष्ठान के दौरान अग्नि में दी जाने वाली सामग्रियों में जौ तिल, शर्करा, मधु, धूमन, घी, गूगुल, चंदनधूरा आदि अन्य सामग्रियों से दी जाने वाली हवन की आहुति से क्षेत्र का वातारण शुद्ध होती है। यह बात कहते हुए खैरा मुखिया कुमारी माधुरी ने लोगो को रामनवमी महोत्सव की क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दिया । मौके पर खैरा पंचायत मुखिया कुमारी माधुरी प्रधान पुजारी तुलेश्वर राणा, वार्ड सदस्या मो. जितनी , मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश कुमार वर्मा समाज सेवी अरविंद केशरी, पसंस विनय कुमार,बालदेव शर्मा,शंकर राणा,लखन पासवान,भोला ठाकुर,राजेश पासवान,कृष्ण देव राणा,सुरेंद्र राणा,कुलदीप राणा,कैला पासवान,जय प्रकाश नारायण,छोटी सिंह समेत अन्य कई सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

## सांसद मनीष जायसवाल द्वारा गरीब बेटियों के लिए उपलब्ध कराया गया लहंगा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा लोकसभा क्षेत्र के गरीब बेटियों के बीच लहंगा वितरण कार्यक्रम के तहत बुधवार को बड़कागांव के विभिन्न गांव में बड़कागांव सांसद प्रतिनिधि पूनम साव के नेतृत्व में लहंगा वितरण किया गया। जिसमें बड़कागांव, पड़रिया, चोरका, जमनीडीह, आराहारा, लगातू, जुगरा, चेपा कला आदि गांव में घर-घर जाकर लहंगा उपलब्ध कराया गया। जो नियमित रूप से जारी रहेगा। मौके पर विधानसभा विधानसभा प्रतिनिधि पूनम शाह, सह प्रतिनिधि कृष्णा राम, बड़कागांव विधानसभा मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, बड़कागांव मंडल प्रतिनिधि रंजीत कुमार, सिद्धार्थ कुमार मौजूद थे।

## हनुमान जन्मोत्सव को लेकर पोस्टर विमोचन व प्रचार वाहन को हरी दिखाकर किया गया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के तत्वधान में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव सह मंडल का 44 वां वार्षिक उत्सव को ले बुधवार के देर शाम श्री अग्रसेन भवन में पोस्टर विमोचन एवं प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एसबीआई झुमरीतिलैया शाखा के मुख्य प्रबंधक अमर कुमार सिंह,तनिष्क शोरूम के कोडरमा निदेशक विमल फोगला,हर्ष जालान, सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार,आरएसएस के दिलीप सिंह,मंडल के संरक्षक मधुसूदन दारूका, प्राइवेट स्कूल चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बीएनपी बर्णवाल,क्लोरोफिल के निदेशक अजय अग्रवाल, समाजसेवी, अभिषेक पांडेय, बीरू यादव, मारवाड़ी सम्मेलन के पप्पू केडिया मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर मुख्य अतिथि अमर कुमार सिंह ने कहा कि हनुमान जी की शक्ति अद्वितीय है।और हनुमान मंडल का यह महोत्सव एक अनूठी छाप छोड़ेगा।वहीं विमल फोगला ने कहा कि हनुमान मंडल एक यूनिवर्सिटी है और मंडल अद्वितीय कार्य कर पूरे विश्व मे एक अलग पहचान बनाई है।हर्ष जालान ने कहा कि शक्ति और भक्ति का अनूठा संगम हनुमान मंडल है।सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार ने कहा कि भक्ति के बिना कोई भी कार्य नही हो सकती।बीएनपी बर्णवाल,अजय अग्रवाल,दिलीप सिंह,मुन्ना भदानी ने कहा कि हनुमान मंडल एक धार्मिक संगठन में अलग पहचान बनाई है।और यह मंडल एक बटवृक्ष के समान है बाकी इसकी सभी शाखाएं है।कार्यक्रम का मंच संचालन मंडल के अध्यक्ष नवीन सिन्हा ने किया।जबकि धन्यवाद ज्ञापन संचालक विजय पांडे ने किया।मौके पर सचिव विक्की केशरी,कोषाध्यक्ष बबलू पांडेय,धीरेन्द्रनाथ मिश्रा,बिनोद कुमार,अरविंद चौधरी,संदीप केडिया,आशुतोष भदानी,सज्जन शर्मा,चंद्रशेखर जोशी,आलोक कुमार सिन्हा,विकास अग्रवाल,राकेश बजाज,रितेश पाण्डेय,नितिन मिश्रा, चन्द्रशेखर शर्मा,ओम प्रकाश,अभिषेक रंजन सहित काफी संख्या में मॉडल के सदस्य उपस्थित थे।

## पैसा डबल के लालच मे सैकड़ो लोग ट्रेजर का हुए शिकार, विड्रॉव होने के बाद नहीं निकल रहा है राशि




प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** कोडरमा जिले व आसपास के कई जिलों में ट्रेजर एनएफटी (नॉन- फंजिबल टोकन) के नाम पर डिजिटल धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस ऑनलाइन जालसाजी में कई जनप्रतिनिधि समेत हजारों लोगों को लाखों करोड़ों रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। पीड़ितों का अनुमान है कि उन्हें लगभग करोड़ रुपये का सामूहिक नुकसान हुआ है। इस धोखाधड़ी में पीड़ितों को ट्रेजर एनएफटी नामक एक आभासी संपत्ति में निवेश करने के लिए लुभाया गया। जालसाजों ने उन्हें बताया कि यह डिजिटल संपत्ति तेजी से मूल्य में बढ़ रही है, और जल्द ही उनके निवेश पर ग्राहक लोगों को लगाया करोड़ों का चुना Treasure नेट रिटर्न मिलेगा। डोमचांच प्रखंड के कई लोग, इस आकर्षक प्रस्ताव के बहकावे में आ गए और उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई इस आभासी बाजार में लगा दी। इस डिजिटल डकैती का शिकार कई समाजसेवी व आम लोग भी हुए हैं. जानकारों के माने तो कोडरमा जिला के लोगों को करोड़ रूपए का समूहिक आर्थिक नुकसान हुआ है। कोडरमा वासियों ने इस जालसाजी में अपनी गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा निवेश किया था जो अब डूब चुका है। वहीं कई लोगों का कहना है की कंपनी अभी डूबा नहीं है बल्कि कुछ नियम चेंज हुआ है. जैसे की पहले कंपनी 96 घंटे मे राशि निकाशी होती थी परंतु अब 360 घंटे के बाद निकाशी होती है. जानकारी के अनुसार यह भी बात सच है की 25 मार्च से विड्रॉव होने के बाद किसी का राशि निकाशी नहीं हुआ है।

## अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्राचार्य सम्मेलन का आयोजन, शिक्षा-तकनीकि से जुड़ी उपादेयता पर विचार-विमर्श



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चंदवारा :** अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्राचार्य सम्मेलन हो गया. कार्यान्वयन हेतु समीक्षा हुए एजेंडा पॉइंट्स अखिल भारतीय प्राचार्य सम्मेलन का दूसरा दिन, एर्णाकुलम सैनिक स्कूल की प्राचार्या के स्वागत सम्बोधन के साथ शुरू हुआ। इस सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे माननीय संयुक्त सचिव, सैनिक स्कूल सोसायटी ने सर्वप्रथम नवनिर्मित प्राचार्य-गण से ई-माध्यम से औपचारिक मुलाकात की तत्पश्चात उपस्थित गणमान्य प्राचार्य-गण व अन्य समस्त नवउद्घाटित सैनिक स्कूलों के प्राचार्य-गण से ऑनलाइन माध्यम से एजेंडा विंदुओं पर जानकारी प्राप्त की व वस्तुस्थिति की समीक्षा की। इस अनंतर प्राचार्य सैनिक स्कूल कालीकिरी के द्वारा सैनिक स्कूल शिक्षा तंत्र में लीवरएजिंग डिजिटल टेक्नोलॉजी और आर्टिफीसियल इंटेलीजेन्स की उपादेयता पर, सभा के साथ चर्चा हुई और सैनिक स्कूलों में आगामी भविष्य की शिक्षा-तकनीकि से जुड़ी उपादेयता पर विचार-विमर्श किया गया। भविष्योन्मुखी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रयोगधर्मी उत्पादकता से जुड़े एजेंडा विंदुओं पर, सारे दिन समीक्षा व चर्चा का क्रम जारी रहा। आज दिन के उत्तरार्ध में संयुक्त सचिव ने अपनी समीक्षा-चर्चा के उपरांत सभी आगंतुक गणमान्य अतिथियों को धन्यवाद देते हुए 'स्मृति-चिह्न' प्रदान किये एवम् प्राचार्य सैनिक स्कूल तिलैया, कर्नल एस.मोहनराव आर. ने पधारे गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद-ज्ञापन किया। तिलैया में आयोजित इस सम्मेलन के समीक्षा विंदु एवम् तय की गयी योजनाएं, भारत सरकार की अंतरिम नीतियों के सापेक्ष अत्यंत उर्वर तथा प्रायोगिक संदर्भो से भरी रहेंगी। उम्मीद की जा सकती है कि आगामी भविष्य में सैनिक स्कूलों का, उभरते भारत-वर्ष और जन-सामान्य की चुनौतियों-अपेक्षाओं से सम्यक ताल-मेल बना रहेगा व आधुनिक शिक्षा नीति का, स्वर्णिम भारत के सपनों से आशातीत सामंजस्य दिखेगा। और तकनीकि, अर्थव्यवस्था, परिवर्तनशील भूमंडलीय राजनैतिक परिप्रेक्ष्य में ये सैनिक स्कूल, भारत-वर्ष के हर कोने - हर वर्ग की युवा प्रतिभाओं को समेकित करके नयी संभावनाओं और चुनौतियों के लिए तैयार रहेंगे ।

## कोडरमा में पेंशन अदालत 16 अप्रैल को



**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** बुधवार को पेंशनर समाज की मासिक बैठक पेंशनर्स कार्यालय में अध्यक्ष नारायण मोदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें कई प्रस्ताव लिए गए। 16 अप्रैल को उपायुक्त कोडरमा के कार्यालय ने पेंशन अदालत आयोजित होने की जानकारी दी गई। पेंशन भोगी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इसमें शामिल होंगे। वहीं माध्यमिक शिक्षक, कार्यरत एवं सेवानिवृत्ति शिक्षकों का जल्द से जल्द प्रवरण वेतनमान की मांग जिला शिक्षा पदाधिकारी से की गई। श्रीमती उर्मिला देवी पति स्व जनार्दन प्रसाद सिंह का जो प्लस टू उच्च विद्यालय डोमचांच में पदस्थापित थे, उनका सातवां वेतन पुनरीक्षण से संबंधित कागजात महालेखाकार रांची द्वारा आपत्ति लगाकर जिला शिक्षा पदाधिकारी कोडरमा को तथा उनके द्वारा अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा पदाधिकारी कोडरमा को भुगतान की प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। संबंधित पारिवारिक पेंशन भोगी को भुगतान की कार्रवाई की मांग की गई। वहीं पेंशनभोगी भगवती प्रसाद सिंह के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। बैठक में अध्यक्ष नारायण मोदी के अलावा नारायण सिंह, सीता प्रसाद, महेश्वर पांडेय, बलदेव मोदी, चंद्रिका प्रसाद, भोला चौधरी, महेश्वर सिंह आदि उपस्थित थे।

## सांकुल में भक्ति जागरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम सांकुल में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर किया।इसके पूर्व बड़कागांव विधायक और जिला पार्षद सदस्य राजाराम प्रजापति को गांव के समाजसेवी महेश साव और रमेश साव के द्वारा फूलमाला पहनाकर और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया।वहीं मौके पर आजसू जिला सहसचिव अजय कुमार रवि,आजसू प्रखंड कार्यकारिणी अध्यक्ष बृजेश सिंह, आजसू प्रखंड ओबीसी मोर्चा के गणपत साव,अशोक पाठक,राज कुमार राम,समाजसेवी प्रवक्ता झूबर राम,संजोत राम,छोटन राम,सुनीता देवी,संजय सिंह आदि के साथ काफी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे ।

## अप्रिता महिला मंडल ने सयाल भगत सिंह चौक पर लगाया मैडिकल कैम्प,बाटे चना,तरबुज, लस्सी




**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अप्रिता महिला मंडल के अन्तर्गत बरकासयाल महिला समिति द्वारा बुधवार को सयाल आठ नंबर स्थित भगत सिंह चौक पर निःशुल्क मैडिकल कैम्प लगाया गया। वहीं इस कैंप में महिलाओं के बीच सैनेट्री पैड एवं बढती गर्मी को देखते हुए ग्रामीणों के बीच पानी,चना,तरबुज, लस्सी,रसना,छाछ का वितरण किया गया। वहीं इस मौके पर बरका सयाल अप्रिता महिला मंडल कि अध्यक्ष सुधा सिंह, निमिशा पम्मी, रोशनी कुमारी,शोभा मुंडा, बबीता कुमारी,स्वेता प्रियदर्शी,रिंकू सिंह,सुधा कुमारी आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## सरकारी पैसों के गबन का आरोपी को जमानत, चितरपुर पदस्थापित

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के मांडू थाना में कांड संख्या 228/2040 में आरोपी मंजीत कुमार पिता स्व महेंद्र चौधरी को झारखंड उच्च न्यायालय ने बरी किया। इन पर सरकारी पैसे के लूट का आरोप था। मंजीत कुमार पर आरोप था कि मांडू प्रखंड में नाजिर के पद पर रहते हुए उन्होंने बीडीओ के फर्जी हस्ताक्षर कर स्थानीय बैंक से लाखों रुपए की अवैध निकाशी कर, सरकारी पैसों का गबन किया। ।उसके बाद आरोपी को हिरासत में ले कर रामगढ़ जिला कारगर में डाल दिया गया था। निचली अदालत से इसकी रिहाई की याचिका खारिज होने के उपरांत उन्होंने झारखंड उच्च न्यायालय में रिहाई की याचिका दायर की जिसकी सुनवाई 11 मार्च 2025 को संपन्न हुई । इनके अधिवक्ता ने न्यायालय से आग्रह किया कि मनजीत कुमार निर्दोष है इन्हें साजिश के तहत फसाया गया है। सुनवाई के दौरान न्यायालय से प्रार्थी के अधिवक्ता ने यह गुजारिश की गई कि अभियोजन पक्ष के द्वारा मनजीत को नाजिर पद का प्रभार प्रतिवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करे। अभियोजन पक्ष न्यायालय के समक्ष मंजीत को नाजिर के पद का प्रभार प्रतिवेदन प्रस्तुत करने असमर्थ रहा की आरोपी कभी भी मांडू ब्लॉक नाजिर पद का प्रभार कभी ग्रहण किया। न्यायालय ने अपने आदेश में उक्त बातों का उल्लेख करते हुए ये कहा कि यह एक विशिष्ट मामला है जिसमें आरोपी कभी भी नाजिर का पद प्रभार का ग्रहण नहीं किया था, अतः मनजीत कुमार पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद है। उच्च न्यायालय अपने इस मंतव्य के आधार पर इस निर्णय पर पहुंचा है कि आरोपी निर्दोष है उसकी जमानत स्वीकार कर कारावास से मुक्त किया जाता है।

## मांडू विधायक ने छोटू पटेल को नगर परिषद एवं कोयलांचल का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू विधायक निर्मल महतो ने मांडू



विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत रामगढ़ नगर परिषद् व कोयलांचल क्षेत के जन समस्या के समाधान हेतु भावेश चन्द्र पटेल उर्फ छोटू पटेल अरगड़ा कोलयरी अरगडा, रामगढ़ को अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त करता हूँ। इसमें के घर छोटू पटेल ने बताया कि जो मांडू विधायक निर्मल महतो ने मुझे दायित्व सौंपा है उसे पर वह पूरी तरह खरा उतारने की कोशिश करूंगा।

## प्रोजेक्ट सम्पूर्णा के तहत बाल संसद गोष्ठी का हुआ आयोजन

# बाल संसद विद्यालय में सुरक्षित वातावरण का निर्माण कर रहे है : नलिनी रंजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** बुधवार को गाँधी मेमोरियल मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय रामगढ़ में प्रोजेक्ट सम्पूर्णा के तहत बाल संसद गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाल संसद के सदस्यों का उनके विद्यालय विकास में योगदान के लिए उनकी भूमिका को चिन्हित करना और पहचान देना था।कार्यक्रम में ज़िले के 3 उत्कृष्ट विद्यालयों के छात्र - छात्राओं ने अपने अपने बाल संसद के अनुभव को साझा किया। ज़िला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन ने छात्रों के इस अनुभव की सराहना करते



हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी। क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी बबीता कुमारी ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने और अपना बहुमुखी विकास करने के लिए प्रेरित किया। बता दें कि प्रोजेक्ट सम्पूर्णा जो हर्ष जोहार कार्यक्रम के नाम से भी प्रचलित है जिसका उद्देश्य बच्चों में सामाजिक भावनात्मक कौशल को विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान बाल संसद के सदस्यों को उनके विशेष योगदान के लिए ज़िला अधिकारियों द्वारा प्रमाणपत्र और मेडल देकर सम्मानित भी किया गया। मौक़े पर एडीपीओ नलिनी रंजन, आरईओ बबीता कुमारी, प्रोजेक्ट संपीड़न से मनीष कुमार, पार्थी मिश्र, राखी कुमारी ,सरिता सिंह और सत्यजीत कुमार मौजूद थे।

## सांसद से प्रधानमंत्री आवास योजना का ऑनलाईन फॉर्म कैंप लगवाकर भारवाने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** सांसद प्रतिनिधि एवं भाजपा नगर परिषद क्षेत्र अध्यक्ष मनोज गिरी ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से आवेदन देकर मांग की है कि रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना का ऑनलाईन फॉर्म भरा जा रहा है। जो कि गुप्त तरीके से बिचौलियों के माध्यम से भरा जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना का ऑनलाईन फॉर्म वार्डो के पंचायत सचिवालय में कैंप लगाकर भरना चाहिए। कैंप लगाकर भरने से गरीब परिवारों को इस योजना का लाभ मिल पाता। बिचौलियों के माध्यम से जो ऑनलाईन फॉर्म प्रधानमंत्री आवास योजना के वेरिफिकशन के नाम पर मोटी रकम की वसूली की जाती है। जिसको लाभ मिलना चाहिए उसे लाभ नहीं मिल पा रहा है। उक्त बातो को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना का ऑनलाईन फॉर्म कैंप लगवाकर भरवाने की मांग की गई है।

## रजरप्पा डीएवी स्कूल मे आर्य समाज का 150 वां स्थापना दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** सीसीएल रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में आर्य समाज का 150वां स्थापना दिवस बड़े जोश, उत्साह, और उमंग से मनाया गया जिसकी नींव 10 अप्रैल 1875 ई0 को महर्षि दयानंद सरस्वती ने रखी थी। इसी परिप्रेक्ष्य में डीएवी विद्यालय के प्रातःकालीन बेला की प्रार्थना सभा में आर्य समाज के संस्थापक व अनुयायी महर्षि दयानंद के तस्वीर पर विद्यालय के छात्रछात्राओं तथा उपस्थित शिक्षकों के द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। डीएवी विद्यालय के प्राचार्य डॉ0 एस के शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि आर्य समाज की स्थापना जिस समय की गई थी, उस समय के समाज का स्वरूप कुछ और था। पूरा समाज कुंठित हो चुका था। इसी कुंठा को दूर




करने के लिए आर्य समाज की स्थापना की गई। समाज में फैली अंधविश्वास, कुरीतियाँ एवं भ्रष्ट आचरण से मुक्त कराने के लिए तथा वैदिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए आर्य समाज की स्थापना की गई। सातवीं कक्षा की पल्लवी किस्कू तथा नवीं की हिमानी उपाध्याय ने आर्य समाज के दस नियमों पर प्रकाश डालते हुए अंग्रेजी तथा हिंदी भाषा में आर्य समाज के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के धर्म शिक्षक श्री सत्यकाम आर्य ने उनके जीवन पर आधारित एक भजन की प्रस्तुति दी। आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है संपूर्ण संसार में मानवता का प्रसार करना,अंत में प्राचार्य महोदय ने सभी को आर्य समाज के नियमों का पालन करने तथा स्वामी दयानंद द्वारा दिखाए गए आदर्श मार्गो पर चलने की अनुशंसा की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के हिंदी शिक्षक मो0 खालिद सरफराज ने की।

## केंद्र सरकार जल,जंगल, जमीन के साथ भी कर रही खिलवाड़ : अंबा प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** अहमदाबाद में राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अधिवेशन को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव व कांग्रेस सह प्रभारी पश्चिम बंगाल कांग्रेस बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने संबोधित किया।जिसकी जानकारी पूर्व विधायक प्रतिनिधि कृष्ण सिंह ने दी।आगे कृष्ण सिंह ने बताया कि अपने भाषण की शुरुआत करते हुए अंबा प्रसाद ने सर्वप्रथम कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व जिम्मेदारी पर बात करते हुए आला कमान का धन्यवाद दिया।अंबा प्रसाद ने केंद्र सरकार के निरंकुश फैसलों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा? कि आज देश में अन्याय सिर्फ लोगों के साथ नहीं हो रहा बल्कि जल-



जंगल-जमीन के साथ हो रहा है। देश के जंगलों को नष्ट किया जा रहा है। पशु-पक्षी सभी अपने घर खो रहे हैं। अंबा प्रसाद ने कहा कि हम झारखंड से आते हैं तथा झारखंड वासियों के लिए सबसे प्रिय उनकी जल,जंगल जमीन होती है लेकिन सरकार के चहेते लोग प्रोजेक्ट लेने के बाद हमारे जंगल और जमीन के साथ खिलवाड़ करते हैं। इसकी वजह से न तो हमारे लोगों को संरक्षण मिलता है और न ही सुविधाएं। अंबा प्रसाद ने अपील करते हुए कहा कि हमें इसी अन्याय के खिलाफ लड़ना है और न्यायपथ पर आगे बढ़ना है।

## रामगढ़ विधायक ममता देवी कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में अहमदाबाद में हुईं शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी जी ने गुजरात के अहमदाबाद स्थित ऐतिहासिक साबरमती तट पर आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेकर झारखंड एवं रामगढ़ का मान बढ़ाया।यह अधिवेशन कांग्रेस संगठन के भविष्य की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण आयोजन था, जिसमें देशभर के वरिष्ठ नेता, प्रदेशों के प्रतिनिधि, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, तथा अन्य सभी इकाइयों के पदाधिकारी शामिल हुए।इस अधिवेशन में आदरणीय ममता देवी की गरिमामयी उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि झारखंड की राजनीतिक चेतना और महिला नेतृत्व अब राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बन चुका है।विधायक ममता देवी जी ने अधिवेशन के दौरान विभिन्न सत्रों में भाग लिया और संगठन की मजबूती, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय तथा झारखंड के विकास से जुड़े मुद्दों को मजबूती से रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा देश को जोड़ने वाली है और आज के दौर में ऐसी राजनीति की जरूरत है, जो आम जन की आवाज़ को न सिर्फ सुने, बल्कि उसे आगे भी बढ़ाए।रामगढ़ एवं झारखंड की जनता के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण है कि उनकी लोकप्रिय जनप्रतिनिधि को राष्ट्रीय मंच पर भागीदारी का अवसर मिला। उनके समर्थकों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रवासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ममता देवी जी नारी नेतृत्व, जनसेवा और संगठनात्मक प्रतिबद्धता की प्रतीक हैं। उनके संघर्षों और सेवाभाव ने रामगढ़ को राज्य और अब राष्ट्रीय पटल पर भी विशेष पहचान दिलाई है।मौके पर पुर्व कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश आदि।

## सयाल में एक युवक ने फांसी लगाकर दी जान,पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा रामगढ़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सयाल आजाद रोड स्थित एक युवक ने बुधवार कि सुबह करीब दस से एग्यारह बजे के आसपास फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार सयाल आजाद रोड निवासी सेवानिवृत्त सीसीएलकर्मी राम आशीष राम के छोटे पुत्र आशीष कुमार पासवान उम्र 24 वर्ष ने आपसी कारणों के कारण फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया। वहीं घटना के वक्त घर पर परिवार का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। वहीं इस घटना कि जानकारी भुरकुंडा ओपी को दी गई। जिसपर भुरकुंडा ओपी के एसआई अविनाश कुमार अपने दलबल के साथ आजाद रोड स्थित आवास पर पहुंचे। वहीं शव को फंदे से उतारकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं आशीष के सुसाइड करने के पिछे कारणों का कुछ पता नहीं चल पाया। वहीं परिजनों ने पुलिस को बताया कि उन्हें किसी पर कोई शक नहीं है। वहीं दूसरी ओर मिली जानकारी अनुसार मृत आशीष कुमार रामगढ़ के किसी प्राइवेट कंपनी में काम कर घर का जीवकोपार्जन करते थे। वहीं आशीष अपने पिछे पत्नी स्नेहा कुमारी व एक साल का बेटा सहित भरा पुरा परिवार छोड़ गए हैं। वहीं आशीष के इस सुसाइड कदम को उठाने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं देर शाम रामगढ़ सदर से पोस्टमार्टम कराने के बाद शव सयाल आजाद रोड घर पहुंचते ही परिजनों कि चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। वहीं शाम में परिजनों ने आशीश के शव को सयाल दामोदर नदी पर दाह संस्कार किया गया।

## जैन मंदिर में महावीर जयंती का भव्य आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मेन रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर में जैन समुदाय के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर का 2624 वा जन्म कल्याण महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाने का निर्णय कार्यकारणी समिति द्वारा लिया गया है। इस संदर्भ में 10 अप्रैल को भगवान महावीर की जन्म जयंती के उपलक्ष पर जैन समाज द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं । कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम श्रीजी का कलश अभिषेक एवं शांति धारा तथा नित्य पूजन की प्रक्रिया होगी और तत्पश्चात 9~30 से शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा ।शोभा यात्रा में श्रीजी को नव निर्मित पालकी में सवार करके नगर भ्रमण कराया जाएगा । नगर भ्रमण जैन मंदिर से प्रारंभ होकर मैंने रोड एवम् थाना चौक होते हुए झंडा चौक होकर लोहार टोला से वापस जैन मंदिर की ओर पहुंचेगी यह मंदिर पहुंचने के तत्पश्चात श्री जी का वापस जलाभिषेक किया जाएगा समाज के सभी सदस्यों के लिए दोपहर के बाद भोजन की व्यवस्था की गई है इसके अलावा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए समाज के सचिव श्री योगेश सेठी ने बताया कि इस उपरोक्त अवसर पर सुबह के कार्यक्रमों के अलावा शाम को श्रीजी की महा आरती का भी आयोजन किया जाएगा महाआरती के तत्पश्चात समाज के स्त्रियों तथा बच्चों द्वारा भव्य रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा उक्त अवसर को सफल बनाने के लिए एवं धार्मिक क्रियो को संपादित करने के लिए हजारीबाग से पंडित दीपक शास्त्री को आमांत्रित किया गया है तथा साथ ही उपरोक्त कार्यक्रम के लिए भजन एवं पार्श्व गायक प्रशान्त जैन एवम् उनकी पूरी मंडली को बुलाया गया है सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत प्रशांत जैन की मंडली द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा प्रशांत जैन के भजनों पर शामिल होने पर श्रोता सदैव मंत्र मुक्त होता हैं।

## सौदा बस्ती सेल संचालन समिति ने विभिन्न मांगों को लेकर आर ए माइनिंग कंपनी का नौ घंटे तक संप्रेषण रखा ठप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सौंदा बस्ती सेल संचालन समिति के द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक आर ए माइनिंग कंपनी का संप्रेषण ठप करा दिया। वहीं सेल संचालन समिति के सचिव अंबर कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की कुछ ज्वलंत मांगे थी। जिसमें आर ए माइनिंग द्वारा अनियमित हैवी ब्लास्टिंग,आर ए माइनिंग में बेरोजगारो को रोजगार देने, कंपनी द्वारा जिन घरों को छती हुई है उनको उचित मुवावजा देने,साथ ही सेल समिति द्वारा माइनिंग में दिए गए 15 मजदूरों को उचित मुवावजा देने और लोकल सेल में प्रयाप्त कोयला देने कि मांग कर रहे थे। वहीं विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व सेल संचालन समिति के द्वारा किया गया। जिसमें समिति के सचिव अंबर कुमार ने कहा की सीसीएल प्रबंधन द्वारा समिति को आश्वासन दिया गया था की अप्रैल माह में आर ए माइनिंग में ग्रामीणों की बहाली एवं एचपीसीएल के तहत वेतनमान दिया जायेगा किंतु अभी तक कोई पहल नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीण खाफी आक्रोसित हैं रोड सेल में कोयला ना देकर सीसीएल साइडिंग में कोयला दिया जा रहा है प्रबंधन अपने रवईया को नहीं बदली तो आंदोलन की गति और तेज होगी। वहीं इस मौके पर पूर्व मुखिया दयानंद प्रसाद,पिंकू कुमार,अजय प्रसाद,जनक प्रसाद,बंधु करमाली, राजदीप प्रसाद,शशिकांत गुप्ता तिलेश्वर साहू,फलिंद्र प्रसाद,संजय प्रसाद,अजय प्रसाद,संदीप



कुमार, राजकुमार,सुमित प्रसाद,गुतेश्वर प्रसाद,पवन साव,किशन कुमार, अरुण कुमार,मानिक दत्ता,राजेश गुप्ता,छोटू साव,जैकेश करमाली चितरंजन कुमार,रूपेश कुमार, अमर प्रसाद,प्रमोद पांडे,सुरेंद्र प्रसाद,अभिजीत कुमार,रंजन कुमार,रॉकी कुमार,जयंत कुमार राजू,संदीप,सेतु आदि लोग मौजूद थे।

**पीओ के साथ सेल समिति कि हुई वार्ता, सहमति बनने के बाद आर ए माइनिंग कंपनी का काम हुआ शुरू**

**उरीमारी :** सौदा बस्ती सेल संचालन समिति के द्वारा नौ घंटे तक आर ए माइनिंग कंपनी के संप्रेषण को ठप रखने के बाद सीसीएल प्रबंधन हरकत में आई। वहीं सयाल डी परियोजना पदाधिकारी शंभु शरण सिंह ने सेल समिति के साथ वार्ता कर ग्रामीणों कि विभिन्न मांगों पर सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिलाया।

## 19 को जयराम महतो का आगमन सेवटा, रांची रोड (रामगढ़) रिफैक्ट्री के मैदान मे होगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के नगर परिषद क्षेत्र वार्ड नम्बर 08 सेवटा में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी के लोकप्रिय विधायक आदरणीय टाइगर जयराम महतो का आगमन 19 अप्रैल 2025 को 14 सूत्री मांग पत्र को लेकर सेवटा स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया, भारत रिफैक्टरीज प्लांट लिमिटेड रांची रोड मरार सेल गेट के समक्ष एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे, उन्हीं की तैयारी बैठक सेवटा, रांची रोड,रामगढ़ मे नगर परिषद के संरक्षक शिव दयाल प्रसाद की अध्यक्षता तथा संचालन बिनोद महतो ने किया ! विस्थापित, प्रभावित एवं मूल रैयतों ने कहा की कंपनी लगभग 60 सालों (1966) से संचालित है! लेकिन सुविधाओं के नाम पर आज तक कंपनी ग्रामीणों के लिए



कुछ भी नहीं किया है! सीएसआर (छ्स्क्र) के तहत मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं सहित रोजगार से भी दूर रखा गया! आसपास का क्षेत्र प्रदूषण से बुरी तरह प्रभावित है! इसका दुष्प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है! जिससे लोग विभिन्न प्रकार के बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं! प्रमुख मांगों में मुख्य रूप से सेवटा ग्राम के ग्रामीण विस्थापितों को योग्यता के अनुसार स्थाई एवं अस्थाई रूप से नियोजन ! गली मोहल्ले में लाइट की समुचित व्यवस्था ! सुरक्षा परहरी में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देना! खेलकूद एवं मनोरंजन आदि के लिए साधन उपलब्ध कराना! विस्थापितों के जमीन को फैक्ट्री के अंदर कर लिया गया है, जिस पर किराया 50 वर्षो से पूर्व जो किराया था वही किराया दिया जा रहा है! जबकि आज जमीन एवं सभी वस्तुओं की कीमतों में 100 गुना वृद्धि हुई है! परंतु किराया आज भी वही दिया जा रहा है ! जो भी जमीन कारखाने के अंदर अधिग्रहण कर लिया गया है उसे पर किराया आज के समय अनुसार लागू किया जाए! जमीन रैयत का आधार पर रोजगार मुहैया कराना! इस तैयारी बैठक मे मुख्य रूप से केंद्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी व सक्रिय सदस्य, विस्थावित, प्रभावित के अलावा ग्रामीण जनता उपस्थित थे ।

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मुख स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को उत्क्रमित हाई स्कूल लपंगा में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ नीतेश कुमार द्वारा विद्यालय के बच्चों के दांतों की जांच करते हुए दांतों की सफाई हेतु जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि दांत की सफाई कैसे की जाय ताकि दांतों को उम्र भर स्वस्थ रखा जा सके। बच्चों को ओरल हेल्थ कीट प्रदान करते हुए उन्हें ब्रश करने के तरीके से अवगत कराया गया । कार्यक्रम के दौरान डॉ नीतेश कुमार एवं तम्बाकू परामर्शी विनय शर्मा ने छात्र - छात्राओं को तंबाकू से होने वाली हानि से अवगत कराया तथा यह भी बताया कि किस तरह यह हृदय के बीमारी के साथ कैंसर से लोगो को प्रभावित कर रहा है। तम्बाकू से प्रत्येक वर्ष भारत में लगभग 13.5 लाख लोग अपनी जान गवा रहे हैं जो देश के लिए बड़ी हानि है। कार्यक्रम के दौरान स्नस्ष्ट प्रदीप दास एवं ह्ष्ट्ष्ठ टीम मौजूद रही।

## एस.जे.ए.एस हॉस्पिटल के साथ दर्जनों राष्ट्रीय कंपनियों एवं संस्थाओं की हुई मेडिकल संबद्धता

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, धनबाद ने हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड, भारतीय खनि विद्यापीठ, केंद्रीय खान एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान, पूर्वी भारतीय रेलवे और मैथन पावर लिमिटेड के कर्मचारियों के इलाज के लिए एक महत्वपूर्ण टाई-अप स्थापित किया है। इस टाई-अप के बाद, इन कंपनियों और संस्थाओं के कर्मचारी अब धनबाद में ही उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे।एस.जे.ए.एस हॉस्पिटल के सीईओ डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने इस टाई-अप के महत्व पर कहा, यह टाई-अप रेलवे और अन्य कॉर्पोरेट कर्मचारियों के लिए एक नई सुविधा लेकर आया है। इससे उन्हें अपनी चिकित्सा सेवाओं के लिए शहर के किसी अन्य स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी, और वे घर के पास ही विश्वसनीय और बेहतरीन उपचार प्राप्त कर सकेंगे। एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, धनबाद से अधिक जानकारी के लिए या अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए 8405000610 पर संपर्क करें।

### मानस प्रचार समिति, मानस मंदिर का 11 से 19 अप्रैल तक 53वां मानस महाअधिवेशन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जगजीवन नगर स्थित मानस प्रचार समिति, मानस मंदिर ने 53वें मानस महाधिवेशन को लेकर मानस प्रचार समिति की प्रेस वार्ता मानस मंदिर में निरंजन सिंह की अध्यक्षता में की गई। समिति के सचिव बिनोद दुबे ने बताया की 11 से 19 अप्रैल तक अधिवेशन होगी। प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से श्रीरामचरित मानस का नवाह पाठ विंध्याचल से आये परायणी देवी प्रशाद पाण्डेय एवं उनके आचार्यगण के द्वारा संपन्न होगी।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या : RP/ECR/DNR/EL/HS/BP/DHN** दिनांक–08.04.2025

**1.0 कार्य का नाम एवं स्थान :** Design, Supply, Erection, Testing & Commissioning of Boundary post in connection with 2x25 KV AT feeding System in Pradhankhanta-Manpur GC section of Dhanbad Division under Railway Project Danapur of East Central Railway. **2.0 कार्य का अनुमानित लागत :** रूपये 441604561.46, **3.0 निविदा फार्म की कीमत :** रूपये 0.00, **4.0 आवश्यक बयाना राशि :** रूपये 2358000.00/–, **5.0 निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक– 16.04.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय– दिनांक 30.04.2025 को 15:00 बजे। **6.0 वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखा जा सकता है। **7.0 पता एवं अन्य जानकारी :** मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल, पोस्ट – खगौल, जिला– पटना, पिन–801105

उप मुख्य विद्युत अभियंता
रेल परियोजना, दानापुर

पीआर/0061/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25–26/40


## पांच दिवसीय आवासीय नेतृत्व एवं प्रबंधन विकास कार्यक्रम में शामिल हुई उपायुक्त

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** आइआइटी आइएसएम में पंचायती राज मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तत्वावधान में चल रहे पांच दिवसीय आवासीय नेतृत्व एवं प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) के तीसरे दिन बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा शामिल हुई। कार्यक्रम के शुरुआत में उपायुक्त माधवी मिश्रा को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड के 50 निर्वाचित पंचायती राज प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।इस दौरान उपायुक्त ने पंचायती राज विभाग के कार्यो पर प्रकाश डालते हुए कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रतिनिधियों के साथ साझा की। उन्होंने 14 एवं 15वें वित्त आयोग, टाईड एवं अन टाईड फण्ड, स्वच्छ भारत मिशन 2.0, जल जीवन मिशन, कचरा प्रबंधन, कंस्ट्रक्शन वेस्ट मैनेजमेंट, इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट मैनेजमेंट, नरेगा योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, ड्रेनेज सिस्टम, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपने वक्तव्य रखें। उन्होंने जमीनी स्तर पर शासन के महत्व और सरकारी योजनाओं की योजना और क्रियान्वयन के बीच की खाई को पाटने में स्थानीय प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। उन्होंने विकास योजनाओं को अंतिम समय में जल्दबाजी में लागू करने से होने वाली अक्षमताओं की ओर ध्यान दिलाया और समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय प्रशासनिक तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि भारत सरकार का जीपीडीपी पर फोकस रहता है। इसलिए जो भी योजनाएं पंचायत स्तर पर चुने जाते हैं उनमें सभी गांव वालों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। इसके लिए ग्राम सभा का आयोजन भी किया जाता है जिसमें सभी ग्राम वासी शामिल होंगे तो बेहतर योजनाओं का चयन हो सकेगा। ताकि अपने गांव एवं पंचायत की आवश्यकता को देखते हुए योजनाओं का चयन हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास का परिपेक्ष्य सैद्धांतिक है, इसमें कई कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ता है। र्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को सशक्त और सक्षम बनाना है, जिससे समावेशी विकास और सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने के लिए उनकी नेतृत्व क्षमता में वृद्धि हो।मौके पर आईआईटी के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा, उप निदेशक प्रो. धीरज कुमार, रजिस्ट्रार प्रबोध पांडे और विशेष रूप से कॉर्पोरेट संचार की डीन प्रो. रजनी सिंह शामिल थीं।

## राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने किया बारूद के खेल का भंडाफोड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित चिरकुंडा थाना क्षेत्र और कालूबथान ओपी क्षेत्र में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की है। यह छापेमारी राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा निरसा के चिरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरिया गांव में की गई, जहां टीम जुनकुदर निवासी संजय रवानी के घर पहुंची।रेड के दौरान राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम को मौके से भारी मात्रा में बारूद और करीब 12 बोरा जिलेटिन मिला, जिसे तत्काल जब्त कर लिया गया। सूत्रों के अनुसार, टीम अब बरामद विस्फोटकों की मात्रा और उसके संभावित इस्तेमाल को लेकर आंकलन कर रही है। इसके साथ ही टीम ने बाबू डंगाल इलाके में भी छापेमारी की, जहां संजय रवानी के एक अन्य ठिकाने पर कार्रवाई की गई। इस दौरान संजय रवानी के भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।राष्ट्रीय जांच एजेंसी फिलहाल पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और अलग-अलग एंगल से मामले को खंगालने में जुटी हुई है। एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री किस उद्देश्य से इकट्ठा की गई थी और इसके पीछे किन लोगों का हाथ है। इस रेड के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है और स्थानीय प्रशासन भी सतर्क हो गया है।

## उपायुक्त ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय से पोषण रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान पोषण रथ जिले के सुदूरवर्ती इलाकों का भ्रमण करेगा और बच्चों के जीवन के प्रथम सुनहरे 1000 दिवस पर विशेष ध्यान देने, पोषण ट्रैक्टर में लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार प्रसार करने, समुदाय स्तर पर कुपोषण प्रबंधन, बच्चों में मोटापे के समाधान के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने सहित ग्रामीणों को खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध, फल, अंडा व अन्य पौष्टिक चीज शामिल करने के लिए जागरूक करेगा।उन्होंने बताया कि यह पखवाड़ा 22 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से कई कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इसके बाद उपायुक्त ने विभिन्न प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पर्यवेक्षिका द्वारा लगाए गए पोषण स्टॉल का निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने सभी को भारत के बच्चों, किशोरों और महिलाओं को कुपोषण मुक्त स्वास्थ्य प्रदान करने, राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान हर घर पर सही पोषण का संदेश पहुंचाने, इस अभियान को देशव्यापी जन आंदोलन बनाने तथा सही पोषण से देश रोशन करने की शपथ दिलाई।मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद के अलावा सभी प्रखंड की सीडीपीओ सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पर्यवेक्षिका मौजूद थे।

## कोयलांकन का 12 और 13 अप्रैल को प्रथम कला प्रदर्शनी का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल के कला प्रेमियों के लिए एक सुखद समाचार है। शिल्पराज एकेडमी ऑफ फाईन आर्ट्स द्वारा आयोजित प्रथम एकल कला प्रदर्शनी कोयलांकन का अदभुत आगाज आगामी 12 अप्रैल 2025 को प्रातः 10꞉30 बजे कला भवन, लुबी सर्कुलर रोड में होने जा रहा है। इस अवसर पर बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेगें। प्रदर्शनी में शिल्प राज अकादमी के संस्थापक राजीव अग्रवाल के द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों प्रदर्शित की जाएगी। जिनमें कोयला क्षेत्र और स्थानीय जनजीवन की झलक देखने को मिलेगी। यह प्रदर्शनी 12 एवं 13 अप्रैल 2025 को प्रातः 10꞉30 से सायं 08꞉00 बजे तक आम दर्शकों के लिए खुली रहेगी। विशेष आकर्षण सिट एण्ड ड्रॉ प्रतियोगिता प्रदर्शनी के दूसरे दिन 13 अप्रैल 2025 को एक सिट एण्ड ड्रॉ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। प्रतियोगिता स्टैंडर्ड 2 से लेकर स्टैंडर्ड 11 तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। प्रत्येक समूह से सर्वश्रेष्ठ 3 प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र और एक सुंदर रंगीन कैटलॉग दिया जाएगा। यह आयोजन धनबाद की सांस्कृतिक और कलात्मक पहचान को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


**Govt. of Jharkhand**
**Energy Department**
**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**
3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002. Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,
E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**e-Procurement Notice**

**Tender reference no.: 01/JREDA/GCRT/RC/25-26 Dated: 09.04.2025**

Online bids are invited for Rate Contract for Design, Manufacture, Testing, Supply, Installation & Commissioning of Grid connected Rooftop SPV Power Plants of different capacities including five years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) on Turnkey basis on Government Buildings anywhere in the state of Jharkhand (JREDA). The details are as follows:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate Contract for Design, Manufacture, Testing, Supply, Installation & Commissioning of 05 MWp Grid connected Rooftop SPV Power Plants of different capacities including five years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) on Turnkey basis on Government Buildings anywhere in the state of Jharkhand |
| 2 | Tentative quantity (kWp) | 05 MWp |
| 3 | Completion of work | 04 (Four) Months |
| 4 | Period of contract | 05 ( Five) Years |
| 5 | Date of publication of NIT on website: http:// jharkhandtenders.gov.in | 19.04.2025 (Saturday) |
| 6 | Date & time of Pre-bid meeting | 30.04.2025 (Wednesday) at 2.00 P.M. |
| 7 | Last date & time for receipt of online bids | 14.05.2025 (Wednesday) upto 05:00 PM |
| 8 | Submission of Bid fee and EMD through Online Via SBI Payment Gateway of Jharkhand Tenders. | 14.05.2025 (Wednesday) upto 05:00 PM |
| 9 | Technical Bid Opening Date | 16.05.2025 (Friday) at 3.00 P.M. |
| 10 | Name & address of office inviting tender | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency(JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai,Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 11 | Contact no. of procurement officer | 0651-2491163/67/61/9570086777 |
| 12 | Helpline no. of e-procurement | 0651-2491163/67/61 |

Any corrigendum/addendum can be seen on website: http: //jharkhand tenders.gov.in & www.jreda.com. Further details can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com

Sd/-
Director, JREDA, Ranchi

PR.NO.350063 Energy(25-26):D



**Govt. of Jharkhand**
**Energy Department**
**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**
3rd Floor, S.L.D.C. Building,
Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.
Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,
E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**e-Procurement Notice**

**Tender Reference No.: 06/JREDA/SPV/SSLS(LED)/25-26**
**Dated: 09.04.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate Contract for the work of Supply, Installation, Testing and Commissioning including 5 years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) of 20W/30W/40W White LED based Solar Street Lighting Systems (SSLS) with Lithium Ferro Phosphate Battery including Remote Monitoring Systems (RMS) under Solar Photovoltaic Programme on Turnkey basis across the state of Jharkhand (JREDA) |
| 2 | Period of contract | 05(Five) Years |
| 3 | Time of completion | 04 (Four) Months |
| 4 | Date of publication of NIT on website:http:// jharkhandtenders.gov.in | 21.04.2025 (Monday) |
| 5 | Date & time of Pre-bid meeting | 28.04.2025 (Monday) at 1:00 P.M. |
| 6 | Last date & time for receipt of online bids | 14.05.2025 (Wednesday) upto 05:00 PM |
| 7 | Submission of original copies of Bid fee &EMD through Online via SBI Payment Gateway of Jharkhand Tenders | 14.05.2025 (Wednesday) upto 05:00 PM |
| 8 | Technical Bid Opening Date | 16.05.2025 (Friday) at 3.00 P.M. |
| 9 | Name & address of office inviting tender | Director, Jharkhand Renewable Energy DevelopmentAgency(JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda,Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 10 | Contact no. of procurement officer | 0651-2491163/61/7004806449 |
| 11 | Helpline no. of e-procurement | 0651-2491163/61 |

Any corrigendum/addendum can be seen on website: http://jharkhand tenders.gov.in
& www.jreda.com. Further details can be seen on website: http:// jharkhandtenders.gov.in
& www.jreda.com

Sd/-
Director,
JREDA, Ranchi

PR 350073 Energy(25-26).D



JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt. of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044/2401067, E-mail- japit_doit@rediffmail.com

**CORRIGENDUM-II**
**Procurement of Supply, Installation & Support for High End Server (02), End Point Protection Unit Rate (8,000 Users), Smart LED TV 65" Inch (02) for JAP-IT, Ranchi Jharkhand**

With reference to the above tender, please be informed that the tender schedule has been revised.

| | Revised Tender Schedules | |
|---|---|---|
| S.N. | Basic Requirement | Specific Requirement |
| 1. | Tender Ref No. | JAP -IT/JHSECURE -1/2025 |
| 2. | Name of the Work | Procurement of Supply, Installation & Support for High End Server (02), End Point Protection Unit Rate (8,000 Users), Smart LED TV 65" Inch (02) for JAP -IT, Ranchi Jharkhand |
| 3. | Last Date for Submission of Bids Online | 17-04-2025 up to 06:00 P.M. |
| 4. | Date of Opening of Pre- qualification & Technical Bid | 21-04-2025 at 3:00 P.M. |
| 5. | Date of Commercial Bid opening | To be announced later |

For further details please visit https://jharkhandtenders.gov.in.
PR Ref No. 348716, 349601

Sd/-
(OSD, JAP-IT)

PR.NO.349998 Information Technology(25-26):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्ड़ल, कोडरमा**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –08/RE/2024–252nd call

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–19.04.2025 से दिनांक–21.04.2025 (कार्यालय कार्यदिवस एवं समयावाधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–22.04.2025 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–22.04.2025 (अपराह्न 3.30 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
(ख) जिला योजना पदाधिकारी का कार्यालय कोडरमा (समाहरणालय परिसर)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सतगांवा | (I)आँगनबाडी केन्द्र खुटाँ झांझेडीह का सुदृढीकरण (II)आँगनबाडी केन्द्र खुटाँ गाजेडीह का सुदृढीकरण | 679000.00 | 13600.00 | 1250.00 | 03(तीन) माह |
| 2. | सतगांवा | (I)आँगनबाडी केन्द्रटेहरो खाबटोला का सुदृढीकरण (II)आँगनबाडी केन्द्र मीरगंज भदाली का सुदृढीकरण | 767000.0 | 15400.00 | 1250.00 | 03(तीन) माह |
| 3. | सतगांवा | (I)आँगनबाडी केन्द्र माधोपुर का सुदृढीकरण (II)आँगनबाडी केन्द्र कटैया दुमदुमा सुदृढीकरण | 767000.00 | 15400.00 | 1250.00 | 03(तीन) माह |
| 4. | सतगांवा | (I)आँगनबाडी केन्द्र ईटाँय योगीडीह सुदृढीकरण (II)आँगनबाडी केन्द्र राजाबार बैगना सुदृढीकरण | 727000.00 | 14600.00 | 1250.00 | 03(तीन) माह |

निविदा की शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखें।–

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
कोडरमा

PR 350010 Rural Work Department (25-26)_D



**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –02/2025–26**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में 15वें वित्त आयोग आबद्ध/अनाबद्ध निधि के अंतर्गत प्राप्त आवंटन के तहत् स्वीकृत क्रमांक– 07 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापनदाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, कोडरमा।
2. परिमाणविपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–17.04.2025 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–19.04.2025 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–19.04.2025 (अपराह्न 04:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला ग्रा0 वि0 शाखा सभागार कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला ग्रा0 वि0 शाखा सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | एक्टिविटि क्रमांक | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 89961475 | प्रखण्ड जयनगर ग्राम रुपायडीह के मंझिला आहर खाता सं0 78 प्लॉट सं0 169 एवं 170 का गहरीकरण | 1225671.00 | 25000.00 | 2500 | 03 माह |
| 03 | 89961272 | प्रखण्ड डोमचांच बच्छेडीह हडखोरवा तालाब खाता सं0 82 प्लॉट सं0 2423 का गहरीकरण | 1497300.00 | 30000.00 | 2500 | 03 माह |
| 04 | 89961111 | प्रखण्ड मरकच्चो ग्राम चोपनाडीह पूर्व बाद में तालाब खाता 60 प्लॉट 1247 (अंश) एवं खाता संख्या 29 एवं 15 के प्लॉट सं0 1231 (अंश), 1236 (अंश) एवं 1246 (अंश) का गहरीकरण | 1500000.00 | 30000.00 | 2500 | 03 माह |
| 05 | 89960856 | प्रखण्ड चन्दवारा पूर्वी ग्राम चंदवारा मंझलाडीह तालाब खाता सं0 216 प्लॉट 6150 का जीर्णोद्धार | 1493182.00 | 30000.00 | 2500 | 03 माह |
| 06 | 89960639 | प्रखण्ड चंदवारा के गैडा में नौकाआहर का गहरीकरण | 1186254.00 | 24000.00 | 2500 | 03 माह |

निविदा की शर्ते www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 350040 Panchayati Raj(25-26).D



Afiliation No:-3440016
जवाहर नवोदय विद्यालय
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा एंव साक्षरता विभाग
(भारत सरकार)
पूतो पो0.करमा, जिला.कोडरमा.
पिन–825409 (झारखंड)
Email:-jnvputo.koderma@gmail.com

School No. :-69539
JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA
(Ministry of Education)
Department of School Edn. & Literacy
(Govt. of India)
PUTO, P.O- KARMA, Dist. KODERMA.
Pin - 825409 (JHARKHAND)
Email:-jnvputo.koderma@gmail.com

F. 2 – 2/Tender/JNVKODERMA/2025-26/ Dated: 08.04.2025

**निविदा सूचना**

सत्र 2025–26 के अंर्तगत प्रचार्य, जवाहर नवोदय , पूतो, कोडरमा, झारखंड द्वारा निम्नलिखित सामग्रियों के कय हेतु सील मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। सिर्फ पंजीकृत फर्म या व्यक्ति जिनके पास आयकर एवं जी.एस.टी. स्वच्छता प्रमाण पत्र है (हरी सब्जी, मिठाई एवं मांसाहारी सामग्री, गणवेश सिलाई , गणवेश धुलाई एवं आयरन एवं बाल कटाइ) को छोड़कर निविदाएँ भरने के लिए अधिकृत है।

| क.सं | मदों के नाम | अग्रधन राशि | क.सं | मदों के नाम | अग्रधन राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | खाद्यान्न सामग्री | 1,00,000/- | 07. | बाल कटाई | 1,000/- |
| 02. | हरी सब्जी एवं फल | 50,000/- | 08. | बिछावन सामग्री | 10,000/- |
| 03. | दूध एवं मिठाई | 30,000/- | 09. | छात्र एवं कार्यालय स्टेशनरी | 20,000/- |
| 04. | मंसाहारी सामग्री | 30,000/- | 10. | दैनिक उपभोग सामग्री | 15,000/- |
| 05. | गणवेश सिलाई | 5000/- | 11. | विद्युत सामग्री | 10,000/- |
| 06. | गणवेश धुलाई एवं आयरन | 1,000/- | | | |

निविदा प्रपत्र दिनांक 09.04.2025 से 23.04.2025 तक कार्यालय दिवस पूर्वाहन् 10:00 बजे से 01:00 बजे तक रूपये 500.00 (पांच सौ रूपये मात्र) भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा पंजीकृत डाक/निविदा पेटी/कोरियर सेवा द्वारा– प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय, पूतो, कोडरमा, झारखंड को दिनांक 24.04.2025 से सायं 05:00 बजे तक प्राप्त हो जानी चाहिए। निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के बाद किसी भी माध्यम से प्राप्त निविदा पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त निविदा दिनांक 28.04.2025 के पूर्वाहन् 11:00 बजे एन.डी.सी. कोडरमा के कार्यालय में कय सलाहकार समिति के समझ खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दो भागों में होनी चाहिए। प्रथम तकनीकी निविदा तथा दूसरा वित्तीय निविदा। तकनीकी निविदा के साथ अग्रधन राशि जो प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय, कोडरमा के पक्ष में देय होगा तथा भारतीय स्टेट बैंक, कोडरमा बाजार पर भुगतेय होगा।

किसी भी प्रकार के निविदा को आंशिक या पूर्णतः निरस्त करने का अधिकार, कय सलाहकार समिति के पास सुरक्षित होगा, जिसे चुनौती नहीं दी जा सकती है।

नोटः– निविदा प्रपत्र को विद्यालय के वेबसाईट (https://navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/KODERMA/en/home/) से डाउनजलोड कर सकते हैं। तत्संबंधित निविदा प्रपत्र का प्रत्येक मद के लिए अलग–अलग कीमत रूपये 500.00 (पांच सौ रूपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट भरे हुए निविदा प्रपत्र के साथ निश्चित रूप से संलग्न करें अन्यथा निविदा प्रपत्र पर विचार नही किया जाएगा।

प्राचार्य
जवाहर नवोदय विद्यालय,
पूतो, कोडरमा।

PR 349987 (School Education and Literacy) 25-26 (D)

# केंद्रीय महावीर मंडल द्वारा आयोजित अस्त्र शस्त्र चालन व बाजा प्रतियोगिता सम्पन्न

## शिव मंदिर बरवाटोली प्रथम द्वितीय स्थान पर रही हटिया गार्डन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** केंद्रीय महावीर मंडल लोहरदगा के द्वारा एकादशी का दिन अस्त्र शास्त्र चालन सह बाजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, विपुल तामड़ा, सुनील अग्रवाल, महेंद्र महतो, राजेश महतो गुप्तेश्वर गुप्ता द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर तथा हनुमान जी की आरती कर किया गया। मंच संचालन विहिप् अध्यक्ष रितेश कुमार तथा प्रमोद प्रजापति द्वारा किया गया। जिसमें सीनियर वर्ग,जूनियर वर्ग तथा महिला वर्ग में अलग-अलग प्रतियोगिता कराया गया। अस्त्र- शस्त्र चालन तथा बाजा प्रतियोगिता में शिव मंदिर को अस्त्र शास्त्र चालन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला, वहीं दूसरे स्थान पर हटिया गार्डन तथा तीसरे स्थान पर अंबेडकर नगर की टीम रही। यह



प्रतियोगिता तीन अलग-अलग ग्रुप में थी जिसमें पहला सीनियर वर्ग, दूसरा जूनियर वर्ग तथा तीसरा महिला वर्ग। महिला वर्ग में अंबेडकर नगर की टीम प्रथम रघुनंदनलेन की टीम द्वितीय तथा नारी शक्ति, टँगरा टोली की टीम तृतीय क्रमशः स्थान पर रही। जूनियर ग्रुप में पहला स्थान रघुनंदन लेन, दूसरा स्थान अंबेडकर नगर तथा तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली टीम सुभाष चौक रही। साथ ही बाजा प्रतियोगिता में पहला स्थान बजरंग दल अमला टोली, दूसरा स्थान थाना टोली तथा तीसरा रघुनंदन लेन को मिला। वही शोभायात्रा के दिन पारंपरिक वाद्य यंत्र का प्रयोग करने तथा अनुशासन के साथ शोभायात्रा में शामिल दो टीमों दक्षिणी ओर से तिवारी द्वारा तथा उत्तरी छोर से रेलवे साइडिंग के अखाड़ा को पुरस्कृत किया गया। झांकी में चंडीबाड़ी नवाडीपाड़ा को प्रथम द्वितीय हटिया गार्डन तथा नवारीपाड़ा नवयुवक संघ को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जबकि मैना बगीचा पहुँचनै वालों बजरंग दल,हटिया गार्डन,हरमू नदिया को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, केंद्रीय महावीर मंडल लोहरदगा के अध्यक्ष विपुल तमेड़ा, आरएसएस के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद अग्रवाल, मनोज दास, किनेश्वर महतो, राम महतो, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रितेश साहू, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष महेंद्र महतो, समाज राजेश महतो श्रीराम समिति के जन्म अध्यक्ष सुनील अग्रवाल गुप्तेश्वर गुप्ता समेत सैकड़ो राम भक्त इस कार्यक्रम को सफल बनाने तक के लिए रात भर अपनी उपस्थिति बनाए रखें।

# संगठन के लिये बूथ स्तर तक मजबूती से करना होगा काम : अनिरुद्ध सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में संगठन स्थापना दिवस के निमित्त एक अहम बैठक हुई यह बैठक भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की ओर से कराई गई जिसकी अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष श्री दिलीप कुमार साहू ने की। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी श्री अनिरुद्ध सिंह ने लोकप्रिय प्रधानमंत्री जी के 11 वर्षों के कार्यकाल को विस्तृत रूप से जानकारी दीं एवं भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की मूल विषय पर चर्चा करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की बात कही। बैठक मे मुख्य रूप से नगर मंडल प्रभारी घनश्याम सिंह ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंभू भगत एस टी मोर्चा के जिला अध्यक्ष राकेश रविकांत प्रधान जिला पदाधिकारी नवीन सिंह मंडल महामंत्री रामकृष्ण महतो संतु गुप्ता सुभाष महतो भरोसा महतो रमेश साहू राजेश साहू मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन के बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को याद करते हुए उनको विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

### भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जेनरेटर खराब, परेशानी

**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विगत पांच माह से पांच केवीए का जेनरेटर खराब है। इससे बिजली नहीं रहने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रात के समय प्रसव पीड़ा कराने पहुंचने वाले ग्रामीणों के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बता दें कि रात के समय बिजली कट जाने से जेनरेटर खराब रहने के कारण स्वास्थ्य कर्मियों को रात के अंधेरे में कार्य करना पड़ता है। जिससे रात के समय सड़क दुर्घटना में हाथ-पैर से फ्रेक्चर मरीज को एक्सरे सुविधा का लाभ लेने के लिए बिजली आने का इंतजार करना पड़ता है। प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा संजय कुमार ने बताया कि जेनरेटर खराब रहने से स्वास्थ्य सुविधा में परेशानी होती है। जब बिजली नहीं होती है, तो भाड़ा में जेनरेटर लाकर काम किया जाता है। इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को दिया गया है।

### एडीजे 2 सह पीओएमएसीसी न्यायालय ने प्रतिवादी को नोटिस भेज 22 अप्रैल को उपस्थित होने के दिए आदेश

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एडीजे 2 सह पीओएमएसीसी नश 04/2016 वादी पूर्णिमा देवी वगैरह प्रतिवादी अजीवन सिंह पिता मतिश्वर सिंह वरवाटोली रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने थाना व जिला लोहरदगा वजिरये नोटिस के माध्यम से कोर्ट ने प्रतिवादी को 22 अप्रैल को न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया है। न्यायालय ने प्रेस को दिए गए विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि प्रतिवादी को बार बार न्यायालय द्वारा जारी सम्मन एवम रजिस्टर्ड नोटिस के बावजूद प्रतिवादी न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं टाल मटोल कर रहे हैं, जिससे वादी के मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद लंबित है। न्यायालय ने 07 अप्रैल को हस्ताक्षर व मोहर से जारी नोटिस पर प्रतिवादी को 22 अप्रैल पूर्वाह्न 11 बजे स्वय या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने को कहा है अन्यथा अनुपस्थित रहने पर वाद का निबटारा एक पक्षीय कर दिया जाएगा।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में हुआ आचार्य भारती का गठन



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वनवासी कल्याण केन्द्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखंड द्वारा संचालित विवेकानंद शिशु-विद्या मन्दिर उच्च/ विद्यालय लचड़ागढ में दिनांक 09/04/2025 को प्रधानाचार्य श्री राजेंद्र साहू जी के अध्यक्षता में आचार्य भारती का गठन किया गया।

**जो इस प्रकार है :** 1. अनुशासन प्रमुख-प्रमोद पाणिग्राही, 2.बंदना प्रमुख- बसंती बड़ाईक, 3.सांस्कृतिक सह संगीत प्रमुख-दीक्षित कुमारी, 4. स्वच्छता प्रमुख- लक्ष्मी देवी, 5.परीक्षा प्रमुख- अर्जुन महतो, 6.जलपान प्रमुख-सुश्री निशी कुल्लू, 7.खोया पाया प्रमुख- प्रगति कुमारी, 8.वाहन पड़ाव प्रमुख-गणेश सिंह, 9. बागवानी प्रमुख-जागेश्वर सिंह, 10.पुस्तकालय प्रमुख-सुश्री रश्मि प्रधान,11.कार्यक्रम/जयंती/बैठक प्रमुख-श्री प्रमोद पाणिग्राही,12.प्रयोगशाला प्रमुख-श्री सुदर्शन कुमार,13.किशोर भारती प्रमुख-श्री बिमल टेटे,14.कन्या भारती प्रमुख-रश्मि प्रधान, 15.शिशु भारती प्रमुख-सुश्री यमुना कुमारी,16.कार्यालय सज्जा प्रमुख-सुश्री शकुंतला कुमारी,17.शारीरिक प्रमुख-श्री सुदर्शन कुमार,18.चिकित्सा प्रमुख- दसरथी देवी,19.अतिथि सत्कार प्रमुख- सुनीति और प्रगति कुमारी,20.मंच संचालन-श्री सुदर्शन कुमार। गठन के बाद प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय के सफल संचालन हेतु प्रत्येक सत्र में आचार्य भारती का गठन किया जाता है,जिसमे प्रत्येक आचार्य को विभागीय प्रमुख बनकर उस विभाग के लिए कार्य करने का अवसर मिलता है। इस सुभावसर पर प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू सहित आचार्य प्रमोद पाणिग्रही, सुदर्शन कुमार, जगेश्वर सिंह, गणेश सिंह, अर्जुन महतो, आचार्या लक्ष्मी देवी, विमला देवी, दशरथी देवी, वसंती देवी, शुश्री शकुंतला कुमारी, निशि कुल्लू,रश्मि प्रधान, प्रगति सिंह, दीक्षित कुमारी,सुनीति कुमारी उपस्थित थे।

# सिमडेगा जिले में कौशल विकास पहल पर समीक्षा बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिले में चल रही कौशल विकास पहल पर जिला नियोजन पदाधिकारी सह जिला कौशल पदाधिकारी , सिमडेगा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सक्रिय सभी प्रशिक्षण सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के प्रतिनिधियों के साथ-साथ यूएनडीपी जिला समन्वयक ने भाग लिया। बैठक के दौरान, सिमडेगा के समग्र कौशल परियोजना की विस्तार से समीक्षा की गई। प्रशिक्षण सेवा प्रदाताओं द्वारा अब तक की गई प्रगति का आकलन किया गया और मुख्यमंत्री सारथी योजना की विभिन्न योजनाओं के तहत कार्यान्वित किए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता, पहुंच और प्रभावशीलता में सुधार पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी (छ्वस्ष्ठरूस्) द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों और मानकों का पालन करने पर जोर दिया गया। सभी प्रशिक्षण सेवा प्रदाताओं को निर्धारित मानदंडों का सख्ती से पालन करने का स्पष्ट निर्देश दिया गया। यह भी कहा गया कि इन दिशा-निर्देशों का पालन न करने पर जेएसडीएमएस के प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक का समापन जिले के कौशल विकास प्रयासों को मजबूत करने की सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ हुआ, जिसमें स्थानीय युवा आबादी को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# आदिवासी समाज की पहचान प्रकृति पूजक के रूप में होती है : परमेश्वर महली

## भंडरा के भैसमुंदो में सरहुल महोत्सव का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत भैसमुंदो गांव मे सरना स्थल में सरना समिति की ओर से सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचे मुख्य अतिथि मुखिया परमेश्वर महली का स्वागत स्थानीय ग्रामीणों ने बैच व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान धरती पहान द्वारा सरना स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना किया गया। मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि प्राकृतिक पर्व सरहुल आपसी भाईचारा को बढ़ावा देता है। आदिवासी समाज की पहचान प्रकृति पूजक के रुप में होती है। आज के युवा पीढ़ी अपने संस्कृति सभ्यता को भूलते



जा रहे है। इस पर समाज को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। मौके पर पसंस अनिता पन्ना,सारू उरांव, चेंगे उरांव, सूरज उरांव, दिनेश उरांव, दुर्गा महली, मधुसूदन सिंह, अर्जुन सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# घरेलू विवाद में आरोपी पड़ोसी को मार कर किया जख्मी, अस्पताल में भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** घरेलू विवाद में प्रेम भगत ने पड़ोसी के घर घुसकर किया जानलेवा प्रहार पड़ोसी गम्भीर रूप से जख्मी। परिजनों ने घायल अवस्था में अस्पताल में कराया भर्ती। घटना सोमवार को लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के चौकनी ग्राम में होने की बातें बताई जा रही है। गौरतलब हो कि चौकनी निवासी धर्मदास भगत का 22 वर्षीय पुत्र प्रेम भगत ने अपने ही घर में किसी बात को लेकर अपने मां के साथ गाली गलौज एवं मारपीट करने लगा। तभी उसकी मां किसी तरह बेटे के चंगुल से छूट पड़ोसी धनेश्वर ठाकुर के घर जा कर छुप गई। जिसकी जानकारी प्रेम भगत को होते ही पड़ोसी के घर में घुस कर अचानक जानलेवा प्रहार करने लगा। जिससे स्वर्गीय विश्वनाथ ठाकुर के पुत्र धनेश्वर ठाकुर को शरीर के विभिन्न अंग में गम्भीर चोटें आई है। घटना के पश्चात आरोपी प्रेम भगत वहां से भाग निकला। घटना के बाद धनेश्वर ठाकुर को घायल अवस्था में उसका पुत्र हरिश्चन्द्र ठाकुर और रोहित ठाकुर इलाज हेतू सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया जहां धनेश्वर ठाकुर इलाजरत है। बताया जाता है कि धनेश्वर ठाकुर को गम्भीर चोटें सर में आई है इसके अलावे हाथ एवं जबड़ा टूटने की बात बताई जा रही है। घटित घटना से स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायत करते हुए आरोपी के विरुद्ध कारवाई करने का अनुरोध किया गया है। फिलहाल घटना को अंजाम देने के पश्चात आरोपी फरार है।

# अवैध बालू परिवहन मामला में दो ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अवैध बालू धुलाई व परिवहन मामला में प्रखंड क्षेत्र के डाडू कोयल नदी से अवैध बालू उठाव एवं परिवहन करने की गुप्त सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए दो ट्रैक्टर को बक्सीडीपा डाडू पथ से जप्त किया गया। वही बताया गया कि जप्त ट्रैक्टर पर खनन अधिनियम के तहत करवाई होगी। सेन्हा थाना क्षेत्र के डाडू कोयल नदी से अवैध बालू के परिवहन करने की सूचना पर पुलिस प्रशासन द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का दो ट्रैक्टर को बालू लाद कर परिवहन करते हुए बक्सीडीपा डाडू पथ से जब्त किया गया है। जिसे बालू लदा जप्त ट्रैक्टर के विरुद्ध खनन विभाग का खनिज संपदा एवं राजस्व क्षति को देखते हुए जप्त ट्रैक्टर मालिक और चालक के विरुद्ध अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को अवगत कराया गया। थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए



बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू उठाव और परिवहन के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई किया गया। जिसे अवैध बालू लाद कर परिवहन करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का दो ट्रैक्टर को जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखते हुए अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को सूचनार्थ किया गया है। गौरतलब हो कि पुलिस कारवाई के दौरान बालू माफियाओं के बीच हड़कंप मच गया है। साथ ही बताया कि जप्त दोनो ट्रैक्टर के चालक एवं मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर करवाई किया जायेगा।

# वेलनेश समृद्धि सेंटर का उद्घाटन हुआ, आम व खास सभी को मिलेगा लाभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो :** प्रखंड मुख्यालय के उत्का में बुधवार को वेलनेस समृद्धि सेंटर का उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना कर व स्थानिए पशु चिकित्सक सह समाजसेवी रामप्रसाद यादव व डायनेमिक लीडर राहुल कुमार सहित अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर राहुल कुमार ने कहा कि आज के समय में जहाँ एक तरफ रासायनिक खाद के प्रयोग व प्रदूषित वातावरण के कारण लोग बीपी, सुगर, कैंसर, हार्ट, बवासीर, अस्थमा सहित कई बीमारियों से गुजर रहे हैं और ऐसे में लाखों खर्च के बाद भी पूरी तरह न तो ठिक हो पा रहे हैं न ही इलाज के लिए पैसा की व्यवस्था हो पाती है। ऐसे में वेलनेश समृद्धि के आयुर्वेदिक रूप से तैयार दवाई व फूड सप्लीमेंट के प्रयोग कर लोग स्वस्थ रहेंगे, कई तरह की पुरानी से पुरानी बीमारी ठीक हो रही है वहीं बेरोजगार युवक युवतियों को आर्थिक उत्थान के लिए एक मौका भी दे रही है। मौके पर डायनेमिक लीडर राहुल कुमार, संचालक संभु तिवारी, रामप्रसाद यादव, आदित्य यादव, बलराम केवट, किरण देवी, मुन्ना राम, सुषमा संतोषी खाखा, एलिस लकड़ा सहित कई लोग मौजूद थे।

### जिला परिषद सभागार में GeM पोर्टल को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला परिषद सभागार में आज बुधवार को त्नद्गरूपोर्टल को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला परिषद सभागार में सरकारी उत्पादों और सेवाओं की खरीदारी जीईएम त्नद्गरूपोर्टल से करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला में संबंधित पदाधिकारी, कर्मी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर्स शामिल हुए। जीईएम से आए प्रतिनिधि सुबोध कांत ने पोर्टल पर यूजर आईडी बनाने, प्रोफाइल अपडेट करने, टेंडर अपलोड करने, सीआरसी और पेमेंट अपडेट करने की प्रक्रिया विस्तार से बताया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के लिपिक, कंप्यूटर ऑपरेटर्स एवं कर्मी मौजूद रहे।

## भंडरा के मसमानों में कार्यरत सीएचओ लोगों को परिवार नियोजन के प्रति कर रही प्रेरित

# घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति, स्वस्थ जीवन के लिये कर रही जागरुक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** स्वस्थ्य समाज के निर्माण में स्वच्छता का अहम योगदान होता है। मनुष्य के जीवन में स्वास्थ्य से बड़ा धन कुछ नहीं होता। इन्हीं बातों को लेकर जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सीएचओ प्रिया रानी लोगों की चहेती बन चुकी है। स्वास्थ्य समाज के प्रति लोगों को जागरूक करना इनकी दैनिक दिनचर्या में शामिल है। अपने कार्यशैली व स्वास्थ्य विभाग के कार्यों के प्रति प्रिया काफी सजग रहती है। इससे मसमानो पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण उनकी सराहना करते नहीं थकते। लोगों को स्वच्छ जीवन की बात हो या स्वास्थ्य शरीर की। हर बातों को लेकर प्रिया रानी लोगों की बखूबी मदद करने से नहीं पीछे हटती।



इसका नतीजा है कि विगत एक वर्ष के कार्यकाल में ही सीएचओ की पद में कार्य करते हुए प्रिया रानी पंचायत की चहेती बन गई है। प्रिया का ऐसा कोई दिन नहीं होता जिस दिन ओ स्वयं से क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को स्वस्थ्य समाज का पाठ ना पढ़ाती हो। उन्होंने अपने दैनिक दिनचर्या में कम से कम एक घंटा आम जनता के बीच जाकर स्वच्छता, परिवार नियोजन, पौष्टिक आहार, नियमित उक्त रक्तचाप, मधुमेह जांच की जानकारी देती है। इससे लोगों में उनकी मैत्री संबंध प्रगाढ़ हो गई है। प्रिया रानी कहती है कि बचपन से ही सामाजिक कार्यों के प्रति लगाव है। लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ देकर उन्हें ठीक होता देख काफी खुशी मिलती है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को 30 वर्ष की आयु के पश्चात उच्च रक्तचाप, मधुमेह की नियमित जांच कराते रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने प्रत्येक माह कल्याण दिवस के अवसर पर लोगों को परिवार नियोजन के महत्व के लेकर जागरूक कर रही है। इसके साथ ही संस्थागत प्रसव, गर्भवती व शिशु को नियमित टीकाकरण के लिए घर-घर जाकर प्रेरित करती है। गांव के ग्रामीण सरोज राम, भरत राम कहते है कि पंचायत में सीएचओ के रुप में जब से प्रिया रानी अपना पदभार ग्रहण की है। पंचायत में स्वास्थ्य व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच का लाभ मिल रहा है। इतना ही नहीं किसी के घर पर भी कोई मरीज पड़ा है। जो अस्पताल नहीं जा पा रहा है। वैसे लोगों को निःशुल्क सीएचओ द्वारा स्वास्थ्य सुविधा लाभ दिया जाता है। इनके आने से पंचायत के लोगों में स्वास्थ्य विभाग कर्मियों के प्रति मान सम्मान बढ़ गई है।

## हनुमान जयंती 12 अप्रैल को शक्ति और भक्ति का प्रतीक

# यह पर्व हमें भक्ति, साहस, बल, विश्वास और सत्य के मार्ग पर चलने का देता है संदेश : संजय सर्राफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हनुमान जयंती पूरे भारत में पूरी श्रद्धा के साथ मनाए जाने वाले प्रमुख हिंदू त्योहारों में से एक है। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि हनुमान जयंती भगवान हनुमान के जन्म का प्रतीक है और इसे हनुमान जन्मोत्सव के रूप में भी जाना जाता है, हनुमान जयंती हर साल चैत्र माह की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता हैं। इस वर्ष हनुमान जयंती त्यौहार 12 अप्रैल को मनाया जाएगा, इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव यानी चैत्र महीने की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 12 अप्रैल को सुबह 3 बजकर 21 मिनट पर होगी वहीं इसका समापन अगले दिन 13 अप्रैल को सुबह 5 बजकर 51 मिनट पर होगा हिंदू धर्म



में उदया तिथि का विशेष महत्व है ऐसे मे हनुमान जन्मोत्सव का पर्व 12 अप्रैल को मनाया जाएगा। कई लोगों का मानना है कि इस दिन सच्ची श्रद्धा के साथ हनुमान जी की पूजा करने से बाधाएं दूर होती हैं और शक्ति और शांति मिलती है। यही कारण है कि उन्हें संकटमोचन के नाम से भी जाना जाता है। हनुमान जयंती पर लोग सुबह जल्दी उठते हैं, स्नान करते हैं और घर या मंदिरों में विशेष पूजा करते हैं। कुछ लोग अनुष्ठान के हिस्से के रूप में सुंदरकांड का पाठ भी आयोजित करते हैं। हनुमान जयंती भगवान हनुमान के जन्म दिवस के रूप में प्रसिद्ध है, हनुमान जी जिन्हें बजरंगबली, पवनसुत, महाबली, और अंजनी कुमार के नाम से भी जाना जाता है, हिन्दू धर्म के सबसे प्रिय और पूज्य देवता हैं। उनका जीवन साहस, भक्ति, और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। हनुमान जी का जन्म अंजनी और केसरी के घर हुआ था,और उन्हें आशीर्वाद प्राप्त था कि वे अमर रहेंगे और संसार के सभी कष्टों को हरने की क्षमता रखेंगे। हनुमान जी की उपासना विशेष रूप से शक्ति,समर्पण और भक्ति के लिए की जाती है। श्रीराम के प्रति उनकी असीम श्रद्धा और निष्ठा को देखकर उन्हें रामदूत कहा जाता है। उन्होंने राम के रघुकुल धर्म के लिए अपनी जीवन की परवाह नहीं की और उन्हें हर कष्ट में सहायता दी।हनुमान जयंती के दिन विशेष रूप से हनुमान जी के मंदिरों में पूजा-अर्चना, भजन कीर्तन और हवन किए जाते हैं। इस दिन भक्त हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं, जो उनके प्रति आस्था और भक्ति को प्रकट करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस दिन हनुमान जी की पूजा से जीवन में सुख-शांति, बल, बुद्धि, और समृद्धि की प्राप्ति होती है,ऐसा विश्वास है। विशेष रूप से युवा पीढ़ी में हनुमान जी की उपासना बहुत लोकप्रिय है, क्योंकि वे शक्ति, साहस और समर्पण के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि कठिनाइयों और बाधाओं के बावजूद अगर हम भगवान के प्रति सच्ची भक्ति और समर्पण रखते हैं, तो कोई भी समस्या हमारे रास्ते की रुकावट नहीं बन सकती।

## चलते चलते एक नजर

### 262 ग्राम चिट्टे की खेप के मामले में दूसरा आरोपित भी धरा

**धर्मशाला :** पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के खिलाफ चलाये गये अभियान के तहत बीते वर्ष 27 अक्टूबर को पुलिस थाना डमटाल के अन्तर्गत पकड़ी गई चिट्टे की बड़ी खेप के मामले में पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह कामयाबी उस समय मिली जब उक्त आरोपित धर्मशाला आया हुआ था। पुलिस ने उक्त आरोपित को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई की है। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि उक्त आरोपित को पूर्व में पकड़े गए तस्कर से पूछताछ और जांच के बाद करीब छह माह बाद यह गिरफ्तारी संभव हो पाई है। पकड़ा गया आरोपित राजेश कुमार पुत्र लक्ष्मण दास निवासी अर्जुन नगर डाकखाना छ्याटा, तहसील व जिला अमृतसर पंजाब का निवासी है। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष 27 अक्टूबर 2024 को पुलिस थाना डमटाल के तहत इन्दौरा मोड़ एनएच-44 के पास नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही अमल में लाई गई थी। इस दौरान कंवलजीत सिंह पुत्र महिन्द्र सिंह निवासी अर्जुन नगर, डाकखाना छ्याटा, गली नम्बर 3, तहसील व जिला अमृतसर, पंजाब के कब्जे से 262 ग्राम हीरोईन चिट्टा बरामद करने में सफलता प्राप्त की थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में गिरफतार आरोपी से की गई पूछताछ व तथ्यों की जांच द्वारा यह पाया गया कि इस अभियोग में अन्य लोग भी शामिल हैं। जिनकी तलाश जिला पुलिस नूरपुर द्वारा विभिन्न स्थानों पर की जा रही थी। जिला पुलिस नूरपुर द्वारा पेशेवर ढंग से कार्यवाही करते हुए इस मामले में शामिल एक अन्य आरोपी राजेश कुमार पुत्र लक्ष्मण दास निवासी अर्जुन नगर डाकखाना छ्याटा तहसील व जिला अमृतसर को जिला कागड़ा के मुख्यालय धर्मशाला से गिरफतार किया है।

### पैरोल पर आए हत्यारे ने की थी स्नेचिंग, पुलिस ने किया अरेस्ट

**ऊना :** गगरेट पुलिस ने दौलतपुर चौक क्षेत्र में हुए स्नैचिंग के दो मामलों को सुलझाते हुए दो आरोपियों को ढूंढ निकाला है। पंजाब से संबंधित इन आरोपियों में से एक नाबालिग है तो एक आरोपी हत्या के मामले में सजा काट रहा है। इन दिनों वह पेरोल पर घर आया है और यहां आते ही उसने इन घटनाओं को अंजाम दे डाला। पुलिस ने उस लाल रंग की मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है जिसका इस्तेमाल इन वारदातों को अंजाम देने के लिए किया है। नाबालिग आरोपी को उसके परिजनों के हवाले किया है जबकि दूसरे आरोपी को पुलिस न्यायालय में पेश करके पुलिस रिमांड लिया जाएगा। छह मार्च को नगर पंचायत दौलतपुर चौक की विमला देवी अपने घरेलू कार्य से बाजार तक गई थी और जब वापिस आ रही थी तो उसके पास एक लड़का आया और उसने कस्बे का नाम पूछा। जैसे ही वह नाम बताने लगी तो उसने उसके कान में डाली सोने की बालियां झपटी और दूसरी ओर खड़े मोटरसाइकिल जिस पर पहले ही एक लड़का सवार था, बैठकर फरार हो गया। विमला देवी को नान छोले की दुकान करने वाले ने मोटरसाइकिल का नम्बर बताया और बताया कि मोटरसाइकिल लाल रंग का था। इससे कुछ दिन पहले भी स्नैचिंग की एक वारदात को डंगोह खास में अंजाम दिया गया था।

# ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें गंभीर हालत में सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा-रंका मुख्य मार्ग पर पुरनचंद चौक के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के साई मोहल्ला निवासी नागेंद्र प्रसाद सिन्हा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नागेंद्र प्रसाद अपने घर से टंडवा की ओर एक स्कूल में किताबें पहुंचाने मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान पुरनचंद चौक के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें गंभीर हालत में सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर टीम दौलत के सदस्य सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। बताया गया कि नागेंद्र प्रसाद सिन्हा, टीम दौलत के अहम सदस्य विवेक सिन्हा के पिता थे। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक और चालक को कब्जे में लेकर थाना ले आई है। वहीं दूसरी ओर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे मोहल्ले में शोक का माहौल है।

## जन्मदिन पर समाजसेवी ने किया मरीजों के बीच फल वितरित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** युवा समाजसेवी सूर्य प्रकाश सिंह ने बुधवार को सदर अस्पताल गढ़वा में मरीजों के बीच फल का वितरण कर अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया की किसी भी विशेष अवसर पर गरीब मरीजों के लिए युवा साथी आगे आए। ऐसे सहयोग से गरीब मरीजों को बहुत राहत मिलेगी। नर सेवा ही नारायण सेवा है। यदि हम गरीब असहाय की मदद करते है तो ईश्वर हमारी मदद करेंगे। पिछले दो वर्षो से अपने जन्मदिन पर मरीजों के बीच फल वितरण करके जन्मदिन मनाते आए है जिससे उन्हें आत्मसंतुष्टि और अपार सुख मिलता है। इस मौके पर मनोज शुक्ला, प्रियांशु तिवारी, उत्सव पांडेय, रंजीत केशरी, आशीष चौहान, प्रियांशु सिंह, सूरज सिंह आदि मौजूद थे।

## उर्दू विषय के शिक्षकों के पद सृजित करने पर हेमंत सोरेन को बधाई : वारिस कुरैशी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के सदस्य वारिस कुरैशी ने कहा कि कल की कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले कैबिनेट के द्वारा लिया गया, जिसमें +2 स्कूलों के उर्दू विषय के 92 पद सृजित किया, इसके लिए महागठबंधन की हेमन सोरेन सरकार को बधाई देता हूं।हाई स्कूलों में खाली पड़े 9470 में 8650 पद और प्लस +2 स्कूल के 797 में 250 पद को खत्म करने की स्वीकृति दी गई साथ ही 510 सरकारी +2 स्कूलों में माध्यमिक सहायक आचार्य के पद की मंजूरी दी गई, जिसमें सभी विषयों के शिक्षकों का पद सृजित किया गया। इसमें 92 पद +2 उर्दू विषय के लिए सृजित किया गया है।ज्ञात हो कि 2000 में जब झारखंड बिहार से अलग हुआ, उस समय की बीजेपी की सरकार थी और तात्कालिक मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मरांडी ने माध्यमिक स्तर एवं +2 स्कूलों में उर्दू विषय के पद को हटा दिया था। इससे उर्दू पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, माध्यमिक और +2 में उर्दू को पुनः बहाल कराने के लिए बहुत लड़ाइयां लड़ी गई,ज्ञापन दिया गया, धरना प्रदर्शन करने के साथ-साथ मंत्रियों और संबंधित विभाग के पदाधिकारीयों के डेलिगेशन मिलता रहा। लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी थी। उन्होंने कहा कि झारखंड में महागठबंधन की हेमन सोरेन की सरकार को +2 के 92 उर्दू विषय का पद सृजित करने के लिए बधाई देता हूं साथ ही शुक्रिया भी अदा करता हूं क्योंकि जब से झारखंड बिहार से अलग हुआ है तब से इस राज्य में उर्दू विषय के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा था, इस सरकार ने +2 में उर्दू का पद सृजित करके उर्दू मातृभाषा वालों के साथ इंसाफ किया है और उर्दू को फलने फूलने का मौका दिया है।

## इंदौर के ट्रैफिक थाने के कबाड़ में लगी आग कार, ऑटो रिक्शा और बाइक जलकर खाक

एजेंसी



**इंदौर :** इंदौर के पश्चिम इलाके के ट्रैफिक थाने में बुधवार दोपहर को आग लग गई। आग से थाना परिसर के कबाड़ में खड़ी हुई कई गाड़ियां जलकर खाक हो गई। आग के चलते आसपास के इलाके में काफी धुआं फैल गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार पश्चिम इलाके के ट्रैफिक थाने मेंबुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे शार्ट-सर्किट के चलते सूखे पेड़ में आग लग गई थी। आग बढ़ते-बढ़ते वहां खड़े जब्ती के वाहनों तक पहुंच गई। कुछ देर में आग ने भयावह रूप ले लिया। आग से कबाड़ में खड़ी कार, ऑटो रिक्शा और बाइक जल गई। सूचना के बाद यहां जीएनटी मार्केट से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे की कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया। आग लगने के चलते कितना नुकसान हुआ है अभी इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। एसीपी जोन 4 सुप्रिया चौधरी ने बताया कि संभवत आग शार्ट-सर्किट के चलते लगी है। जिसमें ज्यादा सूखे पेड़ और पत्ते जले हैं। वहां कुछ गाड़ियों को भी नुकसान हुआ है। हालांकि फायर बिग्रेड ने आग पर काबू किया है।

# दिल्ली दंगा मामला : कपिल मिश्रा को राहत जांच के आदेश पर कोर्ट ने लगाई रोक

एजेंसी



**नई दिल्ली :** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 के दंगा मामले में दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा को राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट से राहत मिली है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दिल्ली दंगों से जुड़े एक मामले में कपिल मिश्रा के खिलाफ जांच के मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। सेशंस कोर्ट ने मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ कपिल मिश्रा और दिल्ली पुलिस की याचिका पर नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 21 अप्रैल को होगी। मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को कपिल मिश्रा और दिल्ली पुलिस ने चुनौती दी है। राऊज एवेन्यू कोर्ट के मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दिल्ली दंगों में शामिल होने के मामले में कपिल मिश्रा के खिलाफ जांच करने का आदेश दिया था। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने ये आदेश दिया था। इसके पहले कड़कड़डूमा कोर्ट ने भी कपिल मिश्रा के मामले में लापरवाही बरतने पर ज्योति नगर थाने के एसएचओ पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कहा कि कपिल मिश्रा के खिलाफ संज्ञेय आरोप हैं और इसकी जांच होनी चाहिए। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को इस मामले की जांच करने का आदेश दिया। इसके पहले कड़कड़डूमा कोर्ट ने कहा था कि या तो जांच अधिकारी ने कपिल मिश्रा के खिलाफ कोई जांच नहीं की या उसने कपिल मिश्रा के खिलाफ आरोपों को छिपाने की कोशिश की। कोर्ट ने कहा कि आरोपित कपिल मिश्रा सार्वजनिक व्यक्ति है और उनके बारे में ज्यादा जांच की जरूरत है, क्योंकि ऐसे लोग जनता के मत को सीधे-सीधे प्रभावित करते हैं। सार्वजनिक जीवन जीने वाले व्यक्ति को संविधान के दायरे में रहने की उम्मीद की जाती है। कड़कड़डूमा कोर्ट ने कहा था कि जिस तरह के बयान दिए गए हैं, वे सांप्रदायिक सद्भाव पर बुरी तरह असर डालते हैं। ऐसे बयान अलोकतांत्रिक होने के साथ-साथ देश के धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों पर हमला है। ऐसे बयान संविधान के मूल चरित्र का खुला उल्लंघन है। कड़कड़डूमा कोर्ट ने कहा था कि भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए सांप्रदायिक और धार्मिक सद्भाव से जुड़ा हुआ है। ये देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी से भी जुड़ा हुआ है। आरोपित को अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का लाभ उठाने का हक है, वैसे ही उस पर सांप्रदायिक सद्भाव को संरक्षित रखने की भी जिम्मेदारी है।

### सांसद ने जिले में विकास कार्य और संभावनाओं को लेकर उद्योग मंत्री से किया विचार विमर्श

**अररिया :** अररिया सर्किट हाउस में सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने जिले में चल रहे विकास कार्यों और उद्योग की संभावनाओं को लेकर बिहार सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा से विचार विमर्श किया।बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा जिले में चल रहे विकास कार्यों और बीस सूत्री की बैठक में भाग लेने के लिए बुधवार को अररिया पहुंचे।अररिया पहुंचने पर एनडीए के कार्यकर्ताओं ने फूलमाला और बुके प्रदान कर उनका स्वागत किया। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने जिला के किसानों द्वारा बड़े पैमाने पर मक्का उत्पादन होने की जानकारी देते हुए कहा कि मक्का आधारित उद्योग की अपार संभावनाएं हैं।खाद्य प्रसंस्कृत उद्योग के स्थापना से जिले के किसानों को काफी फायदा मिलेगा।

## चिकित्सक दंपति को कमरे में बंद कर लाखों की नगदी व आभूषण चोरी

एजेंसी



**फिरोजाबाद :** थाना शिकोहाबाद क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार की देर रात्रि में चिकित्सक दंपति को कमरे में बंद कर बदमाशों ने लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बुधवार को जानकारी के बाद पीड़ित चिकित्सक ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।शिकोहाबाद नगर के मुहल्ला रामनिवास नगर में डॉक्टर सोनू हिंदुस्तानी पुत्र खजान सिंह किराये के मकान में रहते हैं। वह पास ही सर्विस रोड पर हरेकृष्णा हॉस्पिटल के संचालक हैं। उनकी पत्नी भी चिकित्सक हैं। मंगलवार की देर रात किसी तरह से चोर मकान में घुस आए और दंपति वाले कमरे की बाहर से कुंडी लगा दी। दंपति का आरोप है कि इसके बाद चोरों ने पास वाले कमरे में रखी अलमारी में रखी 5 लाख 20 हजार रुपये की नकदी और लगभग पांच लाख रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। चोर जाते समय मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी उखाड़ कर अपने साथ ले गया। बुधवार को जब दंपति जागे और बाहर आने के लिए गेट खोला तो नहीं खुला। इसके बाद उन्होंने फोन कर अस्पताल में तैनात कर्मचारी को बुलाकर दरवाजा खुलवाया। देखा तो बगल के कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी खुली पड़ी थी। डॉक्टर दंपति ने चेक किया तो उनके होश उड़ गए। अलमारी में रखा कैस और आभूषण गायब थे। पीड़ित चिकित्सक ने घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार पुलिस टीम संग मौके पर पहुंचे और घटना का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी निरीक्षक शिकोहाबाद प्रदीप कुमार का कहना है कि चोरी की तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द ही इस घटना का खुलासा किया जाएगा।

### कोरबा : हाउसिंग बोर्ड कालोनी बालको स्थित अमरदीप ज्वेलर्स को सील किया निगम ने




एजेंसी

**कोरबा :** नगर पालिक निगम कोरबा के बड़े बकायादारों की सम्पत्तियां सील किए जाने की कार्रवाई अब प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी कड़ी में आज नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों के तहत बालको के हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित अमरदीप ज्वेलर्स को निगम द्वारा सील कर दिया गया है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए टास्क फोर्स का गठन किया है, जो बड़े बकायादारों को चिन्हांकित कर नियमों के तहत उनकी सम्पत्तियों को सील करने की लगातार कार्रवाई करेगा। उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम केरबा को सम्पत्तिकर, समेकित कर, भवन, दुकान किराया सहित विभिन्न करों की करोड़ों रूपये की बकाया राशि बकायादारों से प्राप्त करनी है। वर्तमान में 01 लाख रुपये से अधिक की बकाया राशि वाले लगभग 119 बड़े बकायादार तथा 50 हजार रुपये से 01 लाख रुपये के बीच की बकाया राशि के 286 बकायादार हैं, जिन्हें बार-बार नोटिस देने, वारंट जारी किए जाने के बावजूद भी उनके द्वारा करों की बकाया राशि निगम कोष में जमा नहीं कराई जा रही।जिसके परिणाम स्वरूप एक ओर जहॉं बकाया राशि बढ़ती जा रही है, वहीं दूसरी ओर निगम को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है।इससे एक ओर जहॉं नगर विकास के कार्य प्रभावित होते हैं, वहीं दूसरी ओर मूलभूत सुविधाओं की बेहतरी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना बनी रहती है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय द्वारा मंगलवार को ली गई राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में राजस्व निरीक्षकों ने बताया कि इन बड़े बकायादारों के पास बार-बार जाने व बकाया राशि जमा करने का आग्रह किए जाने के बावजूद भी इनके द्वारा बकाया कर राशि जमा नहीं कराई जा रही है।

# रोते-बिलखते और सिसकते पलामू में हरियाली लाने का शिव-शिष्य परिवार ने लिया संकल्प



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पलामू :** एक जमाना था, जब घनघोर जंगलों और ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों के रूप में पलामू की पहचान थी। बाहरी लोग पलामू आने से डरते थे। इसका एक ही कारण था कि यहां जंगलों की बहुतायत थी और एक से बढ़कर एक पहाड़ हुआ करते थे। पूर्व के जबाने में यहां के लोगों को जंगली भी कहा जाता था। लेकिन आज की स्थिति ठीक इसके उलट है। यहां ना तो घनघोर जंगल है, और न ही पहाड़ों का सिलसिला। अब यहां के लोग जंगली नहीं बल्कि शहरी हो गए। पलामू अपनी बदहाली पर रो रहा है, बिलख रहा है और सिसक रहा है। यहां दुखद पहलू यह है कि इस रोते पलामू, बिलखते पलामू और सिसकते पलामू पर किसी की दयादृष्टि नहीं है। अगर थोड़ा सा भी दयादृष्टि होता तो आज पलामू के जंगल समाप्त नहीं होते और पहाड़ों के बढ़ने का सिलसिला नहीं रुकता। आज पलामू का एक भी ऐसा जंगल नहीं है, जहां जाने से लोगों को डर लगता हो। पहले बड़े-बड़े जंगल तो छोड़ दीजिए छोटे-छोटे जंगल में भी जाने से लोग डरते थे। आज के 20-25 वर्ष पूर्व से यहां के जंगलों के काटने का जो सिलसिला शुरू है, वह अनवरत जारी है। पहाड़ों को तोड़-तोड़ कर नष्ट किया जा रहा है। पलामू के कई पहाड़ों का नाम निशान तक मिट गया है। इसका एकमात्र कारण है पलामू में वन माफिया और खनन माफियाओं की दादागिरी। इन खनन माफियाओं का पलामू जिला प्रशासन से लेकर राज्य सरकार तक का वरदहस्त प्राप्त है। यही कारण है कि पलामू के जंगल उजड़ गए और पहाड़ों का अस्तित्व मिटता जा रहा है। पलामू के इन वन और खनन माफियाओं को इस बात का तनिक भी चिंता नहीं है कि पलामू को हरा-भरा कैसे बनाया जाए। ये माफिया पूरी तरह से निशाचर बन बैठे हैं। अभी-अभी पलामू में हरियाली लाने को लेकर शिव शिष्य परिवार ने एक आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है। शिव शिष्य परिवार का यह आंदोलन वाकई में काबिले तारीफ है। इस परिवार ने पलामू के हर घर में एक पौधा लगाने का संकल्प लिया है। यह संकल्प इसलिए भी पूरा होता दिख रहा है कि इस अभियान में अमन सिंह, धनंजय आचार्य और अनिल साहू जैसे शख्सियत कूद गए हैं। अब वह दिन दूर नहीं, जब पलामू में वही हरियाली देखने को मिलेगा, जो हरियाली 25-30 वर्ष पूर्व देखने को मिलता था।

**हर घर एक पौधा लगाएगा शिव शिष्य परिवार : अमन सिंह**

शिव शिष्य परिवार इकाई के राष्ट्रीय संरक्षक अमन सिंह ने कहा कि एक लंबे समय से शिव गुरु से जुड़ने व जोड़ने का अनवरत सिलसिला चल रहा है। इसी आध्यात्मिक यात्रा के क्रम में पर्यावरण असंतुलित होने की अनुभूति को स्वअनुभूत किया गया। फिर शिव शिष्य परिवार ईकाई ने पर्यावरण को संरक्षित करने को ले विचार- विमर्श किया। निर्णय लिया गया कि हर घर एक पौधा लगाने के जन अभियान को शुरू किया जाय।शिव शिष्य परिवार ईकाई ने पुनः आने वाले बरसात के समय लगभग एक लाख पौधा पलामू, गढ़वा, लातेहार व चतरा जिले के विभिन्न प्रखंडों में लगाने का निर्णय लिया है। इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है।

**पर्यावरण संरक्षण के जन अभियान में अपनी भागीदारी करें सुनिश्चित : भाई धनंजय**

शिव शिष्य परिवार इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई धनंजय ने कहा कि शिव व प्रकृति में अनोनाश्रय संबंध है। शिव के बिना प्रकृति अधूरा है। प्रकृति के बिना शिव अधूरे हैं। जो महेश्वर शिव से आत्मिक प्रेम करते हैं, वे निश्चित तौर पर प्रकृति से प्रेम करते होंगे। प्रत्येक मानव मन से आग्रह है कि एक पौधा स्वहित में जरूर लगाएं। साथ ही एक पौधा परहित में लगाएं।

आप जिस भी धर्म को मानते व जिस भी जाति में जीते हैं, ऑक्सीजन सभी के लिए जरूरी है। यह ऑक्सीजन कहां से आएगा। प्रकृति से तो हम बहुत कुछ ले रहे हैं। लेकिन प्रश्न उठता है कि आखिर प्रकृति को हम क्या दे रहे हैं। सभी को पर्यावरण संरक्षण की चाहत रखनी चाहिए। वर्तमान काल खंड में पर्यावरण को संरक्षित करने से बड़ा कोई भी धर्म नहीं है। हम सभी जाति, धर्म, वर्ण व वर्ग से ऊपर उठकर पर्यावरण संरक्षण के जन अभियान में अपनी जन भागीदारी सुनिश्चित करें।

**भगवान शिव व प्रकृति के बिना जीवन की नहीं की जा सकती है कल्पना : अनिल साहू**

शिव शिव परिवार इकाई के प्रदेश संरक्षक अनिल साहू ने कहा कि भगवान शिव व प्रकृति यह दोनों के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। अगर जीना है तो ऑक्सीजन हर हाल में चाहिए। ऑक्सीजन पेड़- पौधों से ही मिलता है। जंगल का घनत्व धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। पेड़ पौधे कम होंगे तो मनुष्य को ऑक्सीजन भी कम मात्रा में मिलेंगे। इससे जीवन पर संकट मंडराने लगेगा। एक न एक दिन सभी को धरती छोड़कर जाना है। सोचना व विचार करना होगा कि हम अपने नौनिहालों के लिए क्या छोड़ कर जाएंगे। इसके लिए आत्ममंथन करना जरूरी है। सभी कोई पर्यावरण के संरक्षण के लिए आगे आएं। साथ ही पौधे लगाने के शिव शिष्य परिवार इकाई की कड़ी में हिस्सेदार बनें।